मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	33.3	27.0
जमशेदपुर	34.7	26.2
डालटनगंज	31.8	24.1

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

टीम ओलंपिक को पीएम... 10

www.lagatar.in रांची, शनिवार 06 जुलाई 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 88 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

सर्राफा

सोना (बिक्री)	68,700
चांदी (किलो)	97,000

ब्रीफ खबरें

सुनक की हार, स्टार्मर ब्रिटेन के नए पीएम

लंदन। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर शुक्रवार को बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं. ब्रिटेन के आम चुनाव में उनकी पार्टी ने जीत हासिल की है. स्टार्मर की लेबर पार्टी ने ब्रिटेन की 650 में से 400 से अधिक सीटें जीत ली हैं. निवर्तमान पीएम ऋषि सुनक ने चुनाव में अपनी कंजरवेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली है. इस चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी को इतिहास की सबसे बुरी चुनावी हार का सामना करना पड़ा है. -पेज 12 भी देखें

संघ के प्रांत प्रचारकों की बैठक 12 से रांची में

नयी दिल्ली। आरएसएस के सभी प्रांत प्रचारकों की वार्षिक बैठक अगले सप्ताह रांची में होगी, जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत भी भाग लेंगे. आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 12 जुलाई से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक में प्रांत प्रचारक मई-जून में हुए संघ के प्रशिक्षण शिविरों की समीक्षा करेंगे. आरएसएस की संरचना के अनुसार उसके देशभर में 46 प्रांत हैं. आंबेकर ने कहा कि प्रांत प्रचारक आने वाले साल के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी बातचीत करेंगे.

लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर भाजपा के झारखंड प्रभारी

नयी दिल्ली। भाजपा ने झारखंड, बिहार, हरियाणा, उत्तराखंड, एमपी और ओडिशा जैसे राज्यों समेत देश भर के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रभारी और सह-प्रभारी घोषित कर दिए हैं. बिहार में विनोद तावड़े प्रभारी होंगे, उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर दीपक प्रकाश रहेंगे. यूपी में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को फिर झारखंड का प्रभारी बनाया गया है. -पेज 11भी देखें

चंद्रबाबू ने वित्त मंत्री से मांगी वित्तीय मदद

नयी दिल्ली। केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की वित्तीय मदद करने का आह्वान किया.

रक्षा उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज हुई

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपए रहा है.

जिस केस में गिरफ्तार किया गया उसमें...

शायद हेमंत मुजरिम नहीं

हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से बाहर आ चुके हैं. तीसरी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ ले चुके हैं. तीन-चार माह बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं. बहुत कम लोग जानते हैं कि हाईकोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय के 55 पनें के जजमेंट हेमंत सोरेन के लिए एक तरह से सर्टिफिकेट है, जिसके मुताबिक जिस केस में उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, उस केस में शायद वह मुजरिम नहीं हैं. जजमेंट में क्या लिखा है, फैजान मुस्तफा ने डिटेल में वीडियो तैयार किया है. पढ़ें, उनका यह विश्लेषण...

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय ने 55 पन्नों का जो जजमेंट दिया है, उस केस में एक सिटिंग चीफ मिनिस्टर हेमंत सोरेन की जांच की गई. उन्हें गिरफ्तार किया गया. हेमंत सोरेन एक युवा ट्राइबल लीडर हैं. अपने बूते चुनाव लड़ा. सरकार बनाई. उन पर आरोप है 8.86 एकड़ जमीन के मामले की कांस्पिरेसी में वह शामिल थे. 26 जून 2023 को इस मामले में सीआर दर्ज किया गया था. ईडी ने हेमंत सोरेन के आवास को जनवरी 2024 में दो बार सर्च किया था. हम जानते हैं जमानत के बारे में डिटेल की जरूरत नहीं है. लेकिन जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय ने बहुत ही रिसर्च कर फैसला सुनाया है. इस जजमेंट में कई जगह ऐसी चीजें आ गई हैं, जो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी मदद कर सकती है.

एक मैच्योर लीगल सिस्टम वही होता है, जहां किसी को कस्टडी में उतनी ही देर रखा जाए, जितनी की जरूरत हो. नागरिक सुरक्षा संहिता जो पहली जुलाई से लागू हुई है, उसकी तारीफ में भी यही कहा जा रहा है कि बेल विल बी द रूल, जेल विल बी द एक्सपेसंस. मतलब, बेल में बहुत ना ही लिबरल होने की जरूरत है, ना ही ज्यादा सख्त. कई मामले ऐसे रहे हैं, जिनमें जज बहुत सख्त रहे हैं, बेल देने में.

हेमंत सोरेन का मामला 8.86 एकड़ जमीन का मामला है. आरोप है कि उन्होंने सरकारी दस्तावेज व रेवन्यू रिकॉर्ड में टेंपरिंग की है. वह रिकॉर्ड जो हेमंत सोरेन के पजेशन में नहीं थे. वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मीनाक्षी अरोड़ा ने अच्छी जिरह की. बड़ी अजीब बात है कि किसी डॉक्यूमेंट में, कहीं पर भी, किसी से भी मिला है, उसमें हेमंत सोरेन या उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं है. ऑर्डर को पढ़ने से यह अंदाजा लगता है कि जितनी सख्ती कुछ जजेज पीएमएलए में बेल देने में कर रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट्स में वो सख्ती नहीं

जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय ने आदेश में लिखा-हम जानते हैं कि जमानत के बारे में डिटेल की जरूरत नहीं है...

है. मदन लाल का जजमेंट, तरुण कुमार का जजमेंट, रंजीत सिंह का जजमेंट समेत बहुत सारे जजमेंट का उल्लेख किया है जस्टिस मुखोपाध्याय ने. क्योंकि आपको पता है कि सेक्शन 45 के मामले में एक ट्वीन टेस्ट है, जिसे सैटिस्फाई करना है. टेस्ट है कि क्या रीजनेवल ग्राउंड्स हैं, जज को यह विश्वास करने की, कि अभियुक्त दोषी नहीं है. मुजरिम पर जुर्म साबित नहीं होगा. क्या ऐसी रिजनेबल ग्राउंड्स हैं.

दूसरा, थोड़ा आसान मामला है कि क्या बेल के दौरान आरोपी कोई और जुर्म करेगा ? इसमें भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई और जुर्म का मतलब, कोई भी जुर्म नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट ऑफ मध्य प्रदेश के केस में नरेंद्र लाल के मामले में कहा कि क्या कोई भी जुर्म का मतलब कोई माईनर क्राईम भी, कोई मेजर क्राईम भी. कोर्ट ने उदाहरण दिया कि क्या कोई रेस ड्राइविंग की संभावना भी बेल से इंकार करने में इस्तेमाल होगी. कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है सेक्शन 45 में जो रिस्ट्रिक्शन कोर्ट की पावर पर लगायी गई है.. दे आर नॉट टू बी पुस टू फार.. मुझे लगता है कि कई जजेज, जिनके सामने बेल के मामलात आये हैं, उन्होंने इस रिस्ट्रिक्शन को बहुत की सख्त माना है और बहुत स्ट्रिक्टली लिया है. कोर्ट ने कहा है कि किसी भी जुर्म का मतलब होना चाहिए, कोई सिमिलर अपराध. कोर्ट ने आगे कहा है कि जज के मन में आना चाहिए कि जो अभियुक्त सामने खड़ा है, उसका माइंड एगफोल्ड था. आपको पता है कि क्रिमिनल लॉ के दो एलिमेंट हैं किसी क्राइम के. अगर मैंने एक मोबाइल चोरी की, उठाकर जेब में रख लिया, यह फिजिकल एक्ट ऑफ क्राइम

बड़ी अजीब बात है कि किसी डॉक्यूमेंट में, कहीं पर भी हेमंत सोरेन या उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं है

है, सिर्फ इतने से चोरी नहीं होती. चोरी होने के लिए गिल्टी माइंड होना चाहिए. यानी बेईमानी के इरादे से किया गया. इसलिए कोर्ट ने यह भी कहा कि फाइंडिंग ऑफ नॉट गिल्टी है, तो क्या यह ट्रायल हो रहा है. आपको पता है कि अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत की एक लेडी जज ने बेल दे दी थी. हाईकोर्ट ने उसे स्टे किया और हाईकोर्ट ने उसके जजमेंट के उस सेंटेंस (जिनमें हजारो दस्तावेज हैं) जिसमें जाने की जरूरत नहीं है को आधार बनाया. जस्टिस मुखोपाध्याय ने अपने आदेश में यही कहा है, बेल का मतलब ट्रायल नहीं हो रहा है. सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि यहां जो उद्देश्य है कि वह गिल्टी नहीं है. वह सिर्फ एक ऑब्जेक्टिव स्टडी कर ले, जिस जज के सामने बहस हो रही है, उसे लगे कि दोषी है या नहीं. ब्रॉड प्रोबेबिलिटीज क्या है. दोषी है या नहीं. अगर लगता है कि ब्रॉड प्रोबेबिलिटी दोषी पाए जाने की नहीं हो, तो सेक्शन 45 की कंडीशन पूरी हो गयी. जमानत दी जा सकती है.

जस्टिस मुखोपाध्याय ने कल्याण चंद्र सरकार का जजमेंट भी कोट किया है. जो साक्ष्य हेमंत सोरेन के खिलाफ है, वह सीधे-

हाईकोर्ट के इस आदेश से अरविंद केजरीवाल के लिए भी राहें खुल सकती हैं. वह इसे नजीर बना सकते हैं...

सीधे उन पर नहीं है. जमीन के पास जाते हैं, तो कोई बूढ़ी औरत कह देती है कि यह हेमंत सोरेन की जमीन है. कोई और आदमी यह कह देता है कि मंत्री जी इसके मालिक हैं. जो साक्ष्य है हेमंत सोरेन के खिलाफ, उसमें कहा जा रहा है वह आदमी जो इस मामले का किंगपिन, मुख्य अभियुक्त भानू प्रताप प्रसाद, जो कि एक सरकारी अफसर है रेवन्यू का, कि वह इस काम को करता रहा है. उसने किसी मनोज सीओ के कहने पर वेरिफिकेशन किया, जिसमें यह आ गया कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है. भानू के मोबाइल से जमीन की तस्वीर मिली है, यह साक्ष्य है. एक और कैरेक्टर है, विनोद सिंह. हेमंत सोरेन की उससे कुछ वाट्सएप चैट हुई है. उसमें किसी बैंक्वेट हॉल की बात है. और ईडी ने कंनक्लूड किया कि उस जमीन पर उतने बड़े बैंक्वेट हॉल की जो जगह है, वह वही जमीन है. इसलिए हेमंत सोरेन इसमें शामिल हैं. कोर्ट ने माना है कि इस मामले में हेमंत सोरेन की जो रिप्लाई है, वह उतनी कंविंशिंग नहीं है.

सरकमटांशियल एविडेंस. सुप्रीम कोर्ट कल्याण चंद्रा सरकार केस में कह चुका है, कोई आरोप है किसी के खिलाफ, यह काफी नहीं है, किसी को जेल में रखने के लिए. बेल के वक्त डिटेल एग्जामिनेशन ऑफ एविडेंस जरूरी नहीं है. इस आदेश के पारा 16 में सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया कि सरकमटांशियल एविडेंस के बेसिस पर अगर मामला है, जज ने जब हेमंत सोरेन मामले में इसे देखा तो पाया कि बहुत से रजिस्टर देखे गए, जो रिकॉर्ड है, जो भानू प्रताप प्रसाद के पास से मिले हैं, उसमें हेमंत सोरेन का नाम कहीं नहीं है. उसके परिवार का नाम कहीं नहीं है. रंजीत सिंह केस में ब्रॉड प्रोबेबिलिटी की बात सुप्रीम कोर्ट कर चुका है. और इन सारी बातों को देखते हुए कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन सीएम हैं, उनके घर से क्या मिल रहा है, बीएमडब्यू. 36 लाख रुपये व कुछ कागजात. एक महिला का बयान, एक संतोष मुंडा, जिसने कहा मंत्री जी जमीन के मालिक हैं, एक अमीन है महतो, जो कह रहा है आई केम टू नो कि हेमंत सोरेन की प्रॉपर्टी है. वो भानू प्रसाद, जो इस पूरे केस का किंगपिन है, उसने अपने सबसीक्वेंट स्टेटमेंट में हेमंत सोरेन का नाम नहीं लिया.

केस जिस तरह से बनाया गया, हाईकोर्ट के बेल ऑर्डर को पढ़ कर यह अंदाजा होता है कि आशीष जायसवाल, विष्णु कुमार, भीमा सिंह ने 1985 में इस जमीन को खरीदा था. हेमंत सोरेन पर आरोप है कि वर्ष 2009-10 में उन्होंने जबरदस्ती उन लोगों को जमीन से बेदखल कर दिया और अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने नहीं दिया. कोर्ट ने कहा कि यह कन्विंशिंग बात नहीं है कि कोई केस नहीं करेगा. बेल ऑर्डर में साफ कहा गया है कि ऐसा नहीं है. फिर यह कहा जा रहा है कि इस जमीन का असली मालिक पाहन परिवार है, उनको 19 जनवरी 2024 को एक आदेश के जरिये जमीन रेस्टोर कर दिया गया. ईडी की इस बात को कोर्ट ने नहीं माना कि यह ऑर्डर भी हेमंत सोरेन ने करा दिया. मनीष सिसोदिया के केस में यह बात कहा गया था कि यह स्टेटमेंट कोई ट्रूथ नहीं है. आपको पता है उस केस में स्टेटमेंट कांट्राडिक्टरी है. कोर्ट ने कहा, वह ट्रायल में देखा जाएगा.

मैं यह समझता हूं कि जो बेल का ऑर्डर है, जस्टिस मुखोपाध्याय का, हेमंत सोरेन को बेल देने का, यह बड़ा इंपार्टेंट है. इस आदेश से अरविंद केजरीवाल के लिए भी राहें खुल सकती हैं. क्योंकि इस आदेश में जो कानून डिस्कस किया गया है, सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को कोट करते हैं, वह बहुत ही वेल रिसर्च्ड है. -शेष पेज 11 पर

हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस ने ली शपथ

संवाददाता। रांची

न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ली. एक सादे समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में सारंगी को पद की शपथ दिलाई. समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई जज और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी मौजूद थे. कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा.

न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का पद रिक्त था. केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने तीन जुलाई को सारंगी को चीफ जस्टिस नियुक्त करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी. राज्यपाल राधाकृष्णन ने

विद्युत रंजन सारंगी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते राज्यपाल.

कहा, राज्य को नये चीफ जस्टिस मिल गये हैं. हम न्याय के लिए मिलकर काम करेंगे और सबसे गरीब व्यक्ति तक भी न्याय पहुंचाएंगे. हेमंत सोरेन ने कहा, आखिरकार नए चीफ जस्टिस मिल गये हैं. यह पद महत्वपूर्ण होता है. सुप्रीम कोर्ट ने सात-आठ माह पहले ही चीफ जस्टिस के तौर पर नियुक्ति की घोषणा कर दी थी, लेकिन मुझे नहीं पता कि केंद्र सरकार ने उन्हें यहां भेजने में इतनी देर क्यों की. उनकी नियुक्ति पहले भी की जा सकती थी. ओडिशा के नयागढ़ में 20 जुलाई 1962 को जन्मे सारंगी इससे पहले ओडिशा हाईकोर्ट में जज थे. उनकी शादी निरुपमा सारंगी से हुई और उनकी दो बेटियां हैं. वह दिसंबर 1985 में बार में शामिल हुए और हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस की. संवैधानिक, श्रम राजस्व, सेवा और अन्य क्षेत्रों के केस लड़े. उन्हें 2002 में ओडिशा हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया. इस पदोन्नति के बाद 20 जून 2013 को सारंगी ने ओडिशा के स्थाई न्यायाधीश के रूप में शपथ ली.

जिम्मेदारी

- राजभवन में राज्यपाल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ
- **समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो व कई जज भी हुए शामिल**
- आखिरकार हमें चीफ जस्टिस मिल ही गये : हेमंत सोरेन

अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार: लालू

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने दावा किया है कि केंद्र की मोदी सरकार कमजोर है. अगले महीने गिर सकती है. लालू ने राजद के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह दावा किया. उन्होंने कहा, मोदी सरकार अगस्त में गिर सकती है. इस दौरान लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव मौजूद थे. लालू ने कार्यकर्ताओं से किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा कि हाल के लोस चुनावों में राजद ने अपनी सीटों की संख्या और वोट में सुधार किया है. तेजस्वी यादव के नेतृत्व में हम अब चुनाव लड़ेंगे. अब तेजस्वी कमान संभालेंगे. उन्होंने यह टिप्पणी तब की, जब एनडीए के नेता भाजपा के एक कार्यक्रम में थे, जहां बिहार से नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों को सम्मानित किया जा रहा था.

- अब तेजस्वी संभालेंगे पार्टी की कमान, उन्हीं के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव

राहुल का हाथरस हादसे के पीड़ितों के जख्मों पर मरहम, कहा

प्रशासनिक चूक तो हुई ही है मुआवजा राशि बढ़ाई जाए

हाथरस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात करते राहुल गांधी.

एजेंसी। हाथरस (उप्र)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना के संबंध में शुक्रवार को कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी. साथ ही कहा, वह राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते. गांधी ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से पीड़ितों के लिए बिना देरी के अधिकतम मुआवजा जारी करने का भी आग्रह किया.

पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में गांधी ने कहा, दुख की बात है कि इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी. मैं राजनीतिक नजरिए से बात नहीं करूंगा, लेकिन प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है. गलतियां हुई हैं और उनकी पहचान की जानी चाहिए. राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने (मृतकों) परिजनों के साथ खुद बात की. परिजनों ने कहा, प्रशासन की ओर से चूक हुई है. पुलिस की जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं थी. वे दुखी व सदमे में हैं. मैं स्थिति को समझने की कोशिश कर रहा हूं. हाथरस में पीड़ित परिवारों से मुलाकात से पहले गांधी अलीगढ़ में भी पीड़ित परिवारों से मिले. राहुल के साथ अजय राय, अविनाश पांडे, सुप्रिया श्रीनेत आदि भी मौजूद थे. - नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों की सुनी समस्याएं- पेज 12 पर

पीड़ितों ने क्या कहा

हाथरस के नाई का नगला के हरि मोहन ने कहा राहुल ने हमसे बात की, संवेदनाएं व्यक्त कीं. वे पीड़ितों के लिए मुआवजे की राशि बढ़ाने का प्रयास करेंगे. मोहन ने भगदड़ में अपनी बुआ ओमवती को खो दिया. त्रासदी में अपनी नानी आशा देवी को खोने वाले मृत्युंजय भारती ने कहा, उन्होंने (राहुल गांधी) हमसे बात की और हमारे मुद्दों को समझने की कोशिश की. उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों.

अच्छी खबर | नीट यूजी मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

नीट पीजी एग्जाम का डेट घोषित, 11 अगस्त को दो शिफ्ट में परीक्षा

एजेंसी। नयी दिल्ली

पीजी मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम एनईईटी पीजी 2024 डेट की खबर आ गई है. परीक्षा कराने वाली संस्था एनबीईएमएस यानी नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेस ने नीट पीजी एक्जाम डेट का ऐलान कर दिया है.

एनबीई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नीट पीजी 2024 एग्जाम की नई तारीख 11 अगस्त तय की गई है. ये दिन रविवार है. इस दिन दो शिफ्ट में नीट पीजी का एग्जाम लिया जाएगा. गौरलतब है कि नीट पीजी 2024 परीक्षा पहले 23 जून को होने वाली थी. लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट और यूजीसी नेट पेपर लीक व परीक्षा धांधली के मामले देखते हुए एहतियात के तौर पर इसे स्थगित कर दिया था.

15 अगस्त ही रहेगी कटऑफ एज लिमिट

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी की ऑफिशियल वेबसाइट natboard.edu.in पर इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया है. इसमें 5 प्वाइंट्स में जरूरी जानकारी दी गई है.

1 एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट पीजी 2024 परीक्षा की नई डेट तय की गई है.

2 नीट पीजी एग्जाम 2024 का आयोजन अब 11 अगस्त 2024 को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा.

3 नीट पीजी परीक्षा 24 में उपस्थित होने की पात्रता के उद्देश्य से कटऑफ डेट 15 अगस्त 2024 ही रहेगी.

4 दो पालियों में परीक्षा के आयोजन के बारे में आगे की डिटेल एनबीईएमएस की वेबसाइट

natboard.edu.in पर बाद में अपलोड की जाएगी.

5 किसी भी सवाल/ स्पष्टीकरण या सहायता के लिए कैंडिडेट्स एनबीई की वेबसाइट पर लिख सकते हैं. इसके लिए डायरेक्ट लिंक ये है- नीट पीजी हेल्पलाइन.

नीट पीजी एडमिट कार्ड कब आएगा

परीक्षा की नई तारीख के साथ-साथ अब एनबीई नीट पीजी 2024 एडमिट कार्ड भी दोबारा जारी करेगा. परीक्षा से पहले वाले सप्ताह में नीट पीजी हॉल टिकट 2024 डाउनलोड करने के लिए ऑनलाइन अपलोड कर दिया जाएगा. आप nbe.edu.in 2024 neet pg से अपना नीट पीजी हाल टिकिट डाउनलोड कर पाएंगे.

नीट-यूजी रद्द करना तर्कसंगत नहीं ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनाम दाखिल कर कहा कि विवादों से घिरी नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा और इससे उन लाखों ईमानदार छात्रों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा, जो परीक्षा में शामिल हुए थे. नीट-यूजी उम्मीदवारों, कोचिंग संस्थानों और अभिभावकों द्वारा दायर विभिन्न याचिकाओं के जवाब में दायर अपने हलफनामे में, शिक्षा मंत्रालय ने कहा, सीबीआई को कथित धांधली की व्यापक जांच करने को कहा गया है. इसके साथ ही यह भी दलील दी जाती है कि परीक्षा में गोपनीयता के उल्लंघन के सबूत के अभाव में, पूरी परीक्षा और घोषित परिणामों को रद्द करना उचित नहीं होगा. केंद्र सरकार ने कहा, किसी परीक्षा में, प्रतिस्पर्धी अधिकार होते हैं ताकि ऐसे छात्रों के हितों को नुकसान नहीं हो जो परीक्षा में कोई अनुचित तरीका नहीं अपनाते हैं. परीक्षा को रद्द करने से लाखों छात्रों को नुकसान होगा. सुप्रीम कोर्ट 8 जुलाई को इस मामले में दायर की गई कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा.

राजनीतिक फिजां में चुनावी रंग बिखरना शुरू, सज रहे मैदान

चुनावी मोड में आ रहे झारखंड के राजनीतिक दल, बना रहे रणनीति

संवाददाता। रांची

झारखंड की राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग घुल रहा है. विधानसभा चुनाव को लेकर धीरे-धीरे मैदान सज रहे हैं. सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है. पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज चुनावी हैं. साथ ही जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू है. जेल से निकलने के बाद राज्य में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बन गयी है. हेमंत सोरेन के पास स्पष्ट बहुमत भी है. तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करना है. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नयी सरकार को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया है.

झारखंड विधानसभा में कुल 77 विधायक हैं. पांच विधायक इस बार सदन में नहीं होंगे. चार विधायकों में दो भाजपा और दो झामुमो के विधायक लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंच गये हैं. इसमें भाजपा के मनीष जायसवाल, दुल्लू महतो और झामुमो के नलिन सोरेन व जोबा मांझी हैं. वहीं, झामुमो विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने को बाद इस्तीफा दे दिया था. वर्तमान विधानसभा में बहुमत के लिए 39 विधायकों का संख्या बल चाहिए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है. झारखंड विधानसभा में इंडी गठबंधन के साथ

77 विधायक हैं झारखंड विधानसभा में

47 विधायक हैं. मनोनीत विधायक को भी वोटिंग का अधिकार है. मनोनीत ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन हेमंत सोरेन सरकार का समर्थन करेंगे. वहीं, एनडीए गठबंधन के पास फिलहाल 27 वोट है.

भाजपा विधायक जेपी पटेल भले ही सदन में विरोधी पक्ष में बैठाये जायेंगे लेकिन उनका वोट हेमंत सोरेन के पक्ष में ही होगा. निर्दलीय सरयू राय और अमित मंडल साथ आये, तब भी एनडीए आंकड़ा से काफी दूर है.एनडीए के खाते में 27 विधायक होंगे. सदन में हेमंत सोरेन सरकार को विश्वासमत के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं दिख रही है. झामुमो के खिलाफ लोबिन हेंब्रम ने मोर्चा खोल रखा है. झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम सरकार के खिलाफ वोटिंग कर सकते हैं लेकिन इससे इंडी गठबंधन की सेहत में कोई असर नहीं पड़ने वाला है. वहीं, भाजपा विधायक जेपी पटेल सरकार के साथ आये, तो हिसाब बराबर हो जायेगा. विधायक चमरा लिंडा को लेकर भी असमंजस की स्थिति है. चमरा लिंडा बुधवार को गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं हुए.

दोनों दलों के नेता कमर कसकर मैदान में

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी और एनडीए गठबंधन दोनों दलों के नेताओं ने कमर कसकर मैदान में उतर गए हैं. विधानसभा में रणनीति के तहत ही झामुमो ने आनन-फानन में चंपाई सोरेन से इस्तीफा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ताजपोशी हुई. दूसरी ओर, भाजपा ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन महीने का खाका तैयार किया है. इसमें विस्तारित कार्यसमिति से लेकर घोषणा पत्र व आरोप पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनायी गयी है. कांग्रेस आलाकमान ने भी प्रदेश के आला नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की. इसमें प्रदेश के नेताओं को चुनावी टिप्स दिये गये और ब्लू प्रिंट बनाने को कहा गया है.

माना जा रहा है कि झारखंड में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव होने की अटकलें लग रहीं हैं. वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी तक है. राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि झारखंड में हरियाणा व महाराष्ट्र के साथ अक्टूबर में चुनाव हो जाये. चुनाव आयोग भी अक्टूबर को समय सीमा मानकर तैयारी में जुटा है. वर्ष 2019 में झारखंड में नवंबर-दिसंबर में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई थी. छह नवंबर को पहले फेज के लिए अधिसूचना निकाली गयी थी. वहीं, 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे.

पांच महीने में जो प्यार और सहयोग मिला, उसका ऋण आजीवन लौटा नहीं पाऊंगा

जनता के लिए बहुत कुछ करना शेष है, तेजी से काम शुरू करूंगा : हेमंत

कौशल आनंद। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गत दिवस जब प्रोजेक्ट भवन से वापस लौट रहे थे, तब उन्होंने अपना संदेश राज्यवासियों के लिए अपनी पत्नी कल्पना सोरेन से रिकार्ड कराया. जिसे शुक्रवार को कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल से उसे जारी किया. हेमंत सोरेन की बातों को पढ़ें उनकी जुबानी.

दोस्तों सभी को जोहार, नमस्कार, आदाब, शतश्री अकाल. अंतोगत्वा षड़यंत्र पर विजय पाकर हमलोग पुनः राज्य के विकास का स्टैयरिंग अपने हाथ में लिया है. बहुत सारी सोच है राज्य के प्रति हमारी, यहां के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों, गरीब, किसान, महिलाएं, युवाओं, जल, जंगल और जमीन. साथियों झारखंड देश में अपने आप में एक अलग राज्य है. लोग तो इसे सोने की चिड़िया कहते हैं, मगर दुख होता है कि दो वक्त के रोटी के लिए संघर्ष करते हैं, पलायन करते हैं. इतने सालों तक चाहे किसी की भी सरकार रही हो. मेरी अनुभव में बहुत संवेदनाशिलता जो राज्य के प्रति होनी चाहिए थी, वह नहीं रही. 2019 में आपने हमें राज्य की दिशा देने का जिम्मा दिया. तुरंत कोरोना माहामारी आया. पूरे देश दुनिया लॉक डाऊन के चपेट में आ गया. ऐसे में देश की हालत क्या थी, पता है, हमारे राज्य में क्या स्थिति थी आपको पता है. दवा, चिकित्सा की कमी, सीमित संसाधन में दवा और डॉक्टरों की भारी कमी के बीच काम किया. हमारे दो-दो मंत्री शहीद हो गए. क्योंकि यह इस संकट में भी सड़क पर उतरकर काम करते रहे. इस बीच कई अवरूद्ध हुआ. सरकार गिराना. विधायकों को खरीदना. एक अजीब से राजनीतिक चली. इसका शिकार मैं भी हुआ. इसके कारण मुझे भी पांच महीने जेल में रहना पड़ा. मगर जो ताकत आपने मुझे 2019 में दिया था. मैं सरकार को खरोंच भी नहीं आने दिया. मैं जेल चला गया. आदरणीय चंपाई सोरेन जी को सत्ता सौंप दिया और मैं जेल चला गया. पांच महीने बाद न्यायालय के आदेश के बाद मैं बाहर आया. फिर से मैं राज्य को दिशा देने और जो संकल्प मैने 2019 में लिया था, उसे पूरा करने आया हूं. पांच साल कई चुनौतियों के साथ पार किया. कई जंग लड़े, जंग जीते भी. चाहे वह करोनो हो, राजनीतिक साजिश है, हमारे विपक्ष के द्वारा. इन सबसे लड़ कर सामने आया हूं. बहुत सारी चुनौती इस राज्य में है. बहुत सारी विषयों पर काम करने की जरूरत है. चाहे वह किसानों के लिए हो, चाहे वह नौनौहालों के स्कूलों हो या फिर ग्रामीणों को, हमारे पढ़े लिखे नौजवानों को लेकर हो. चाहे आधारभूत संरचनाओं के लिए. आप देख रहे हैं कि केंद्र सरकार के नीतियों के कारण रोजगार दिन प्रतिदिन घट रहे हैं. छोटे और मंझोले उद्योग बंद हो रहे हैं. देश छोड़कर जा रहे हैं, हमारे यहां के नौजवान भटकने के लिए मजबूर हों.

राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत सारी विषयों पर काम करना होता है. हमारे कार्यकाल में, आपको जरूरी एहसास होगा कि वर्तमान सरकार को सोच और उददेश्य क्या है. किस रास्ते आगे बढ़ेगी. हमारा मूल वादा झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के प्रति है प्राथमिकता इनके प्रति है. हम हर हाल में राज्य के हर लोगों के लिए काम तेजी से करेंगे. आपका हक आपके दरवाजे तक पहुचाएंगे. झारखंड के लोग बहुत सवाभिमानी होत हैं यह राज्य, भूमि वीर-वीरांगानाओं की है. जिसकी मूर्तियां आपको चौक-चौराहों पर देखने को मिलेंगे. पुन : मैं वीरों सपूतों को नमन करते हुए फिर से तैयार हुआ हूं. हमें बहुत बड़े पैमाने पर काम करने की जरूरत है. जो आपके सहयोग और आशीर्वाद की जरूरत है. मेरे जेल में रहते हुए भी जो प्यार और सम्मान दिया है, उसका मैं आभार प्रकट करता हूं.इसका ऋण में चुका नहीं पाऊंगा. मैं अपने कर्त्तव्यों का निर्वाहन करते हुए अपनी जिम्मेवारी निभाऊंगा.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मां बागलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना की

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग (काली स्थान रोड) रांची स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया .मौके पर मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि व उन्नति की कामना की.

अपनी तुलना गुरुजी से होने पर हेमंत ने किया भावुक पोस्ट, कहा

मेरे बाबा मुझसे कहीं अच्छे दिखते हैं, मैं तो बस प्रतिबिंब हूं...

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने नये लुक को लेकर एक भावुक पोस्ट किया है. एक्स पर उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन की तस्वीर भी पोस्ट की है और लिखा है कि लोग कहते हैं मैं अब बाबा के जैसा दिखता हूं, पर मेरे बाबा मुझसे कहीं अच्छे दिखते हैं.उनकी आंखों में वो ज्ञान की चमक,उनके चेहरे पर वो अनुभव की लकीरें,उनकी मुस्कान में वो जीवन का रस,मैं तो बस उनका उभरता प्रतिबिंब हूं. गौरतलब है कि हेमंत सोरेन पांच महीने तक जेल में रहने के दौरान अपनी बाल और दाढ़ी बढ़ा ली. पहली बार उनका यह लूक तब सामने आया था जब वह अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पेरोल पर बाहर आये थे. उस समय ही लोगों ने कहना शुरु कर दिया कि हेमंत बिलकुल शिबू सोरेन की तरह दिख रहे हैं. तब झामुमो ने सारे पोस्टर में हेमंत की यही तस्वीर लगायी थी. लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी इसी तस्वीर का इस्तेमाल किया गया. फिर जब हेमंत अब जमानत पर बाहर आये हैं तो उन्होंने इसी लुक को बरकार रखा है.

लैब टेक्नीशियन, वार्ड ब्वॉय, अटेंडेंट, ऑफिस स्टाफ रखे गए हैं

राज्य भर के जिला अस्पतालों की व्यवस्था सुधरेगी आउटसोर्सकर्मियों के लिए विभाग ने दिए 144 करोड़

संवाददाता। रांची

स्वास्थ्य विभाग राज्य भर के जिला अस्पतालों (सदर अस्पतालों) में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है. मरीजों को पैथोलॉजिकल से लेकर हर तरह की जांच की सुविधा अस्पताल में ही उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने आउटसोर्स स्टाफ रखने को कहा है. अस्पतालों में पहले से भी आउटसोर्स स्टाफ रखे गए हैं, ताकि मरीजों को इलाज व जांच के लिए किसी दूसरी जगह जाने की जरूरत न पड़े. इसके तहत अ ल ग - अ ल ग विभाग के लिए आ उ ट स ोसि ंग कंपनियों के जरिए मैनपावर रखे गए हैं. जहां अतिरिक्त मैनपावर की जरूरत है, वहां नए सिरे से पैनपावर की व्यवस्था करने रका निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने दिया है. अब विभाग ने आउटसोर्स पर काम कर रहे मैनपावर के लिए 144,71,51,000 रुपये आवंटित किये हैं. वहीं जिलों में जरूरत के हिसाब से राशि का आवंटन कर दिया गया है. बता दें कि सदर अस्पतालों के अलावा अन्य जिला अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाई हैं. इसके अंतर्गत लैब टेक्निशियन, वार्ड ब्वॉय, वार्ड अटेंडेंट, डायग्नोस्टिक सेंटर, ऑफिस स्टाफ इसके अंतर्गत आते हैं.

▪ सदर अस्पतालों के अलावा अन्य जिला अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ायी गयी हैं, ताकि लोगों को आसानी से इलाज की सुविधा मिल सके

जिला व अन्य अस्पतालों के लिए राशि आवंटित

बोकारो	5,64,56,000
गिरिडीह	8,86,48,000
हजारीबाग	12,06,60,000
कोडरमा	3,72,83,000
चतरा	5,51,44,000
गढ़वा	4,57,37,000
पलामू	10,77,17,000
रामगढ़	5,48,96,000
देवघर	8,31,04,000
धनबाद	73,65,000
गोड्डा	6,61,90,000
पूर्वी सिंहभूम	6,26,50,000
खूंटी	4,03,87,000
सरायकेला-खरसावां	6,61,94,000
पश्चिमी सिंहभूम	6,48,19,000
पाकुड़	3,73,68,000
जामताड़ा	4,30,66,000
रांची	16,66,35,000
गुमला	80,20,000
लातेहार	5,38,79,000
लोहरदगा	2,61,34,000
सिमडेगा	4,38,12,000
साहिबगंज	3,91,10,000
दुमका	6,62,60,000
आयुष निदेशालय, नामकुम, रांची	7,92,000
राजकीय फार्मेसी संस्थान, बरियातू	25,34,000
इटकी आरोग्यशाला, इटकी, रांची	22,91,000

रांची डिवीजन की कल 10 ट्रेनें रद्द रहेंगी

संवाददाता। रांची

रांची डिवीजन में विकास कार्यों के मद्देनजर 10 ट्रेनों को सात जुलाई के लिए रद्द कर दिया गया है. वहीं कुछ ट्रेनों को शॉर्ट डायवर्टेड किया गया है. रेलवे ने रद्द की गई ट्रेनों की लिस्ट जारी कर दी है.

ये ट्रेनें रद्द : 08641/08642 आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू पैसेंजर, 13303/13304 धनबाद-रांची-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस, 03598/03597 आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू स्पेशल, 08696/08695 रांची-बोकारो स्टील सिटी-रांची पैसेंजर स्पेशल, 13319/13320 दुमका-रांची-दुमका एक्सप्रेस, 13504/13503 हटिया-बर्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस, 18085/18086 खड़गपुर-रांची-खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस, 18036/18035 हटिया-खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस, 18602/18601 हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस, 12365/12366 पटना-रांची-पटना एक्सप्रेस.

ट्रेनों का डायवर्जन

22824 नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस 6 जुलाई 2024 को शुरू होकर बोकारो स्टील सिटी-पुरुलिया-टाटानगर के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी. वहीं, 18310 जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस 5 जुलाई 2024 को शुरू होकर बरकाकाना-मेसरा-टाटीसिलवे-रांची के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी.

राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक लंबोदर महतो

रांची। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की. वहीं विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने भी राजभवन में भेंट कर विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन सौंपा. उन्होंने राज्यपाल से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय अंतर्गत पर्जन्य बीएड कॉलेज से संबंधित मामले पर बातचीत की. राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र खोलने, गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार व पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने की पहल करने का आग्रह किया.

योजना मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू

लाभार्थियों को प्रतिमाह एक हजार रुपये मिलेंगे

संवाददाता। रांची

राज्य में महिला सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है. कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी. इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जाएगा. इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है. आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका के पास पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला राशन कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी होना जरूरी है. उन्हें ही योजना का लाभ मिलेगा.

खास बातें

- विभाग की ओर से जारी कर दी गयी अधिसूचना
- आवेदन के लिए जल्द ही पोर्टल जारी किया जाएगा

इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा. ईपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी. अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा.

महिला विकास विभाग ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार की आवश्यकता को अनिवार्य किया है और बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता से आधार लिंक कराना होगा. हालांकि, जिनका आधार लिंक नहीं है वे भी दिसंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं. सरकार का मानना है हर माह 1000 रुपये की राशि से महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सहित हर छोटी-छोटी जरूरतें पूरी की जा सकेंगी. आवेदन के लिए जल्द ही पोर्टल जारी किया जाएगा.

क्लासिफाइड

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 06 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 88 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते

समस्त झारखण्ड एवं समस्त देशवासियों को

हूल जोहार

सत्यमेव जयते!



प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं।
आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं ,
एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।

श्री हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

ब्रीफ खबरें

जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की शिकायत

धनबाद। उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा. जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधी,पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क, आवास निर्माण, जमीन बंदोबस्ती, रोजगार,रोजगार सेवक के खिलाफ शिकायत, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए. उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है.

ग्रीन हाईवे मिशन के तहत किया पौधरोपण

तोपचांची। तोपचांची प्रखंड में ग्रीन हाईवे मिशन के तहत शुक्रवार को नेशनल हाईवे किनारे अशोका बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट हेड राजीव रंजन की अगुवाई में पौधरोपण किया गया. मौके पर उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं. पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती.

छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

झरिया। झरिया प्रखंड अंतर्गत 21 विद्यालयों के 486 छात्र-छात्राओं के बीच मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत किया गया. इस अवसर पर शुक्रवार को झरिया बीआरसी परिसर में उन्नति का पहिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया. छात्र-छात्राओं को साइकिल झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रतिनिधि केडी पाण्डेय एवं सूरज सिंह के हाथों दिया गया. मंच संचालन फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनोज सिंह और धन्यवाद ज्ञापन बीपीओ सुनील सिंह ने किया. मौके पर केडी पाण्डेय ने कहा कि छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली साइकिल उन्नति की पहिया है, जिसके चलने से शिक्षा विकास की गाथा गढ़ी जायेगी.

इग्नू में 15 जुलाई तक नामांकन व पंजीकरण तिथि

महुदा। इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2024 सत्र के लिए नामांकन एवं पुनःपंजीकरण की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है. इच्छुक छात्र-छात्राएं इग्नू के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन नामांकन एवं पुनःपंजीकरण कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए महुदा महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र से ली जा सकती है. यह जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. गंगेश झा ने दी.

झामुमो जिलाध्यक्ष लखी ने दी सीएम को बधाई

धनबाद। झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नू आलम रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय एवं पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ से औपचारिक मुलाकात किए. मुख्यमंत्री सह झामुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन एवं केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने धनबाद जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव से संगठन को दुरुस्त कर धारदार बनाने को लेकर विशेष दिशा-निर्देश देते हुए सख्ती से संगठन विस्तार का आदेश दिया.

कोलियरी कर्मियों से मारपीट पर दूसरे दिन भर ठप रही बिजली-पानी आपूर्ति

संवाददाता । झरिया

शिमलाबहाल कोलियरी में ओवरमैन व कर्मियों के साथ मारपीट के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को भी कर्मियों ने कार्य को बहिष्कार किया है. मजदूरों द्वारा कार्य का बहिष्कार करने से बीसीसीएल का काम प्रभावित हो रहा है. शुक्रवार को एक भी कर्मी शिमलाबहाल फोर पिट में ड्यूटी करने नहीं पहुंचे. इधर ओवरमैन सीयाराम पासवान की शिकायत के बाद प्रबंधक आरकेपी प्रसाद ने कर्मियों के साथ मारपीट होने के बाद इसकी सूचना बोर्रागढ़ ओपी में की है. मजदूरों ने दूसरे दिन भी न्यू पीट में मारपीट करने वाले भाजपा नेता श्रवण राम व अन्य लोगों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया. नेतृत्व कर रहे जश्रसं नेता रघूनंदन सिंह ने कहा कि शिमलाबहाल फोर पिट में आए दिन ग्रामीण मजदूरों के साथ मारपीट कर रहे हैं. गुरुवार को ओवरमैन व कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करे. प्रबंधन यहां ड्यूटी कर रहे कर्मियों का सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करे अन्यथा वहां पर ड्यूटी का बहिष्कार जारी रहेगा. इधर भाजपा नेता श्रवण राम का कहना है कि हम ग्रामीणों के हक की लड़ाई लड़ते हैं. उनके मौलिक अधिकार पानी बिजली को लेकर समझौता नहीं करेंगे. हम ग्रामीणों के साथ पानी बिजली की मांग करने पिट पर गए थे. कुछ लोग राजनीति षडयंत्र के तहत मुझे बदनाम कर रहे हैं. इस मामले की जानकारी सांसद ढुल्लू महतो और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह को दी है. उनके निर्देश पर ही कोई कदम उठाएंगे. न्यू पिट में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करने वालों में संतोष सिंह, भुवनेश्वर जयसवाल, तारापदो बाउरी, मो.नसीम, दशरथ ठाकुर, हरिशंकर, शारदा देवी, सावित्री देवी व निर्मला देवी सहित अन्य कर्मी थे. वहीं शिमलाबहाल कोलियरी के कर्मियों द्वारा कार्य का बहिष्कार किए जाने से भालगोरा क्षेत्र के दर्जनों घरों मे बिजली पानी आपूर्ति ठप है. बिजली पानी आपूर्ति ठप रहने से परेशान दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग भालगोरा न्यू पिट पहुंचे.

6510 छात्रों को मिलेगी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

संवाददाता । धनबाद

वित्तीय वर्ष 2023-24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति स्वीकृति के लिए शुक्रवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई. बैठक के दौरान समिति द्वारा कुल 6510 छात्रों को छात्रों को छात्रवृत्ति भुगतान के लिए अनुमोदन किया गया. इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने एक सप्ताह के अंदर छात्रवृत्ति भुगतान करने के लिए प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद को निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त द्वारा बचे हुए शेष विद्यार्थियों का प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से भौतिक सत्यापन कराते हुए छात्रवृत्ति भुगतान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. मौके पर प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, डीआईओ सुनीता तुलस्यान, कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, एलडीएम कार्यालय से पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे.

दर्जनों महिलाएं जदयू में शामिल

कतरास। श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू ने शुक्रवार को सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें बतौर मुख्य अतिति जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए. इस अवसर पर बाघमारा प्रखण्ड के उदलबनी गांव की दर्जनों महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. दीप नारायण सिंह ने सभी महिलाओं को सदस्यता दिलाई.

मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू मजबूत विकल्प के रूप में झारखंड में उभरेगी. इस अवसर पर उर्मिला देवी, काजल देवी, गोपाल चंद्र गोप, इम्तियाज खान, अशोक कुमार दास, सीमा देवी, सरिता देवी, सीता देवी, सपन दुबे, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कांटा पहाड़ी में क्वार्टर ध्वस्त करने पहुंचे बीसीसीएल अधिकारी, लोगों ने काटा बवाल

आक्रोश को देखते हुए बैरंग लौटे कंपनी अधिकारी, ग्रामीणों व सीआईएसएफ में नोकझोंक

संवाददाता । कतरास

कांटा पहाड़ी भूली क्वार्टर असुरक्षित : कोलियरी प्रबंधक

कतरास। बीसीसीएल एरिया चार के उत्खनन परियोजना के अंगारपथरा कांटा पहाड़ी डिपार्टमेंटल पैच के समीप भूली क्वार्टर को ध्वस्त करने पहुंची अधिकारियों की टीम को लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा.आक्रोशित लोगों ने करीब एक घंटे तक जमकर बवाल काटा. लोग अधिकारियों को ललकारने लगे अधिकारी स्थानीय लोगों का आक्रमक रूख देख वहां से मशीन लेकर उल्टे पांव लौटे गए.इस दौरान स्थानीय लोगों व सीआईएसएफ के जवानों के साथ तीखी नोंक झोंक हो गई. झामुमो समर्थकों ने मोर्चा संभाल लिया. लोगों की भीड़ जुटते देख सीआईएसएफ के जवान भी वहां से चलते बने. बताया जाता है कि परियोजना विस्तारीकरण को लेकर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन की टीम सुबह पेलोडर लेकर भूली क्वार्टर के बाकी बचे अन्य आवास को हटाने पहुंचे थी. टीम को देखते ही स्थानीय लोगो ने वहां हंगामा करना शुरू कर दिया. सूचना पाकर सीआईएसएफ क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन लोग किसी भी सूरत में मकानों को ध्वस्त नहीं करने देने पर अड़े रहे. इधर स्थानीय लोगों के साथ दबाव बनाते देख झामुमो के कृष्णा लाला अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गए. जिसे देख अधिकारी वहां से चलते बने.

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले प्रबंधन पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित कराए तभी हमलोग यहां से हटेंगे. वे लोग प्रबंधन पर जबरदस्ती हटाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा रहे थे.वहीं झामुमो के युवा नेता कृष्णा लाला ने कहा कि प्रबंधन वादाखिलाफी करना बंद करें अन्यथा हमलोग कार्यस्थल पर ही धरना पर बैठने को मजबूर हो जायेंगे. मौके पर अरुण कुमार, संतोष राउत, पवन भुइयां, विश्वजीत पासवान, बिक्रम भुइयां, सुशीला देवी, जगीया देवी, रीता देवी, शोभा देवी, सोनी देवी, अनीता देवी आदि शामिल थी.

कांटा पहाड़ी भूली क्वार्टर असुरक्षित क्षेत्र में है. बगल में उत्खनन परियोजना चल रहा है. वहां से सभी को हटाकर दूसरे जगह शिफ्ट किया जा चुका है. कभी भी दुर्घटना हो सकती है. पुनर्वास के लिए जगह दिया जा चुका है पर लोग यहां से दूसरी जगह जाना नहीं चाह रहे हैं.

अबुआ आवास योजना की दूसरी किस्त का जल्द करें भुगतान : डीसी

उपायुक्त की जिले के बीडीओ के साथ समीक्षात्मक बैठक

संवाददाता । धनबाद

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ अबुआ आवास की प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई. बैठक के दौरान डीसी ने दूसरी किस्त जारी करने, जियो टैग करने, पहली किस्त के लंबित मामले, भुगतान से संबंधित बैंक एवं आधार की समस्याएं, दस्तावेज अपलोड करने, ग्राम सभा कर जाति प्रमाण के सत्यापन समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को यह निर्देशित किया की अबुआ आवास योजना की लाभुकों को दूसरी किस्त शत प्रतिशत जल्द से जल्द भुगतान करें. साथ ही जियो टैग में जिस भी प्रखंड का कार्य लंबित है, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करे. इसके अलावा उन्होंने दस्तावेज अपलोड में आ रही समस्याओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की. जिसमें बीडीओ द्वारा बताया गया कि जाति प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण समस्याएं आ रही है. समस्या के निष्पादन के लिए उपायुक्त ने कहा कि जिस भी लाभुक का जाति प्रमाण पत्र नहीं है. वैसे लाभुकों के लिए ग्राम सभा का आयोजन कर उनकी जाति का सत्यापन कर कार्य को प्रगति में लाएं. बैठक में उपविकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन समेत सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे.

आजसू पार्टी का | प्रखण्ड कार्यालय में हल्ला बोल

प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के बोलबाला का लगाया आरोप

खास बातें

- 11 सूत्री मांगों को लेकर अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता । बाघमारा

आजसू पार्टी ने राज्य सरकार के कुशासन के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन के तहत शुक्रवार को बाघमारा प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी ने किया. इससे पूर्व इन्दिरा चौक से प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार तक कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला. अपने-अपने हाथों में झंडा व बैनर थामे कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इस दौरान पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने 11 सूत्री मांगों को लेकर अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद को ज्ञापन सौंपा. हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू के जिला सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार ने हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और बेरोजगार युवाओं को हर महीने पांच हजार से सात हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, जिसे पूरा नहीं किया गया. वादा पूरा नहीं कर हेमंत सरकार ने वादाखिलाफी की है. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है. सरकारी कार्यालयों में गरीबों का काम नहीं हो रहा है. जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री बदलो कार्यक्रम चला रही है.आजसू नेता अमरदीप महतो ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं में गडबड़ी हो रही है. योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है जिनकी पहुंच अधिकारियों तक है. समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं नहीं पहुंच रही है. प्रखण्ड कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है. इस कार्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त किया जाना चाहिए नहीं तो कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी. मौके पर रमाशंकर तिवारी, अमरदीप महतो, गौतम गोप, सतीश महतो, गौतम महतो, उत्तम बाऊरी, रोहित सिंह, सहदेव कर्मकार, सतीश महतो, गौतम गोप, विकास सरकार, प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, मुखिया कुन्दन रजक, अरुण महतो, उत्तम बाउरी, रोहित सिंह,कार्तिक महतो समेत पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

धनबाद पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग

धनबाद। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की धनबाद शाखा ने धनबाद पब्लिक स्कूल के 9वीं ,10वीं और 11वीं के छात्रों के लिए मेगा कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया. इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धनबाद के सीए सनी कटेसरिया, अतिथि सीए पराधी गर्ग, शाखा अध्यक्ष सीए राहुल सुरेका ने बच्चों को बताया कि सीए की पढ़ाई में कुल कितना खर्च लगता है. कितने पड़ाव है, इस कोर्स में सीए के बाद क्या स्कोप है. सीए कोर्स में एक जुलाई को जो भी बदलाव आये है. उनके बारे में भी बताया गया और ये भी बताया गया कि पूरे कोर्स की लागत Rs.77 हजार रुपये है. इस कोर्स में किसी भी प्रैक्टिसिंग सीए के साथ काम करना अनिवार्य है. उस दौरान पूरे 3 साल में न्यूनतम नब्बे हजार स्टाइपेंड मिलेगा. सीए बनने का बाद औसत प्लेसमेंट पैकेज 8 लाख है. अब सीए फाउंडेशन और इंटर परीक्षा साल में 3 बार जनवरी, मई और सितंबर में आयोजित की जाएगी. उन्होंने यह भी बताया कि इस कोर्स से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करनी हो तो आईसीएआई की धनबाद शाखा से प्राप्त कर सकते है.

डीएसई के निर्देश पर वरीय बुनियादी विद्यालय के भवनों की जांच

खास बातें

- जर्जर हो चुका है भवन
- 3 जुलाई को गिरी थी एसबेस्टेस की छत

संवाददाता । मैथन

बुनियादी विद्यालय मैथन का जर्जर हो चुके भवनों का मरम्मत या फिर नया निर्माण कराना जरूरी है. इसकी पहल भी शुरू हो गयी है. डीएसई भूतनाथ रजवार के निर्देश पर बीईईओ सपन कुमार मंडल के नेतृत्व में गठित एक टीम ने जर्जर भवनों की जांच की. इस दौरान टीम ने जर्जर हो चुके कमरों मापी की गई और तकनीकी रूप से अवलोकन किया. बीईईओ सपन कुमार मंडल ने बताया कि मापी की गई जर्जर भवनों का एस्टीमेट बनाकर मरमम्त के लिए डीएसई को को भेजा जाएगा. बता दें कि 3 जुलाई को कक्षा आठ के एस्बेस्टस का छत गिर पड़ा था और कक्षा में पढ़ाई कर रही 38 छात्राएं बाल-बाल बच गई थी. आठ महीने पहले शुभम संदेश एवं लगातार पोर्टल ने न्यूज छापकर आगाह किया था कि कभी भी विद्यालय का भवन ढह सकता है. बावजूद इसके विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. जर्जर हो चुके भवन में ही विद्यालय का संचालन किया जा रहा था. जांच टीम में कनीय अभियंता कृष्णा मधुकर, बीआरपी रहमान अंसारी, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, प्रभारी प्राधानाध्यापक उत्तम कुमार घांटी, शिक्षक अकूल मंडल समेत अन्य शामिल थे.

मुखिया ने किया पुस्तक का वितरण

महुदा। कांड्रा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सीमाटांड़ में शुक्रवार को छात्र छात्राओं के बीच पुस्तक व शिक्षण सामग्रियों का वितरण वर्तमान मुखिया रिंकु देवी एवं पुर्व मुखिया धनेश्वर महतो ने किया.

मौके पर रिंकु देवी ने कहा कि विद्यालय बच्चों का भविष्य तय करता है. सही तरीके से पढ़ने पर बच्चा देश का महान व्यक्ति बन सकता है. शिक्षकों से कहा कि स्कूली बच्चों को अपने बच्चों की तरह समझें और सही शिक्षा दें. विद्यालय में शौचालय एवं चाहरदीवारी की जरूरत को देखते हुए उसे जल्द पूरा कया जाएगा. उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का कहा.

पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के शिक्षा स्तर को जांचे, जिससे बच्चें पढ़ाई के प्रति जागरूक बना रहे. मौके पर सीआरपी बहादुर महतो, शिक्षक संजय कुमार सुमन, विष्णुदेव मिश्र, विद्यालय प्रबन्ध समिति और माता समिति के सदस्य उपस्थित थे.

पूर्व कार्यकारिणी समिति को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव

रेड क्रॉस सोसायटी धनबाद कार्यकारिणी के चैयरमैन बने कौशलेंद्र कुमार सिंह

खास बातें

- भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, धनबाद शाखा के 10 सदस्यीय समिति का निर्वाचन

संवाददाता । धनबाद

आठ साल बाद उपायुक्त सह अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, धनबाद जिला शाखा के पुनर्गठन के लिए न्यू टाउन हॉल में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया. उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी विश्व स्तरीय समिति है, इसकी अस्मिता को बरकरार रखना हमारी जिम्मेदारी है. इसलिए आवश्यक है कि समिति के लक्ष्य एवं उद्देश्य के अनुरूप सभी सदस्य कार्य करें. कार्यकारिणी समिति के पुनर्गठन नहीं होने के कारण काफी समय से इस समिति द्वारा वेलफेयर गतिविधियां नहीं हो पा रही थी. उन्होंने कहा कि इस कार्यकारिणी समिति को भंग करते हुए नई समिति की गठन के लिए चुनाव कराया जा रहा है. भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, धनबाद जिला शाखा के चुनाव में कुल 141 मतदाताओं ने अपने-अपने मत का प्रयोग किया. चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर वोटों की गिनती की गई. वोटों की गिनती में 10 सदस्य कार्यकारी समिति का चयन किया गया. इसके पश्चात 10 सदस्य कार्यकारिणी समिति द्वारा चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन का भी चुनाव किया गया. चुने गए 10 सदस्यों में कौशलेन्द्र कु० सिंह,धनेश्वर महतो,दिलीप कुमार सिंह, कुमार मधुरेन्द्र सिंह, बेनजीर परवीन, श्वेताम्बरा पाठक, देवेन्द्र कुमार, आशीष अग्रवाल, डॉ जिम्मी अभिषक, अनिल कुमार भगत शामिल हैं.चेयरमैन के लिए कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं वाइस चेयरमैन के लिए धनेश्वर महतो को चुना गया.

7 जुलाई को बिरसा फोर्स की जनसभा, निकलेगी बाइक रैली

संवाददाता । तोपचांची

तोपचांची प्रखंड के हटिया मैदान में 7 जुलाई को बिरसा फोर्स जनसभा आयोजित करेगा. यह जानकारी तोपचांची प्रखंड के लेदाटांड़ में शुक्रवार को हुई प्रेस कांफ्रेंस में बिरसा फोर्स के प्रखंड अध्यक्ष जानी बाबू अंसारी ने दी. कहा कि जनसभा के लिए तोपचांची प्रखंड के विभिन्न हिस्सों से बाइक रैली निकाली जाएगी तथा टुंडी विधानसभा को लेकर हुंकार भरी जाएगी. उन्होंने टुंडी विधानसभा से अजमुल भाई के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा की. झामुमो अगर अजमुल भाई को टिकट देगी तो वे झामुमो की टिकट पर चुनाव लड़ेंगे. वहीं झामुमो से टिकट नहीं मिलने पर अन्य पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ेंगे.

रथ यात्रा को लेकर थाने में बैठक

संवाददाता । मैथन

7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निरसा थाना में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी मंजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी लोग के सहयोग से शांतिपूर्वक रथ यात्रा निकाली जाएगी. बैठक के दौरान जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों में बताया कि 7 जुलाई को साढे. तीन बजे से गोपालगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अलग-अलग रथों में विराजमान होंगे.वहां से निरसा चौक, सिनेमा मोड़ होते हुए रथ यात्रा भालजोरिया मासी बाड़ी पहुंचेगी. रथ यात्रा में मंदिर कमेटी के महिला एवं पुरुष स्वयंसेवकों के अलावे अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौजूद रहेंगे. रथ यात्रा के साथ पुलिस भी मौजूद रहेगी. बैठक में जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के सचिव मनजीत सिंह, वैज्ञानिक एसएन सिंह, प्रबोध चंद्रा, मधुसूदन गोराई, नदिया नंदन दास, सुभाष मंडल इत्यादि मौजूद थे.

इंटक नेता पीएन तिवारी सीटू में शामिल

खास बातें

- मजदूरों के हित में संघर्ष जारी रखने का आह्वान
- हलधर महतो एवं मानस चटर्जी ने किया स्वागत

संवाददाता । महुदा

पश्चिमी झरिया क्षेत्र महुदा ग्रुप के 20/21 पीट मुरलीडीह में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) ने मिलन समारोह का आयोजन किया. समारोह में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) पश्चिमी झरिया क्षेत्र के अध्यक्ष सह महुदा ग्रुप के सचिव पीएन तिवारी अपने समर्थकों के साथ बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) की सदस्यता ग्रहण की. इस अवसर पर माला पहनाकर उनका स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष हलधर महतो एवं संयुक्त महामंत्री मानस चटर्जी ने किया. मौके पर दोनों नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीयकृत कोयला उद्योग को बचाने के लिए और ठेका मजदूरों के हक और अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे. सीटू ने नये लेबर कोड को निरस्त कर पुराने श्रम कानून को लागू करने समेत अन्य मांगों को लेकर 10 जुलाई को पूरे देश में राष्ट्रीय मांग दिवस का आह्वान किया है, जिसे सफल बनाने की अपील दोनों नेताओं ने की है.

वहीं पीएन तिवारी ने कहा कि सीटू गरीब मजदूरों का संगठन है, जिसमें आस्था रखते हुए मैंने आज सदस्यता ग्रहण की. पीएन तिवारी के साथ कृष्णा रजक, उदय कुमार सिंह, केदार सिंह, प्रकाश दसौंधी, दुखन महतो, धुरंधर राम, विजय हाजरा, शमसुद्दीन अंसारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने इंटक छोड़कर सीटू की सदस्यता ग्रहण की.

समारोह को भगतु प्रसाद महतो, टुपलाल महतो, बिशुन रवानी, सुखलाल महतो, चक्रधर महतो, अरुण महतो, अशोक दसौंधी, नारायण महतो, गुलाम अंसारी, मुकुंद महतो समेत अन्य ने भी सम्बोधित किया. समारोह की अध्यक्षता भक्तु प्रसाद महतो तथा संचालन अशोक दसौंधी ने किया.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in धनबाद, शनिवार 06 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 88 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

ब्रीफ खबरें

ईएसआई निबंधन के लिए लगेगा कैम्प

धनबाद। धनबाद नगर निगम के दैनिक कर्मी एवं स्थाई सफाई कर्मियों का ईएसआई निबंधन के लिए सभी अंचलों में कैम्प लगाया जाएगा. नगर आयुक्त रविराज शर्मा के निर्देश पर सभी अंचलों में लगने वाले कैम्प के लिए अंचल के कंप्यूटर ऑपरेटर सहित मुख्यालय से एक ऑपरेटर भेजे जाएंगे. जिससे सभी सफाई कर्मियों का निबंधन हो जाए. इस क्रम में कतरास अंचल में वार्ड 1 से 8 तक के लिए 8 जुलाई, छाताटांड़ अंचल में वार्ड 9 से 19के लिए 9 जुलाई, धनबाद अंचल में वार्ड 20 से 33 के लिए 10 जुलाई, झरिया अंचल में वार्ड 34 से 45 के लिए 11 जुलाई एवं सिंदरी अंचल में वार्ड 46 से 55 के लिए 12 जुलाई को कैम्प का आयोजन किया जाएगा.

पूर्वी टुंडी में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

धनबाद । पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के कोलकमारडीह में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर नकली विदेशी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है. इनमें दो धनबाद के रहने वाले पुराने शातिर हैं. उत्पाद सहायक आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, इस पर कार्रवाई करते हुए टीम के अमन कुजूर, अमित कुमार, जॉय हेम्ब्रम, श्वेता कुमारी ने छापेमारी की. इस दौरान नागेश्वर उरांव के मकान में विभिन्न ब्रांड के 60 पेटी नकली शराब बरामद की गई. इसके अलावा तैयार किया 500 लीटर शराब और 1610 लीटर स्प्रीट जो 46 जार में थे, भी बरामद किए गए हैं. यहां काफी दिनों से ये कारोबार चल रहा था. धनबाद के रहने वाले सदानंद उर्फ छोटू, कलियासोल के संजय मंडल और तपन मंडल के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है.

10 को होगा डीवीसी मैथन का गेटजाम

मैथन । दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले मैथन डाइक एरिया में शुक्रवार को विस्थापितों की एक बैठक समिति के अध्यक्ष वासूदेव महतो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 10 को डीवीसी प्रबंधन के मनमानी और वादाखिलाफी के खिलाफ प्रशासनिक भवन का गेटजाम करते हुए विक्षोभ प्रदर्शन किया जाएगा. यदि जरूरत पड़ा तो उस दिन से अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल भी शुरू करेंगे. मौके पर समिति के अध्यक्ष वासूदेव महतो ने डीवीसी प्रबंधन पर मनमानी करने एवं विस्थापितों के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 जून को अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया था.

अदालत, जिला समाज कल्याण, बाल कल्याण,डिफेंस काउंसेल का मानवीय चेहरा

8 माह की बच्ची को लेकर भटक रही युवती को अदालत से इंसाफ

संवाददाता। धनबाद

कोयलांचल में शुक्रवार को अदालत से लेकर प्रशासन तक सभी का मानवीय चेहरा सामने देखेन को मिला. गोद में आठ माह की बच्ची को लेकर सड़क पर बेसहारा भटक रही निरसा के कंचनडीह की युवती को इंसाफ मिला. पॉक्सो जज प्रभाकर सिंह की अदालत ने उसके पति को जमानत दी और वह जेल से बाहर आ पाया. आठ माह की बच्ची को बाप का सहारा मिला. पूरे मामले में सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी व अदालत के चीफ़ डिफेंस काउंसेल कुमार विमलेंदु की भूमिका अहम रही. पॉक्सो कोर्ट का भी मानवीय चेहरा सामने आया.

ये मामला 2022 का है, जब निरसा की यह नाबालिग लड़के को पसंद कर घर से उसके साथ चली गई थी. लड़की के पिता ने अपहरण और पॉक्सो के तहत निरसा थाने में एफआइआर कराया था. इधर दोनों पति- पत्नी के रूप में दूसरे प्रदेशों में जाकर रह रही थी. दो साल में नाबालिग अब वयस्क हो गई. वर्तमान में वह उन्नीस वर्ष पार कर चुकी है. इधर निरसा पुलिस ने पॉक्सो के उसी पुराने मामले में युवती के पति को परसों जेल भेज दिया और युवती और उसकी आठ माह की बच्ची को पुलिस ने सीडब्लूसी में प्रस्तुत किया. मायकेवालों ने बेटी के अपहरण का मामला जरूर दर्ज कराया था लेकिन कल उन्होंने बेटी को घर में जगह देने से इंकार किया. चूंकि उक्त युवती नाबालिग नहीं थी, इसलिए उसे सीडब्लूसी ने बालिका गृह में आवासित नहीं कर पाया. सीडब्लूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी ने युवती को वन स्टॉप सेंटर में आश्रय दिलाया. मां-बेटी के लिए भोजन आदि का प्रबंध किया. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने भी सहयोग दिया. सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने इस मामले में लीक से हटकर न्यायाधीश प्रभाकर सिंह से बात की. उक्त बेसहारा महिला का दर्द बयान बताया. चीफ़ डिफेंस काउंसेल कुमार विमलेंदु ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की. जेल में जाकर आरोपी पति से मुलाकात की. उन्होंने सीडब्लूसी अध्यक्ष से भी बात की तथा चंद घंटे में सिंगल बेलर पर उसकी जमानत कराई. तब युवती और उसकी बेटी शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर से विदा की गई. जमानतदार का प्रबंध भी डिफेंस काउंसिल ने ही कराया.

- लड़की के पिता ने अपहरण और पॉक्सो के तहत कराया था एफआइआर

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को ताउम्र कैद

धनबाद : नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने लटानी टुण्डी निवासी संतोष कुम्हार एवं बीरू कुम्हार को ताउम्रकैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. मामले की प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर टुंडी थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 22 सितंबर 23 के दोपहर करीब दो बजे वह अपने छोटी बहन के साथ भूतगढ़िया तालाब के पास जंगल में लकड़ी चुन रही थी. तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दोनों आरोपी आए पीड़िता को जबरन पकड़ लिया और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया. डर के मारे उसकी छोटी बहन भाग गई. दोनों आरोपियों ने धमकी दिया कि अगर किसी को बताया तो जान मार के फेंक देंगे. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 अक्टूबर 23 को दोनो के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. 30 नवंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी .अभियोजन ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था.

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 10 जुलाई को

धनबाद । श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 का आयोजन 3792 पदों के लिए किया जा रहा है. वैसे इच्छुक सभी अभ्यर्थी जो इस रोजगार मेला में शामिल होना चाहते हैं. वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते हैं. दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 10 जुलाई को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न चार बजे तक रहेगी. अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है. रोजगार मेला में 07 हजार महीना से लेकर 52 हजार तक की नौकरी मिलेगी. जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंध होना आवश्यक है.

नीट पेपर लीक में अमित को सीबीआई ने दबोचा

सीबीआई झरिया से गिरफ्तार कर साथ ले गई पटना

संवाददाता। धनबाद

1. कोलकाता में छापेमारी के बाद फरार हो गया अमित, सुराग पाकर पहुंची जांच टीम
2. अमन को रिमांड में लेकर सीबीआई कर रही पूछताछ, कुछ नए नाम के हो सकते हैं खुलासे
3. हजारीबाग से लेकर भुवनेश्वर तक जुड़ रहे अमित के तार, अमन का बताया जा है रिश्तेदार

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने धनबाद में लगातार दूसरी बार दबिश दी है. झरिया से सीबीआई ने अमित उर्फ बंटी को दबोच लिया है. अमित की तलाश में सीबीआई कई दिनों से जुटी थी, कोलकाता से लेकर धनबाद तक छापेमारी की गई. अमित इस खेल में बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है. अमित से पूछताछ जारी है. अमित के लिंक भुवेनश्वर से लेकर हजारीबाग तक जुड़े होने की बात कही जा रही है. बताते चलें कि सीबीआई की टीम ने बुधवार को धनबाद के सरायढेला थाना अंतर्गत बापू नगर स्थित बिंदु अपार्टमेंट में छापेमारी की थी, और पूछताछ के बाद अमन सिंह को गिरफ्तार किया था.

अमन का नाम हज़ारीबाग स्थित निजी स्कूल के प्रिंसिपल और उप-प्रिंसिपल से पूछताछ के दौरान सामने आया था. केंद्रीय एजेंसी ने गोविंदपुर जीटी रोड से कोलकाता निवासी अमित कुमार उर्फ बंटी को भी गिरफ्तार करने की कोशिश की, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर मौके से भाग गया. हालांकि, सीबीआई ने उसकी एसयूवी जब्त कर ली थी.दूसरी टीम ने कोलकाता के न्यू टाउन स्थित उनके ठिकाने पर छापा मारा और ताला तोड़कर उनके फ्लैट की तलाशी ली थी. इधर सीबीआई को अमित के झरिया में होने की खबर मिली, इसके बाद टीम ने उसे झरिया से दबोच लिया और गुरुवार की रात ही यहां से लेकर चली गई. अमन सिंह और अमित दोनों को रिश्तेदार बताया जा रहा है.

इधर अमन को सीबीआई ने 4 दिनों के रिमांड पर लिया है. उसे सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था. जहां कोर्ट ने 4 दिन की सीबीआई को रिमांड दी है. नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई अमित झारखंड का पांचवां आरोपी है.

मानसून को लेकर सजग है बीसीसीएल प्रबंधन

धनबाद। बीसीसीएल में मानसून को लेकर प्रबंधन ने अपनी तकनीकी व्यवस्था दुरुस्त रखी है.इसको लेकर बीसीसीएल प्रबंधन लगातार कोयला फेस के नजदीक हॉल रोड को दुरुस्त करने में लगा है. ताकि कोयला फेस में अगर पानी बढ़ता है तो मोटर पंप द्वारा हॉल रोड से पानी का निकासी में कोई दिक्कत न हो. वैसे बीसीसीएल के सभी 12 एरिया के प्रबंधन द्वारा कोयला फेस में लगे मोटर पंप सहित अन्य तकनीकी मामलों को बेहतर रखने में प्रयास में जुटा है. हालांकि बीसीसीएल के कोयला फेस में अगर बारिश के कारण उत्पादन प्रभावित भी हुआ,तो इससे कंपनी को कोई नुकसान नहीं होगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीएल अपने निर्धारित टारगेट से ज्यादा उत्पादन कर रहा है,चंकि कंपनी के पास वर्तमान में भी पर्याप्त कोयला स्टॉक जमा है. ऐसे में कंपनी प्रबंधन को कोलियरी में सेफ्टी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है.

किन्नरों का अब बनेगा आईडी कार्ड : न्यायाधीश

- कहा-लिंग के आधार पर भिन्नता नहीं की जा सकती
- स्माइल योजना के तहत किन्नरों को मिलेगा लाभ

संवाददाता। धनबाद

वर्तमान समय में किन्नर समुदाय को विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेद-भाव का सामना करना पड़ता है. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 में वर्णित समानता का अधिकार किन्नरों को यह अधिकार प्रदान करता है कि लिंग के आधार पर भिन्नता नहीं की जा सकती. उपरोक्त बातें शुक्रवार को जामाडोबा में किन्नरों को संबोधित करते हुए धनबाद के अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने कही. झालसा के निर्देश पर अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक शैलेंद्र झा किन्नरों के बीच पहुंचे. श्वेता किन्नर ने कहा कि वर्तमान में उनके लिये सार्वजनिक स्थलों पर विश्रामालय एवं शौचालयों का अभाव सबसे बड़ी समस्या है, जो उनके उपहास का कारण भी बन जाता है. शैक्षिक रूप से इन्हें विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में समान अवसर प्राप्त नहीं है, न ही विद्यालयों में महिला-पुरुष शौचालयों की किन्नर शौचालय है और न ही विश्रामालय. चिकित्सकीय सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं. न्यायाधीश ने जल्द ही धनबाद में रह रहे किन्नरों को आईडी कार्ड (टीजे कार्ड) व स्माइल योजना के तहत मिलने वाले लाभ दिलवाने का भरोसा दिलाया. इस मौके पर छम छम किन्नर ,निर्मला किन्नर,श्वेता किन्नर, राखी किन्नर,अरुणा किन्नर, रेखा किन्नर, समेत कुल 68 किन्नर पी एल वी ,राजेश सिंह ,डिपेंडी गुप्ता, मधुकर प्रसाद, महेश्वर प्रसाद, मिथलेश कुमार विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

107 किसानों के बीच मछली जीरा बंटा

संवाददाता। मैथन

डीवीसी मत्स्य पालन केंद्र में शुक्रवार को झारखंड एवं बंगाल के 107 मछुआरों एवं किसानों के बीच 74.9 लाख मछली का जीरा का वितरण किया गया. मछली का जीरा वितरण का शुभारंभ डीवीसी मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे एवं वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजीव श्रीवास्तव ने किसानों को मछली का जीरा देकर किया. मौके पर अधिकारियों ने कहा कि डीवीसी बिजली उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी बढ़-चढ़कर करती है. डीवीसी परियोजना के आसपास गांव के ग्रामीणों को मछली का जीरा देकर रोजगार का सृजन करती है, ताकि ग्रामीण मछली जीरा तालाब में पालन-पोषण कर रोजगार कर सकें और अपने परिवार के लोगों का भरण-पोषण कर सके. अधिकारियों ने कहा कि डीवीसी मछुआरों एवं अन्य लोगों को मछली पालन का प्रशिक्षण भी कराती है, ताकि वे मछली का पालन एवं देखरेख अच्छा से कर सके. कहा कि इसके अलावा डीवीसी सीएसआर के तहत महिलाओं को ब्यूटीशियन कोर्स, सिलाई, कढ़ाई आदि का भी ट्रेनिंग कराती है, ताकि महिलाएं अपने स्वावलंबी बनकर इसका लाभ उठा सके. गर्मी के दिनों में टैंकर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी वितरण करती है. गांव- गांव में कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांच करती है. इतना ही नहीं लोगों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं महिलाओं को बंध्याकरण शिविर लगाकर कराती है. कहा कि मछली जीरा का वितरण आगे भी किया जाऐगा.

युनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन की प्रबंधन से वार्ता

केंदुआ। युनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन की मजदूरों की 15 सूत्री समस्या को लेकर न्यू गोधर कुसुन्डा कोलियरी प्रबन्धन के साथ वार्ता हुई. श्रमिक प्रतिनिधियों ने प्रबन्धन के समक्ष मजदूरों के प्रमोशन, सेवा संचिका बनाने, महिलाओं के लिये कॉमन रूम निर्माण, आवास मरम्मत, बिजली, पानी, आवासीय परिसर नाली की सफाई, रविवारीय कार्य में अनियमितता का मुद्दा उठाया. प्रबन्धन ने कई मुद्दों पर सहमति जताई. वार्ता में प्रबन्धन की ओर से प्रोजेक्ट ऑफिसर अनिल कुमार सिंह, मैनेजर मिंटू कुमार, राजीव रंजन,नीरज कुमार व यूनियन के बीसीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य सह क्षेत्रीय सचिव शिशिर कुमार महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष छोटू राम, एस कुमार, राजकुमार, अनुज पासवान, संजय चौधरी, दुर्गा प्रसाद हजारी एवं अन्य उपस्थित थे.

झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह के साथ बीसीसीएल सीएमडी की वार्ता

खास बातें

- आश्रितों के नियोजन, रेडियोलॉजिस्ट की बहाली व चोरी पर अंकुश लगाने की चर्चा
- सीएमडी ने विधायक को अगले तीन दिनों में कार्रवाई का दिया आश्वासन

संवाददाता। धनबाद

बीसीसीएल मुख्यालय में शुक्रवार को झरिया विधायक सह जनता मजदूर संघ नेता नीरजा पूर्णिमा सिंह ने विभिन्न समस्या को लेकर सीएमडी से वार्ता की. इस दौरान सीएमडी समीरन दत्ता के सामने बरोरा,बस्ताकोला, लोदना,पूर्वी झरिया ,गोविंदपुर अंतर्गत कोल कर्मी के आश्रित के लंबित योजना का निष्पादन का मुख्य मांग रखा गया.बीसीसीएल में रेडियोलॉजिस्ट की बहाली के साथ कोलियरी क्षेत्र में चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर मांग रखी गई. सीएमडी समीरन दत्ता ने विधायक नीरज पूर्णिमा को अगले तीन दिन के अंदर कार्रवाई का भरोसा दिया. मौके पर डी पांडे,मुन्ना सिंह, सुभाष सिंह,भुवनेश्वर सिंह,दिलीप कुमार झा सहित अन्य शामिल थे.

मनरेगा में ब्लैकलिस्टेड एजेंसी को भुगतान

तोपचांचीः शिव शक्ति इंटरप्राइजेज को जीएसटी गबन के मामले में तोपचांची प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बीते 3 जनवरी को ब्लैकलिस्ट कर दिया था. विडंबना की बात यह है कि ब्लैकलिस्ट होने के बाद एजेंसी को वर्तमान समय में मनरेगा योजना में भुगतान किया जा रहा है. तोपचांची प्रखंड के ब्राम्हणडीहा पंचायत के सीधाबाद गांव निवासी मुकेश दास ने ब्लैकलिस्ट एजेंसी को मनरेगा योजना में भुगतान के संबंध में उपविकास आयुक्त धनबाद को लिखित शिकायत दी है. लिखित शिकायत के आधार पर बीपीओ, रोजगार सेवक व कंप्यूटर ऑपरेटर कमीशन खोरी के चक्कर में नियमों को ताक पर रखकर 01 जुलाई को करीब 6 लाख राशि का भुगतान कर दिया गया.

मायूसी मानसून में देरी से किसान परेशान, दूसरे साल भी पड़ी मौसम की मार

झमाझम तो हुई लेकिन किसानों के चेहरे उदास

खास बातें

- जून महीने में आशा के अनुरुप नहीं हुई बारिश
- जुलाई से किसानों को उम्मीद नहीं तो खराब होगी फसल

रनजीत कुमार सिंह । धनबाद

हाल के दिनों में धनबाद कोयलांचल में हुई बारिश ने भले ही आमजनों को गर्मी से राहत दे दी पर यहां के किसानों के चेहरे पर मायूसी कायम है. अगर बारिश का यही हाल रहा तो उनके खेत सूखे ही रह जाएंगे. इससे किसानों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले दिनों में बारिश की कमी की भरपाई हो जाएगी. लेकिन समय पर पानी नहीं मिलने का तो नुकसान किसानों को उठाना ही पड़ेगा. अच्छी बारिश का इंतजार आज भी इन्हें हैं.

रोहिणी नक्षत्र के खत्म होते ही शुरू होती थी खेती : शिबू महतो

इस संबंध में बलियापुर लालाडीह टोला के किसान शिबू महतो ने बताया कि हर वर्ष रोहिणी नक्षत्र के समाप्त होते ही किसान अपने अपने खेतों में लौट जाते थे. विधिवत पूजा अर्चना कर खेती की शुरुआत कर देते थे. इस वर्ष रोहिणी नक्षत्र 27 मई को ही समाप्त हो गया था परंतु मौसम की दगाबाजी के कारण खेत सूखे ही रह गए और एक महीने तक इंतजार करना पड़ा. जो किसान बिछड़ा लगाए हैं, उनका बिछड़ा उस लायक नहीं हुआ कि वह समय पर इसका रोपनी कर सके. उन्होंने कहा हर वर्ष वो आषाढ़ महीने के शुरू होते ही धान की बुआई शुरू कर देते थे. परंतु मौसम की बेरुखी के कारण आषाढ़ माह आधा पार कर चुका है. अब तक न तो बिछड़े पौधे बने हैं और न ही खेत पानी से लबालब हुआ.

20 किलो बिछड़ा हो गया बर्बाद : निमाई गोराई

बलियापुर कुम्हार टोला के किसान निमाई गोराई ने कहा कि सरकार को किसानों की खेती के लिए नहर और कुआं की व्यवस्था करानी चाहिए ताकि समय पर बारिश नहीं होने पर भी अपने खेतों की सिंचाई और बुआई समय पर कर सकें. कहा कि किसानों के पास खेती के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है .खेती नहीं होने से किसान को रोजी-रोटी की समस्या के साथ-साथ लोन चुकाना भी मुश्किल हो जाता है. ऐसे हालात में किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं. मौसम की मार पड़ने के बाद सरकार को चाहिए कि किसानों के प्रति सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनके कर्ज आदि माफ कर देनी चाहिए. निमाई ने कहा कि वह अपने खेत में 75 रुपया किलो के हिसाब से 20 किलो धान का बिछड़ा बोए थे. बारिश नहीं होने के कारण सब बबार्द हो गया. मुखिया द्वारा भी कोई मदद नहीं मिल रहा है.

तो किसानों को सुखाड़ की मार झेलनी पड़ेगी : कृषि विशेषज्ञ

पुराने किसान और कृषि विशेषज्ञों की मानें तो अगर इस वर्ष भी वर्षा सामान्य नहीं रही तो किसानों को सुखाड़ की मार झेलनी पड़ेगी. जिसका असर बाजारों पर भी पड़ेगा महंगाई बढ़ेगी. वहीं पहले से ही गरीबी का दंश झेल रहे किसानों पर आर्थिक बोझ और बढ़ेगा. इनका मानना है कि अगर कोयला खदानों से निकलने वाले पिट वाटर का प्रयोग खनन क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में कृषि के लिए किया जाए तो शायद ऐसी हालत नहीं बनती और कम बारिश की भरपाई इन पिट वाटर से हो जाती.

स्व. राय ने उठाई थी मांग : सुरेंद्र

बलियापुर प्रखंड के पत्रकार सह किसान सुरेंद्र महतो का कहना है कि खेतों तक पिट वाटर पहुंचाने की मांग तीन दशक पहले ही पूर्व सांसद स्व. एके रॉय ने उठायी थी. पर तब इसे राज्य सरकार और बीसीसीएल द्वारा पूरी तरह नजरअंदाज किया गया. उन्होंने कहा कि अब भी अगर राज्य सरकार और बीसीसीएल के आला अधिकारियों द्वारा इसकी ईमानदारी पूर्वक पहल की जाए तो किसानों के चेहरे फिर से खिल सकते हैं और धनबाद जिले में खेती को फिर से बढ़ावा मिल सकता है. हालांकि मौसम विशेषज्ञों द्वारा इस वर्ष सामान्य से ज्यादा वर्षा होने की संभावना पूर्व में ही जता चुके हैं.

नीति आयोग की सलाहकार डॉ. प्रियंका पहुंचीं गोविंदपुर

संवाददाता। गोविंदपुर

खास बातें

- योजनाओं को धरातल पर लाने का दिया निर्देश
- संपूर्णता अभियान की शुरुआत की

भारत सरकार के नीति आयोग की सलाहकार डॉ. प्रियंका सरकार ने शुक्रवार को गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में संपूर्णता अभियान की शुरुआत की. कहा कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक विकास में गोविंदपुर प्रखंड को राष्ट्रीय पैमाने तक ले जाना होगा. सभी सरकारी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें और योजनाओं को धरातल पर लाएं. यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा. डीडीसी सादात अनवर ने कहा कि देश के 500 और झारखंड के 34 आकांक्षी प्रखंडों में गोविंदपुर प्रखंड भी शामिल है. गोविंदपुर बीडीओ जहीर आलम ने कहा कि पिछले वर्ष सितंबर और अक्टूबर में हुए दो चिंतन शिविर के बाद विभिन्न विभागों के कार्यों में प्रगति आई है. स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में कार्य हुए हैं. आने वाले तीन माह में सभी विभागीय कार्यों में और तेजी आएगी.

प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी एवं मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी ने डॉ. प्रियंका सरकार को आश्वासन दिया कि सभी जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग प्रखंड प्रशासन को मिलेगा.

मौके पर जेएसएस वीरेंद्र विश्वकर्मा, एमओआईसी डॉ. विशेश्वर कुमार, सीडीपीओ अल्पना कुमारी, बीईईओ विनोद कुमार पांडेय, राजीव रंजन, एई अरुण कुमार सिंह, बीएओ जसीम अख्तर, रमेश मंडल, पप्पू मंडल, अंजर हुसैन, डीएन सिंह, पारस हासदा, मुखिया गोविंद प्रसाद साव, मोकीम अंसारी, वीरेंद्र रजक, अमजद अंसारी, अब्दुल मजीद, सबल गोराई समेत अन्य लोग मौजूद थे.

ब्रीफ खबरें

ईसीएल अध्यक्ष ने किया वृद्धाश्रम का दौरा

सांकतोड़िया : सीएमओएआई की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर ईसीएल शाखा की ओर से सदस्यों ने शुक्रवार को सूर्यनगर में ढाकेश्वरी वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरे में सीएमओएआई ईसीएल शाखा के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सिंह, धेमोमैन ग्रुप के अभिकर्ता रवीन्द्र नाथ तिवारी, सोदपुर शाखा के सहायक सचिव सुदीप चटर्जी और सीएमओएआई सदस्य प्रोनोबेश दासगुप्ता ने शामिल थे। जानकारी के अनुसार वृद्धाश्रम में पुरुष और महिला कुल लगभग 40 सदस्यों के साथ सीएमओएआई सदस्यों ने गुणवत्तापूर्ण समय बिताया।

सूर्य मंदिर सरोवर घाट का निर्माण कार्य शुरू

बराकर। सीतारामपुर स्टेशन रोड स्थित सूर्य मंदिर सरोवर में शुक्रवार को नियामतपुर सार्वजनिक छठ पूजा समिति एवं श्री श्री सूर्य शक्ती सेवा ट्रस्ट नियामतपुर के पदाधिकारियों के अथक प्रयास और श्रद्धालुओं के सहयोग से सीढ़ी घाट निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया. संस्था के वरिष्ठ सदस्य जगन्नाथ प्रसाद,विरेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, बासुदेव बर्मन (बंटू) तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में छठ सीढ़ी घाट ढलाई कार्य प्रारंभ किया गया.

स्प्रे से बेहोश कर की चोरी, लोगों में दहशत

आसनसोल। आसनसोल दक्षिण थानांतर्गत श्रीपल्ली इलाके में एक दुस्साहसिक चोरी की घटना ने सनसनी फैला दी है। शुक्रवार की सुबह, इस्को कर्मी शोभन चटर्जी के घर में किरायेदार कुमार विवेकानंद और उनकी पत्नी पर अज्ञात चोरों ने स्प्रे से हमला कर बेहोश कर दिया और घर में घुसकर करीब 10 हजार रुपये नगद, एटीएम कार्ड और लगभग 4 से 4.5 लाख रुपये के गहने चुरा लिए।कुमार विवेकानंद और उनकी पत्नी अपने गांव जाने की तैयारी कर रहे थे और सुबह जल्दी उठे थे। उन्होंने पाया कि उनके पर्स फर्श पर गिरे हुए थे,

महिलाओं की संस्था का इंस्टॉलेशन समारोह

रानीगंज। महिलाओं की संस्था इंटरवहील का इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन रोटरी भवन में आयोजित हुआ। नवनियुक्त अध्यक्ष जया संथालिया , महासचिव अनुराधा झुनझुनवाला , कोषाध्यक्ष स्वाति केजरीवाल को बनाया गया है। रोटरी क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र झुनझुनवाला ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल क्लब की महिला विंग सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ कर हिस्सा ले रही हैं। अपने घरों के दायित्व के पश्चात सामाजिक कामों में अभूतपुरव योगदान देना इन महिलाओं के द्वारा देखा जा रहा है इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा आवश्यकता है ताकि इनका मनोबल बढ़ता रहे।

राशन डीलरों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप

जामुड़िया। जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र में राशन भ्रष्टाचार के मामले में गहरी गतिशीलता आई है, जहां राशन उपभोक्ताओं ने डीलरों के खिलाफ आरोप लगाए हैं। यह मुद्दा ब्लाक दो के परसिया ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित 30 राशन डीलरों पर उठा है। ग्राहकों का कहना है कि डीलर्स ने बायोमेट्रिक इंप्रेशन के बाद भी उन्हें राशन नहीं दिया और केवल पर्चियां दीं हैं, जिसके फलस्वरूप वे राशन सामग्री से वंचित रह रहे हैं। इस मामले में गतिविधियों में पहुंचे जामुड़िया पंचायत समिति के कर्माध्यक्ष उदीप सिंह ने खाद्य आपूर्ति निरीक्षक सिंटू मिया के साथ मुलाकात की।

बिजली सप्लाई को लेकर प्रदर्शन

रानीगंज। केंदा एरिया के सिदुली कोलियरी में ब की मांग पर सिदुली दिगिर बगान के लोगों ने घंटो प्रदर्शन किया, कोलियरी प्रबंधन द्वारा बिजली सप्लाई का आश्वासन देने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बशीर खान, गुफरान मिया ने कहा की पिछले दस दिनों से ट्रांसफॉर्मर जल गया है, अंधकार में रहने को विवश है,प्रबंधन से बार बार ट्रांसफॉर्मर बनाने की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रबंधन कोई व्यवस्था नही कर रही है, मजबूर होकर यह कदम उठाना पडा, आंदोलन को देखते हुए कोलियरी प्रबंधक ए,के,चौधरी ने आश्वासन दिया

6 वर्ष से प्रधानाध्यापक के इंतजार में है एनडी राष्ट्रीय विद्यालय एचएस स्कूल

अंधेरे में है 2500 छात्र-छात्राओं का भविष्य

- शिक्षकों ने स्कूल इंचार्ज और अध्यक्ष पर लगाए कई घोटाले, स्कूल में लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता । आसनसोल

कुल्टी–पश्चिम बंगाल आसनसोल नगर निगम के कुलटी विधानसभा के सीतारामपुर इलाके के वार्ड संख्या 19 स्थित आसनसोल के सबसे नामी ग्रामी व बहूचर्चित स्कुल एनडी राष्ट्रीय विद्यालय एचएस स्कुल अब धीरे - धीरे अपनी पहचान और पॉपुलर्टी खोते जा रहा है, इस स्कुल की नाम और सोहरत बचाने के लिये स्कुल के पूर्व प्रधानाध्यापक आरएन पांडे ने जमीनी स्तर पर मेहनत की थी अपना खून पसीना जलाकर सिक्षा के प्रति छात्र और छात्राओं के भीतर ललक जगाने के लिये उन्होंने कोई कमी कभी भी नही छोड़ी, वह दिन रात लगे रहे, स्कुल के प्रिंसपल आरएन पांडे की सिक्षा के प्रति इस लगन को देख कई लोग जागरूक हुए और इस सरकारी स्कुल मे देखते ही देखते करीब ढाई हजार छात्र और छात्राएं सिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, यही कारण है की यह स्कुल पुरे आसनसोल मे एक ऐसा सरकारी स्कुल बन गया जिस स्कुल की चर्चा पश्चिम बंगाल ही नही बल्कि अन्य राज्यों मे भी हो रही है, इलाके के लोग इस स्कुल को आदर्श स्कुल के नाम से एक अलग पहचान दिलाने की मांग कर रहे हैं, इस लिये की इस स्कुल से अन्य स्कुल भी सिख ले सके, पर 2018 मे जब इस स्कुल के प्रधानाध्यापक आरएन पांडे रिटायरमेंट हुए उसके बाद से 6 वर्ष गुजर जाने के बाद भी स्कुल को अब तक प्रिंसपल नशीब नही हुआ, स्कुल के ढाई हजार छात्र और छात्राओं के बिच 35 सिक्षकों मे सिक्षक गिरीश सिंह को जुलाई 2018 मे स्कुल इंचार्ज बनाया गया, जब गिरीश सिंह 2022 मे तो स्कुल के ही सिक्षक पीके सिंह को स्कुल इंचार्ज बनाया गया, जो अब भी स्कुल मे अपनी सेवा दे रहे हैं, पर 6 वर्ष गुजर जाने के बाद भी अब तक इस स्कुल को प्रधानाध्यापक नसीब नही हो पाया है, ऐसे मे स्कुल के सिक्षकों ने राज्य सिक्षा विभाग ही नही बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को भी एक शिकायत पत्र भेजा है, जिस शिकायत पत्र मे स्कुल के सिक्षकों ने स्कुल के इंचार्ज पीके सिंह और स्कुल की अध्यक्ष वार्ड नंबर 19 की तृणमूल पार्षद के ऊपर यह गंभीर आरोप लगाया है की वह दोनों मिलकर स्कुल मे मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं, उन्होने कहा है की स्कुल मे सिक्षा ही नही बल्कि मिड्डे मिल योजना, फाइनेंस विभाग, स्टाफ कमिटी, मैंनेजिंग कमिटी सहित कुल पाँच कमिटी बनाई गई है, वह इस लिये की स्कुल की मान सम्मान उसकी पहले की तरह सिक्षा वेवस्था सहित कई अन्य मामलों मे अपना अव्वल दर्जा पर सके, पर स्कुल इंचार्ज पीके सिंह और स्कुल की अध्यक्ष तृणमूल पार्षद उषा रजक की आपसी सांठ- गाँठ से स्कुल मे इन 6 वर्षों के बिच हर कमिटी मे भारी घोटाला हो रहा है, जो घोटाला लाखों मे है, जिस घोटाले का पैसा स्कुल के इंचार्ज और तृणमूल पार्षद उषा रजक बंदर बाँट कर रहे हैं, स्कुल के सिक्षकों द्वारा इन 6 वर्षों के बिच किए गए तमाम खर्च का बेवरा व हिसाब किताब मांगने के बाद भी यह लोग नही दे रहे हैं, यहीं नही स्कुल के एक सिक्षक धनंजय यादव की अगर माने तो स्कुल के इंचार्ज पीके सिंह जब से स्कुल इंचार्ज बने हैं तब से वह एक बार भी किसी क्लास मे क्लास लेने नही गए हैं,

बल्लभपुर अस्थायी पुल टूटने से यातायात बाधित

पुल टूटने से नुपुर ग्राम और नुपुर कॉलोनी के लोगों का संपर्क टूटा

खास बातें

- प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर जाकर लिया स्थिति का जायजा

संवाददाता । रानीगंज

रानीगंज। रानीगंज ब्लॉक के अंतर्गत बल्लभपुर ग्राम पंचायत के बल्लभपुर, बेलुनिया, और नुपुर ग्राम को जोड़ने वाला अस्थायी पुल शुक्रवार को टूट गया, जिससे इन क्षेत्रों के निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बेलुनिया ब्रिज के टूटने से नुपुर ग्राम और नुपुर कॉलोनी के लोग रानीगंज से कट गए हैं। यह ब्रिज बल्लभपुर से सीधा संपर्क साधता था, जिससे स्थानीय निवासियों के लिए रानीगंज तक पहुंचना संभव हो पाता था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बेलुनिया ब्रिज पहले से ही खराब हालत में था और इसे अस्थायी रूप से मरम्मत कर यातायात के लिए खुला रखा गया था। हाल ही में हुई तीन दिनों की मूसलाधार बारिश के कारण पुल पूरी तरह टूट गया, जिससे स्थानीय यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। इस पुल की खराब स्थिति को देखते हुए ब्लॉक प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। बल्लभपुर ग्राम पंचायत के उप-प्रधान, सिदान मंडल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के कारण ब्रिज का नए रूप में निर्माण कार्य नहीं हो सका। अब चुनाव समाप्त हो गए हैं और आचार संहिता हट चुकी है, इसलिए जल्द ही ब्रिज के पुनर्निर्माण के लिए टेंडर निकाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस पुल के पुनर्निर्माण में लगभग 46 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। बेलुनिया ब्रिज के टूटने से न केवल यातायात बाधित हुआ है बल्कि इससे राजारबांध तालाब का पानी भी दामोदर नदी तक जाने में बाधित हो गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि उनके जीवन में आई इस कठिनाई को दूर किया जा सके और वे सामान्य यातायात व्यवस्था का लाभ उठा सकें।

वर्षा से सांकतोड़िया में सड़क किनारे धंसी जमीन

सांकतोड़िया। आसनसोल नगर निगम के 105वें वार्ड में स्थित डिसरगढ़–सांकतोड़िया क्षेत्र में बुधवार को हुई भारी वर्षा के कारण सड़कों के किनारे धंसी जमीन से गाड़ियों के आवागमन में बड़ी मुश्किलें उत्पन्न हो रही हैं। पिछले कुछ सप्ताहों में यहां पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई थी, लेकिन मिट्टी को सही ढंग से बैठाने में असफलता हुई थी। अब वर्षा के साथ ही जमीन धीरे–धीरे बैठ रही है, जिससे कई जगह पर गड्ढे बन गए हैं। यह स्थिति वाहन चालकों के लिए खतरे की घंटी बजा रही है। इसके अलावा, डिसरगढ़ पोस्ट ऑफिस मोड़ के पास एक नाले के कवर का टूटना भी वाहन चालकों के लिए बड़ी सुरक्षा समस्या बन गया है। नाले का कवर अभी तक ठीक करने का कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को भी परेशानी हो रही है।

टोटो जब्ती के खिलाफ चालकों का प्रदर्शन

आसनसोल। राज्य सरकार के आदेश पर पुलिस प्रशासन द्वारा टोटो वाहनों की बड़े पैमाने पर जब्ती से टोटो चालकों में रोष व्याप्त है। इस निर्णय से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार सुबह आसनसोल शहर में टोटो चालकों ने एक शोरूम के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया शिवठाकुर मंडल, जो खुद एक टोटो चालक हैं, ने इस विरोध का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि टोटो चालकों ने साढ़े तीन लाख रुपये खर्च कर शोरूम से टोटो खरीदा था, और उन्हें बताया गया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग को छोड़कर वे इन वाहनों को कहीं भी चला सकते हैं। हालाँकि, पिछले तीन दिनों से पुलिस इन टोटो को जब्त कर रही है, जिससे चालकों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। शिवठाकुर के अनुसार, जब इस समस्या पर शोरूम के कर्मचारियों से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शोरूम की जिम्मेदारी केवल टोटो बेचना है।

गरीब के खाते में आए 1.80 करोड़ रुपये

आसनसोल। दोपहर के समय जब शंभू बाउरी को पुलिस उनके घर से उठा रही थी, तो इस रहस्यमयी घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। रूपनारायणपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के चयनपुर बाउरी पाड़ा निवासी शंभू बाउरी, जो एक पोल्ट्री फार्म में काम करता है, खुद हैरान था कि उसके खाते में 1.80 करोड़ रुपये कैसे आ गए। मिहिजाम थाने की पुलिस ने 1 जुलाई को शंभू को अचानक हिरासत में लिया, लेकिन इस घटना के पीछे की कहानी और भी जटिल निकली। शंभू के अनुसार, उसने कुछ महीने पहले मिहिजाम के राकेश मिश्रा नामक एक व्यक्ति से नौकरी के सिलसिले में संपर्क किया था। राकेश ने उसे एक स्टील फैक्ट्री में नौकरी का वादा किया और इसके लिए दस्तावेजों की जरूरत बताई।

भारत की विख्यात कथा वाचक को 'सुरक्षा' ने किया सम्मानित

संवाददाता । रानीगंज

रानीगंज जय माता दी स्पोर्टिंग क्लब द्वारा श्री श्री 1008 शिव परिवार शह राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ राम कथा एवं भव्य रामलीला सप्ताह व्यापी धार्मिक अनुष्ठान में वृंदावन से आई कथा वाचक देवी दीप्ति श्रीजी ने कहां की भागवत में कर्म योग ,समाज धर्म ,स्त्री धर्म आदि का ज्ञान भरा हुआ है यह एक ऐसा शास्त्र है कि जिसके श्रवण और मनन करने पर कुछ जानने जैसा बाकी रहता ही नहीं जीवन में. उन्होंने भजनों के द्वारा भी भक्तों को थिड़कने पर मजबूर कर दिया. अर्जी हमारी मर्जी तुम्हारी सबकी सुनिए रे की प्रभु मन बासियो रे. एवं दूसरा भजन संतन के संग लाग रे तेरी अच्छी बनेगी भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये कथा के माध्यम से भक्तों को संदेश दिया कि खासकर युवा वर्ग को आध्यात्म से जुड़ने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान समय में युवा वर्ग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं उनके अनुसार उनको सफलता नहीं मिलने से उनके अंदर आत्मविश्वास में कमी आ रही है इसलिए आध्यात्म से जुड़ना काफी जरूरी है. इस मौके पर नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन एवं सुरक्षा की तरफ से दिप्ती श्री जी को उत्तरी पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बीडीओ कार्यालय के सामने बाउरी समाज ने किया प्रदर्शन

जंगल को समाप्त करने वाले कारखानों के खिलाफ कारवाई की मांग की

खास बातें

- स्थानीय बेरोजगारों को कारखानों में काम देना होगा
- प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक विशेष दल का करें गठन

संवाददाता । जामुड़िया

जामुड़िया विधानसभा अंतर्गत बहादुरपुर स्तिथ बिडीओ कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को पश्चिम बंगाल बाउरी समाज शिक्षा समिति के बैनर तले 12 सूत्री मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया एवं मांगो का ज्ञापन जामुड़िया बीडीओ को सौंपा गया. इस दौरान पश्चिम बंग बाउरी समाज शिक्षा समिति भूमिपुत्र जिला अधक्ष्य निताई बाउरी ने बताया की जामुड़िया का लाइफलाइन कहे जाने वाले सिंघारन नदी को दूषित करने वाले तथा निलबन जंगल को समाप्त करने वाले कारखानों के खिलाफ कारवाई करनी होगी, इसके अलावा जिन गरीब लोगों का पट्टा जमीन अधिग्रण किया गया है उन्हे मुक्त कराना होगा और उन्होंने कहा कि स्थानीय बेरोजगार लोगों को कारखानों में काम देना होगा। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक विशेष दल का गठन किया जाना चाहिए जो प्रदूषण संबंधित समस्या लोगों की सुने तथा उसका निदान करने में अहम भूमिका निभाए। वही डोबराना ग्राम पंचायत तथा धसना,विजयनगर में मौजूद पानी की समस्या को दूर करने की व्यवस्था करनी होगी।

वार्ड नंबर 82 में नाले का निर्माण शुरू

आसनसोल। शुक्रवार को आसनसोल नगर निगम के 82 नंबर वार्ड में एक महत्त्वपूर्ण निकासी नाले के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इस नाले के निर्माण से इस्लामनगर, हमीदनगर, और आज़ादनगर इलाकों के निवासियों को बाढ़ और जलजमाव जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। इस अवसर पर आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर वसीम उल हक ने निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इस नाले का निर्माण एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। इस पहल से स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। वसीम उल हक ने जोर देकर कहा कि यह परियोजना नगर निगम के विकास कार्यों का एक हिस्सा है, जिससे इलाके के निवासियों को काफी राहत मिलेगी।

बाल अपहरण, भीड़ हिंसा को रोकने के लिए पुलिस का जागरुकता अभियान

बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर राज्य के विभिन्न इलाकों में है अफवाहों का दौर

खास बातें

- अपहरण की खबर फैलाने से पहले जानकारी की पुष्टि करने का किया आग्रह

संवाददाता । रानीगंज

गुरुवार देर रात को रानीगंज थाना की तरफ से रानीगंज शहर के विभिन्न इलाकों में माइक के द्वारा घोषणा कर यह बताया जा रहा है कि रानीगंज शहर के किसी भी इलाके में बच्चा चोरी की घटना प्रकाश में आती है तो कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथों में ना लें बल्कि तुरंत पुलिस को सूचना प्रदान करें ताकि पुलिस अपनी तरह से कार्रवाई कर सके। देखा जा रहा है कि पिछले कुछ समय से बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर राज्य के विभिन्न इलाकों के साथ-साथ रानीगंज में भी अफवाहों का दौर चल पड़ा है। ऐसे में कई बार लोग बेगुनाहों को भी बच्चा चोर समझ ले रहे हैं कई इलाकों में लोगों की सार्वजनिक पिटाई भी की जा रही है इन मुद्दों को सामने रखते हुए रानीगंज थाना की ओर से अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं साथ ही रानीगंज पुलिस ने लोगों से यह अनुरोध भी किया कि अगर वह अपना घर किसी को किराए पर देते हैं तो उस किराएदार के बारे में सारी जानकारी प्राप्त कर स्थानीय थाने में सूचित करें एवंम इसके साथ-साथ शहर के विभिन्न होटल मालिकों को भी कहा गया कि वह अपने होटल में किसी को कमरा किराए पर देने से पहले उनके परिचय पत्र का जेरॉक्स कॉपी अपने पास रखे, और मौलिक दस्तावेज भी प्राप्त करें उसके बाद उन्हें कमरा किराए पर दे .

न्यूज अपडेट

स्तन कैंसर का समय पर पता लगने से जान बच सकती है : डॉ आशा रेड्डी

दुर्गापुर। अपोलो क्लिनिक दुर्गापुर को 'स्तन कैंसर की सच्चाई और मिथक' पर एक संक्षिप्त जागरूकता सत्र आयोजित किया. स्तन कैंसर दुनिया भर में कई महिलाओं को प्रभावित करता है और परिवारों और समुदायों के लिए इसके गंभीर परिणाम होते हैं. लेकिन अच्छी खबर यह है: इसे समय पर पहचानना जान बचा सकता है. यह समझना कि समय पर पता लगना क्यों महत्वपूर्ण है और स्तन कैंसर के बारे में आम गलतफहमियों को दूर करना लोगों को खुद को बचाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं . इस मौके पर उपस्थित अपोलो अस्पताल चेन्नई की स्तन सर्जन डॉ. आशा रेड्डी ने कहा, 'स्तन कैंसर का समय पर पता लगना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे सफल उपचार और बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। जब स्तन कैंसर का पता जल्दी लग जाता है, फैलने से पहले, तो सर्जरी या विकिरण जैसी कम आक्रामक चिकित्सा से इसका इलाज करना आसान होता है.

हलदर ग्रुप ने 100 वर्षों की उत्कृष्टता का मनाया जश्न

दुर्गापुर। 1924 में स्थापित, ब्रांड अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए परिवर्तन कर रहा है, जिसमें पुनः ब्रांडिंग, खुदरा क्षेत्र में प्रवेश, और वैश्विक उपस्थिति का विस्तार शामिल है. हलदर ग्रुप, एक प्रमुख चावल और तेल निर्माण कंपनी, 1924 में भारत में अपनी स्थापना के बाद से अग्रणी सफलता की एक सदी का जश्न मना रही है. दशकों में, हलदर ग्रुप ने एक वैश्विक शक्ति के रूप में विकसित होकर, भारत और उसके परे चावल उद्योग को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. कंपनी का लक्ष्य खुदरा परिदृश्य में कदम रखते हुए आज के उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करना है. मानवता को पोषित करने और एक स्वस्थ, पोषित समुदाय बनाने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, कंपनी अपने उत्पादों के माध्यम से उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. बी.सी. हलदर राइस मिल, बीरभूम, पश्चिम बंगाल से एकल कारखाने के रूप में शुरू होकर, हलदर ग्रुप ने अपने पदचिह्न को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में फैला दिया है. कंपनी ने पिछले साल चार नए देशों- घाना, बेनिन, कैमरून, और टोगो में सफलता पूर्वक विस्तार किया, जिससे इसकी वैश्विक उपस्थिति में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है.

उखरा बाजार में सड़क अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सर्वे शुरू

अंडाल। उखरा बाजार में सड़क अतिक्रमण हटाने के लिए पंचायत ने जमीन सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया है. शुक्रवार को पंचायत प्रधान, उपप्रमुख, चेंबर ऑफ कॉमर्स, पुलिस की मौजूदगी में सड़क सर्वे का काम चल रहा है.सड़क पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने हाल ही में नाराजगी जताई थी. तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया. मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के अन्य जगहों की तरह उखरा बाजार को भी फुटपाथ से कब्जा मुक्त कराने की पहल पंचायत ने की है. शुक्रवार सुबह से बाजार की सड़क का सर्वे कार्य शुरू हो गया है। सड़क पर कब्जा कर अवैध निर्माण चिह्नित हैं।उखरा ग्राम पंचायत के प्रधान शरण सहगल, उप प्रधान मीना कोले ने कहा, सर्वेक्षण कार्य पूरा होने के बाद अवैध कब्जाधारियों को नोटिस दिया जाएगा और अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उखरा बाजार के एनएसबी रोड स्थित नेताजी प्रतिमा से लेकर सिनेमा हॉल मोड़ तक की सड़क सरकारी दस्तावेजों में 55 या 60 फीट है. अवैध निर्माण और अतिक्रमण के परिणामस्वरूप, सड़क वर्तमान में 18 फीट और कभी-कभी 10 फीट तक अवरुद्ध हो जाती है।

पुरुलिया-आसनसोल मुख्य सड़क पर छोटे बड़े गड्ढों से आवागमन प्रभावित

सांकतोड़िया। आसनसोल नगरनिगम के 105 नंबर वार्ड के डिसरगढ़ में पुरुलिया-आसनसोल मुख्य सड़क पर एक बार उभर आये छोटे बड़े गड्ढे आवागमन को प्रभावित करने लगे हैं। जबकि यहां से होकर पुरुलिया आसनसोल गामी कई सरकारी बेसरकारी यात्री वाहन, मालवाही वाहन तथा छोटी वाहनों का नियमित आवागमन होता रहता है। जानकारों का कहना है कि जनबहुल क्षेत्र होने तथा कई स्कूल, बैंक , ईसीएल मुख्यालय, बाजार होने के कारण आवागमन की व्यस्तता बनी रहती है। साथ ही आसनसोल, नियामत पुर, बराकर होकर अन्यत्र जाने का प्रमुख रास्ता भी यही है। फिर भी यहां प्रायः सड़क की ऐसी दुर्दशा, विशेषकर वर्षा के ऋतु में बनी रहती है। लोगों का कहना है कि इस सड़क पर वर्षा के पहले ही कई जगहों पर गड्ढे बन गए थे, जो अब और बड़े हो गए हैं। तथा वर्षा के पहले संभवतः इसकी मरम्मत भी नहीं की जाएगी। अगले वर्ष ही इस जगह पर सड़क पर बन आये गड्ढों में पानी भर कर छोटी डोभे जैसी स्थिति बन गयी थी। जिसे लेकर कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल द्वारा मछली पकड़ने का उपक्रम कर व्यवस्था का माखौल उड़ाया गया था।
तब सड़क की मरम्मत की गई थी। इस सिलसिले में कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के मनीष कुमार बर्नवाल ने बताया कि सड़क की रखरखाव कर रही संस्था की जिम्मेवारी होनी चाहिए। जबतक किसी व्यवस्था का माखौल नहीं उड़ाया जाता तबतक समस्या का समाधान नहीं होता। ये हमारी एक तरह से संस्कृति सी बन गई है, विडंबना है।

बजरंग दल ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

रानीगंज। शुक्रवार को रानीगंज में नेताजी स्टैचू के सामने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की तरफ से एक विरोध सभा का आयोजन किया गया, संसद में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर हिंदुओं के खिलाफ बयान देने का आरोप लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की तरफ से पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है इस मौके पर शुभम रावत ने कहा की हाल ही में लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी बयान दिया उन्होंने कहा कि जितने भी हिंदू हैं वह सब हिंसक हैं उन्होंने कहा कि ऐसा बयान देकर उन्होंने भारत के 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान किया है हिंदू जैसी सहनशील जाति और कोई नहीं है हिंदू सहन करता है लेकिन जब बात हद से आगे बढ़ जाती है तो वह सुदर्शन चक्र भी हाथ में ले सकता है राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं के अपमान करते हुए दिए गए बयान के खिलाफ आज विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा में जिस तरह से असदुद्दीन ओवैसी ने फिलिस्तीन के जयकारे लगाए थे उसके खिलाफ भी आज विरोध प्रदर्शन किया गया और राहुल गांधी और असदुद्दीन ओवैसी के पुतले जलाए गए ।

सेल राइट्स के श्रमिकों ने न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

बराकर। सैल राइट्स में कार्यरत 83 ठेका कर्मियो ने मिनिमम मजदूरी की मांग को लेकर कुल्टी कारखाना मुख्य गेट के समक्ष प्रदर्शन किया । प्रदर्शन कर रहे ठीका श्रमिकों ने बताया कि कुल्टी कारखाना परिसर में सेल राइट्स के अंतर्गत मालगाड़ी की मरम्मति की जाती है और उसे नवीनीकरण की जाती है।इस इंडस्ट्रीज के एक विभाग मेन शेड में लगभग 83 ठीका श्रमिक कार्य करते है।जिन्हें दैनिक मजदूरी के नाम पर मात्र 458 रूपये मिलता है।इस वर्ष कंपनी की ओर से पुनः टेंडर किया गया।इस बार टाटा की एक कंपनी एलायड कंस्ट्रक्शन को टेंडर मिला।इस कंपनी के मुताबिक अब राइट्स में काम करने वाले ठीका श्रमिकों की दैनिक मजदूरी मात्र 342 रुपये दी जायेगी।श्रमिकों ने बताया कि जब इसका विरोध किया गया गया,तो राइटस प्रबंधन ने एक ठीका श्रमिक का गेट पास क्लोज कर दिया।इसका अर्थ यह हुआ कि एक ठीका श्रमिक को कार्य से बाहर कर दिया गया।इसकी खबर लगते ही मेन शेड विभाग में काम करने वाले सभी ठीका श्रमिकों ने उत्पादन ठप कर प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।श्रमिकों ने राइट्स प्रबंधन पर भी कॉन्ट्रेक्टर का साथ देने का आरोप लगाया।ठीका श्रमिकों ने कहा कि राइट्स में काम करने वाले मजदूरों को ईएसआई एवं पीएफ जमा नही की जाती है।मजदूरों को सुरक्षा से सम्बंधित कोई भी सामाग्री नही दी जाती है. जिससे कार्य के दौरान खतरा बना रहता है.

ब्रीफ खबरें

ट्रैक्टर के धक्के से 7 साल के बच्चे की मौत

साहिबगंज। जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के मानसिंहा ग्रामीण सड़क पर शुक्रवार को सीमेंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर 7 साल के बच्चे की मौत हो गयी. जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. मृत बच्चे का नाम अकबर शेख है. वहीं, घायलों में अब्दुल रकीब (6 वर्ष) और नूर इस्लाम (15 वर्ष) हैं. दोनों घायलों को आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देख उन्हें भागलपुर रेफर कर दिया. राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा.

वृद्ध का शव बरामद हत्या की आशंका

साहिबगंज। जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी फाटक के समीप पुलिस ने गुरुवार की रात एक वृद्ध का शव बरामद किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया. मृतक के शव की शिनाख्त मजहर टोला निवासी मोहम्मद फिरोज उम्र 58 के रूप में हुई. मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार कि रात लगभग 11 बजे टाईगर मोबाइल के जवान गश्ती के दौरान पश्चिम रेलवे फाटक के पास उसे गिरा-पड़ा देखा था. उसके सिर के पीछे से खून बह रहा था. इधर मृतक की बहन ताहिरा खातून ने भाई की हत्या की आशंका जताई है. जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है.

पिकअप वैन की टक्कर से बाईक सवार दो युवक घायल

साहिबगंज। बोरियो थाना क्षेत्र के मोरंग नदी पुल पर अज्ञात पिकअप वैन ने बाइक सवार दो युवक को धक्का मार कर फरार हो गया. जिसके कारण गोड्डा के विकास ब्रह्मा उम्र 28, उत्तिम राय उम्र 21, घायल हो गया. बाइक सवार दोनों युवक बोरियो के तरफ़ से आ रहे थे. जहां तेज रफ्तार पिकअप वैन ने ठोकर मारकर फरार हो गया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही दोनों घायल युवक को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद विकास ब्रह्मा के पैर में गम्भीर चोट लगने के कारण बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. इधर मामले को लेकर बोरियो पुलिस जांच में जुट गई है.

क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को भेजा नोटिस

बोकारो। बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने धनबाद डीएलसी को पत्र लिखकर उनके द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन कराने का मांग किया था. उसके आलोक में क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (कें.) धनबाद मनीष शंकर ने बोकारो इस्पात संयंत्र के ईडीपी एंड ए को नोटिस भेजकर सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है.

मानस गुप्ता बने राष्ट्र सेवा फॉउंडेशन के प्रखण्ड अध्यक्ष

सरिया (गिरिडीह)। राष्ट्र सेवा फॉउंडेशन ने सरिया प्रखण्ड में जनसंपर्क अभियान को तेज करने हेतु सरिया निवासी मानस गुप्ता को प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में चुनकर फाउंडेशन के काम की जिम्मेदारी सौंपी गई. प्रखण्ड अध्यक्ष बनने के बाद लोगों ने मानस गुप्ता का भव्य स्वागत किया. प्रखण्ड अध्यक्ष मानस गुप्ता ने कहा कि सभी धर्मों से बढ़कर राष्ट्र सेवा होती है. चूंकि मैं सनातन धर्म से हूँ. इस धर्म में सेवा करना ही पूजा है. कहा कि इस फाउंडेशन से जुड़कर मुझे सेवा करने का बढ़िया प्लेटफॉर्म अगर मिला है तो राष्ट्र और धर्म की सेवा कर अपने जीवन को सफल मानूंगा. साथ ही इस फॉउंडेशन के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा.

कृषि फॉर्म की भूमि का निरीक्षण

तिसरी (गिरिडीह)। तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीज गुणन प्रक्षेत्र (कृषि) फॉर्म की जमीन 24.46 एकड़ रकवा वाली भूमि के मापी का रास्ता साफ हो गया है. इसको लेकर शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी सुरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ तिसरी पहुंचे. जहां उन्होंने पहले अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद से मुलाक़ात कर जमीन का नक्शा उपलब्ध कराया, साथ ही मापी के लिए वार्तालाप भी किया. जिसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ कृषि फॉर्म की जमीन का निरीक्षण भी किया.

बिजली का ट्रांसफार्मर जलने से कई गांव के लोग परेशान, दो माह से अंधेरे में

जल्द बदले विभाग, नहीं तो होगा आंदोलनः राजेश यादव

संवाददाता। गिरिडीह

बेंगाबाद के भूतपूर्व जिप सदस्य सह गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव ने शुक्रवार को बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान कई गांवों में जले हुए बिजली के ट्रांसफार्मरों के कारण हो रही परेशानियों की ओर आकृष्ट करते हुए इन्हें तत्काल बदलने अन्यथा आंदोलन करने की बात कही.

श्री यादव ने कहा कि बेंगाबाद प्रखंड के बंड़ियाबाद, चितमाडीह तथा बेंगाबाद बस्ती (पत्थलटांड़) स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से लेकर 2 माह से जले हुए हैं. इससे संबंधित ग्रामीण बिजली उपभोक्ता काफी परेशानी में हैं. कहा कि बिजली विभाग के स्थानीय मेंटेनेंस कर्मियों के माध्यम से सूचना के बावजूद इसका नहीं बदला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. श्री यादव ने लोगों की शिकायत पर बंड़ियाबाद गांव जाकर लोगों की इस समस्या का जायजा लिया तथा संबंधित कनीय अभियंता से फोन पर बात कर तत्काल जले हुए विभिन्न स्थानों के ट्रांसफार्मर को बदलने का आग्रह किया. साथ ही स्थानीय लोगों की मौजूदगी में ऐलान किया कि यदि सप्ताह भर के भीतर यह काम नहीं हुआ तो डांड़ीडीह स्थित जीएम कार्यालय के समक्ष आंदोलन किया जाएगा.

मौके पर कमरुद्दीन अंसारी, धीरेंद्र कुमार राणा, सुखदेव महतो, मुरली यादव, केदार यादव, सुनील यादव, जुगल किशोर यादव, भैरव महतो, छोटू महतो, भैरव यादव, माथुर प्रसाद, रुस्तम अंसारी, हरिहर महतो, गंगाधर यादव, गिरधारी महतो, पुरन महतो, त्रिभुवन महतो, गुलाब महतो, विनोद महतो आदि मौजूद थे.

धान की भूसी लोड ट्रक से 25 लाख की अवैध शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

उत्पाद विभाग को चर्चित शराब तस्कर मंडल के सिंडिकेट पर शक

संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह और इससे सटे आसपास के जिले के शराब तस्करों का सिंडिकेट गुरुवार की देर रात अवैध शराब से भरे एक ट्रक को बिहार भेजने की तैयारी में था. लेकिन इसकी गुप्त सूचना उत्पाद अधीक्षक को देर रात में ही मिल गई. सूचना मिलते ही विभाग की टीम छापेमारी करने निकली. टीम ने गिरिडीह-डुमरी मुख्य सड़क के पपरवाटांड टोल टैक्स के समीप एक 12 चक्का ट्रक को संदिग्ध स्थिति में खड़ा देखा. ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक में धान की भूसी से भरा बोरा लोड पाया. लेकिन टीम ने ज्योंहि भूसी से भरे बोरे को हटाया तो अंदर का नजारा देख सभी दंग रह गये. उन भूसियों के बोरे के पीछे 500 पेटी अवैध शराब का स्टॉक लोड था. जिनमें इंपीरियल ब्लू और मैक डेवल शराब की पेटी थी. टीम ने सभी शराब की पेटियों को जब्त कर लिया. जब्त शराब की कीमत 25 लाख रुपया से अधिक बताया जाता है.

गौरतलब है कि शराब तस्करों द्वारा अवैध शराब की खेप को बिहार भेजने के लिये पूर्व में कई तरह के हथकंडे अपनाये गये हैं. हालांकि धान की भूसी के बोरे के पीछे छिपाकर ट्रक से अवैध शराब की बड़ी खेप को गिरिडीह के रास्ते बिहार पहुंचाने का यह पहला मामला प्रकाश में आया है. टीम ने इस मामले में ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ के दौरान ट्रक चालक ने बताया कि उसे नहीं पता है कि यह ट्रक कहां से चली है और कहां जायेगी. उसने बताया कि वह पलामू का रहने वाला है. डुमरी में उसे ट्रक सौंपा गया था और पपरवाटांड नगर निगम के टोल प्लाजा के पास ट्रक खड़ा करने का निर्देश मिला था.

टोल प्लाजा के पास से ट्रक को किसी और चालक लेकर आगे जाने वाला था. ड्राइवर के बयान के आधार पर उत्पाद विभाग यह मान रही है कि शराब तस्करों का सिंडिकेट अलग-अलग इलाके से अलग-अलग ड्राइवर के जरिए शराब लोड गाड़ी को बिहार पहुंचाने के प्रयास में था. लेकिन उत्पाद विभाग ने सिंडिकेट का सारा खेल खराब कर दिया. फिलहाल जब्त शराब के स्टॉक को शहर के बरमसिया स्थित उत्पाद विभाग के डिपो में ख़ाली कराया गया है.

इस मामले में उत्पाद अधीक्षक महेन्द्र देव सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी. जिस पर कार्रवाई की गई और शराब लोड ट्रक को जब्त किया गया है. कहा कि विभाग इस बात की जांच कर रही है कि जब्त शराब असली है या नकली. हालांकि उनका सारा संदेह गिरिडीह के सिंडिकेट सरगना संतोष मंडल पर है. इस छापेमारी टीम में उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम, मनीष कुमार, हवलदार राम बच्चन प्रसाद, अजय कुमार सिंह, भगवान राय, सुरेंद्र यादव, श्याम किशोर प्रसाद समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे.

गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कर रहा संवेदकः मुकेश

बिरनी (गिरिडीह)। माखमर्गो बेको रोड से कपिलो पंचायत सचिवालय आने जाने के रास्ते को सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है. जिसमें संवेदक के मनमानी और कनीय अभियंता के मिलीभगत से गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है. विदित हो कि कुछ दिन पूर्व सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक विनोद कुमार सिंह व कपिलो मुखिया मुकेश यादव ने ग्राम पंचायत कपिलो के तहत बने सभी सड़कों का मरम्मत व सुदृढ़ीकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया था. जिसमें माखमरगो बेको पथ से कपिलो नीचे टोला तक सड़क का मरम्मती कार्य शुरू किया गया है लेकिन ना ही इसका शिलान्यास किया गया और ना ही कहीं शिलापट्ट लगाया गया है. कार्यस्थल पर ना ही कोई पदाधिकरी, ना ही कनीय अभियंता और ना ही संवेदक रहते हैं. कुछ पेटी कांट्रेक्टर के रूप में बिचौलिए द्वारा घटिया सामग्री से कार्य कराया जा रहा है. जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया तो स्थानीय मुखिया मुकेश यादव ने कार्य स्थल पहुंचे तो देखा कि सीमेंट के जगह पर डस्ट का प्रयोग किया जा रह है और उस रोड के शुरू से समाप्ति तक कहीं भी शिलान्यास का शिलापट्ट नहीं लगा है और मूसलाधार बारिश में कार्य किया जा रहा था.

दर्जनों अवैध कोयला खनन स्थलों की हुई डोजरिंग

संवाददाता। गिरिडीह

एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर सीसीएल क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने सीसीएल प्रशासन के साथ मिलकर शुक्रवार को अभियान चलाया. इस दौरान टीम ने चुंजका और मांझीडीह इलाके में संचालित दर्जनाधिक अवैध खंतों की डोजरिंग की गई और रैट होल्स को ध्वस्त किया गया. बता दें कि गिरिडीह पुलिस लगातार अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है. इसी के तहत यह कार्रवाई की गई. बताया गया कि पुलिस इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की भी पहचान कर रही है. जल्द उनके ऊपर प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी. इस अभियान में सदर एसडीपीओ विनोद कुमार रवानी, मुफ्फसिल प्रभारी इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो के साथ सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी भी मौजूद थे.

राजद ने संथाल परगना के कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी टिप्स

संवाददाता। देवघर

राष्ट्रीय जनता दल अपना स्थापना दिवस मना रही है. बिहार-झारखंड के विभिन्न जिलों में स्थापना दिवस के माध्यम से राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता अपनी ताकत दिखाते नजर आ रहे हैं.

झारखंड के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सुरेश पासवान के नेतृत्व में कास्टर टाउन स्थित बैद्यनाथ विहार होटल के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि स्थापना दिवस के माध्यम से देवघर जिला सहित पूरे राज्य में राष्ट्रीय जनता दल आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई. देवघर में राष्ट्रीय जनता दल का हमेशा ही दबदबा रहा है. राज्य गठन के बाद से ही कई बार राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधि ने इस विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है.

राष्ट्रीय जनता दल झारखंड के कई विधानसभा सीटों पर इस वर्ष चुनाव लड़ेगी और सभी सीटों पर सौ प्रतिशत जीत की गारंटी होगी, क्योंकि अब देवघर की जनता यह जान चुकी है कि यहां पर विकास की लकीर सिर्फ राष्ट्रीय जनता दल ही खींच सकती है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों से विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि ने लोगों को ठगने का काम किया है. इसीलिए अब लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार देवघर का कमान राष्ट्रीय जनता दल के हाथ में सौंपेंगे. उन्होंने बताया इंडिया गठबंधन के तहत इस बार राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में देवघर सीट आएगी और यहां से जीत प्राप्त कर इंडी गठबंधन को मजबूत बनाने का काम करेगी.

मालूम हो कि पूरे राज्य में देवघर विधानसभा सीट एक ऐसा सीट है. जहां पर हमेशा ही राष्ट्रीय जनता दल ने कड़ा टक्कर दिया है और कई बार जीत भी प्राप्त की है. पिछले विधानसभा चुनाव में भी राष्ट्रीय जनता दल की ओर से चुनाव लड़ रहे सुरेश पासवान काफी कम मार्जिन से जीत से दूर रह गए थे.

अपील | बोकारो स्टील सेक्टर-5 में तीन दिवसीय मेला 'तरंग' का आयोजन

किसानों के उत्पाद को खरीदकर करें उत्साहवर्धनः डीडीसी

संवाददाता। बोकारो

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने एक नई पहल करते हुए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए तीन दिवसीय मेला 'तरंग' का आयोजन बोकारो स्टील क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-5 स्थित बोकारो क्लब में 5 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जायेगा. उक्त मेला का उद्घाटन शुक्रवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया. उक्त मेला में कलाकार और प्राथमिक उत्पादक अपने अनूठे उत्पादों के साथ मेले में अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विपणन करेंगे.

मेला उद्घाटन के बाद सभी किसानों को डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने संबोधित किया एवं मेले में लगे खाद्य पदार्थों व विभिन्न वस्तुओं के स्टोलों का भी निरीक्षण कर कुछ खरीदारी भी किया. साथ ही जिले के सभी आम नागरिकों से अनुरोध किया कि आप सभी उक्त किसान मेला में आकर उनके द्वारा बनाएं विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी करें तथा उन्हें बढ़ावा दें, ताकि किसान लोग और बढ़- चढ़कर अपने उत्पाद को आगे बढ़ावें. उन्होंने आगे कहा कि नाबार्ड के इस अभिनव कदम का उद्देश्य एफपीओ की सामूहिकता का जश्न मनाना और उनके प्रयासों को पहचानना है. मेले में भाग लेकर राज्य के कृषि उत्पादक संगठनों से जुड़े किसान भाईयों के उत्पादों को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन करें और उनके प्रयासों को सराहें.

नाबार्ड डीडीएम फिलमोन बिलुंग ने कहा कि मेले का उद्देश्य एफपीओ के उत्पादों को बढ़ावा देना और विपणन के लिए एक विशेष मंच प्रदान करना है. नाबार्ड द्वारा आयोजित इस मेले में लघु कृषक कृषि-व्यापार संघ (एसएफएसी) और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) का सहयोग भी शामिल है. आगे कहा कि इस मेले में प्रदेश के 38 से अधिक कृषक उत्पादक संगठनों के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है. इनमें मिलेट्स आधारित उत्पाद, दालें, डेयरी आधारित उत्पाद, मसाले, लघु वनोपज, अचार, गुड़ एवं खाद्य तेल शामिल हैं. यह मेला न केवल किसानों के उत्पादों को बाजार प्रदान करेगा, बल्कि उनके अनुभवों को साझा करने और सर्वोत्तम कार्यों का प्रदर्शन करने का एक अद्भुत मंच भी होगा. साथ ही उन्होंने बोकारो के नागरिकों से अनुरोध किया कि वे झारखंड और आस-पास के राज्यों से कला, शिल्प और अन्य कृषि उत्पादों के मिश्रण का अनुभव करें. मौके पर विभिन्न जिलों के किसान व अन्य उपस्थित थे.

मौके पर डीडीएम नाबार्ड फिलमोन बिलुंग, जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी परिशेरती भार्गवी, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन सहित क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, एजीएम, नाबार्ड, केवीके, एसएफएसी के प्रतिनिधि और मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

सड़क हादसे में भाजपा एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष की मौत

कसमार (बोकारो)। कसमार प्रखंड भाजपा आदिवासी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बिपिन मुंडा की सड़क दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई. वे लंबे समय से भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी. जानकारी के अनुसार वे गुरुवार को पेटरवार में मछली खरीदने के बाद सड़क पार करने के दौरान एक वाहन की चपेट में आने से सड़क पर गिर गए थे. स्थानीय ग्रामीणों एवं भाजपा कसमार प्रखंड अध्यक्ष राजेश पांडेय ने उन्हें तत्काल पेटरवार सीएचसी में इलाज करवाया. जिसके बाद उनकी प्राथमिक चिकित्सा के बाद दवा देकर घर भेज दिया गया. इधर अचानक गुरुवार रात को उनके सिर में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें बीजीएच बोकारो में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात दम तोड़ दिया. चिकित्सकों ने उनके ब्रेन हेमरेज की बात बताई. उनका एक हाथ भी फ्रेक्चर हो गया था. उनके निधन पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, प्रखंड अध्यक्ष राजेश पांडेय, यदुनंदन जायसवाल, प्रताप सिंह समेत अन्य भाजपाइयों ने शोक व्यक्त किया.

जमीन विवाद को लेकर महिला पर जानलेवा हमला

बोकारो। हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के लेवातांड की रहने वाली रश्मि देवी पर भूमि विवाद में कुछ लोगों ने ईट व पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया. जिसके कारण महिला खून से लथपथ हो गई. घटना के बाद पुलिस ने महिला को गंभीर हालत में ईलाज के लिए बीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. हालांकि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है.

सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

गिरिडीह। फ्रेंको इंडियन फ़ार्मा प्रबंधन द्वारा झूठी पुलिस शिकायतें एवं मज़दूर-विरोधी रवैया के खिलाफ बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया. संघ के अध्यक्ष अभिजीत दान एवं सचिव ज्योतिर्मय चटर्जी ने बताया कि मुंबई की दवा कंपनी मेसर्स फ्रेंको इंडियन फ़ार्मा ने मजदूर विरोधी नीति अपनाते हुए ट्रेड यूनियन के अधिकारों पर हमला किया है. कम्पनी के प्रबंधन ने मान्यता प्राप्त शिकायत निवारण कमिटी की उपेक्षा करते हुए वेतन और व्यय प्रतिपूर्ति की मनमानी कटौती की है. यूनियन ने जब लोकतांत्रिक तरीके से कंपनी प्रबंधन को इस पर विचार करने संबंधी मांग पत्र सौंपा तो प्रबंधन ने 7 मई 2024 को पटना में, 17 मई 2024 को गिरिडीह में और 3 जुलाई को मुजफ्फरपुर में आधारहीन, मनगढ़ंत आरोपों के साथ झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराया है. जिसका यूनियन विरोध करती है और कम्पनी प्रबंधन से सभी झूठी पुलिस शिकायतों को वापस लेने की मांग करती है.

अग्निवीर के लिए 8 से खुलेगा भर्ती पोर्टल

बोकारो। अग्निवीर बनने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है. अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष व महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है. वायुसेना पदाधिकारी सी मोहपात्रा ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए भर्ती पोर्टल 8 जुलाई से खुलेगा. इच्छुक अभ्यर्थी 8 से 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्टूबर को होगी. योग्य उम्मीदवार रजिस्ट्रेशन के लिए वेब पोर्टल agnipathvayu.cdac.in पर लॉगिन कर सकते हैं. उम्मीदवारों का जन्म 3 जनवरी 2008 से 3 जुलाई 2004 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) होना चाहिए. विज्ञान विषय के उम्मीदवारों को केंद्रीय या राज्य शिक्षा बोर्ड से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट या 10+2 की परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना जरूरी है, साथ ही अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उतीर्ण होना चाहिए. केंद्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से तीन साल का डिप्लोमा कोर्स (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ ऑटोमोबाइल/ कंप्यूटर साइंस/ इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी या इंफॉर्मेशनटेक्नोलॉजी) 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं.

सुरक्षा व्यवस्था को ले पुलिस और व्यवसायियों की बैठक

तिसरी(गिरिडीह)। तिसरी थाना परिसर में इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो और थाना प्रभारी संजय नायक की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के विभिन्न व्यवसायियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधित विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिया है. जिसमें सभी को अपनी दुकान के अंदर और मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया. साथ ही कैमरे का स्टोरेज कम से कम एक माह तक रखने की भी बात कही गई. इसके अलावे दुकान में यदि कोई चेहरा ढक कर आ रहा है तो उसके ढ़के हुए चेहरे को खोलने पर ही दुकान में आने दें. साथ ही कोई संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की बात कही.

15 जुलाई को होगा चक्का जामः कामोद प्रसाद

कथारा। सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत कथारा कोलियरी का अगामी 15 जुलाई को चक्का जाम किया जायेगा. उपरोक्त जानकारी पत्रकारों को जनता मजदूर संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद प्रसाद ने दी. जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कथारा के झिरकी बस्ती में जनता मजदूर संघ के असंगठित कमेटी की बैठक किया गया. जहां सर्वसम्मति से कथारा कोलियरी का चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया. साथ ही उन्होंने बताया कि चक्का जाम का निर्णय विवशता पूर्ण और प्रबंधन की हठधर्मिता रवैया के खिलाफ लिया गया. उन्होंने बताया कि विस्थापित व प्रभावित ग्रामीणों को आउटसोर्सिंग में कार्य देने की मांग पर प्रबंधन टाल मटोल की नीति अपनाई हुई है, जिसके खिलाफ चक्का जाम किया जायेगा. बैठक की अध्यक्षता हजरत अंसारी एवं संचालन पप्पू यादव ने किया.

पीरटांड़ में चला मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम

पीरटांड (गिरिडीह)। चुनाव आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. इसे लेकर पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया. साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है. इसी दौरान शुक्रवार को बीडीओ मनोज कुमार मरांडी द्वारा मांझीडीह गाँव में घर-घर जाकर निरीक्षण किया गया. साथ ही बीडीओ द्वारा बीएलओ को बताया गया कि छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, इपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य का सर्वेक्षण किया जाना है. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान एक जुलाई 2024 को 18 साल की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में लेख सम्मिलित करना एब्सेंट, शिफ्टेड एंड डेथ मतदाताओं का फॉर्म 6 भरने का कार्य किया जाना है. इस दौरान बीएलओ के अलावे संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

डिग्री कॉलेज की अव्यवस्था पर संज्ञान लें राज्यपाल : डॉ लंबोदर

बोकारो। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर गोमिया विधानसभा क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराकर समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया. उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि गोमिया डिग्री कॉलेज में करीब साढ़े आठ सौ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, बावजूद इस महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है. डिग्री कॉलेज में पेयलापूर्ति की समस्या तो है ही, एप्रोच रोड भी नहीं है. उन्होंने बताया कि नियमित शिक्षक के साथ-साथ शिक्षकेत्तर कर्मियों का भी अभाव है. झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी को गोमिया में स्टडी सेंटर खोलने की जरूरत है. उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई किए जाने की जरूरत है. उन्होंने राज्यपाल से झारखंड राज्य में प्राथमिक स्तर किए जा रहे भाषायी सर्वेक्षण में कुरमी समुदाय की कुरमाली भाषा को दर्ज करने पर भी चर्चा की.

हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीटू ने की बैठक

बोकारो। मेडिकल जांच के नाम पर मनमानी ठंग से ठेका मजदूरों की छंटनी पर रोक लगाने और ठेका मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर आगामी 11 जुलाई की आहूत बोकारो स्टील प्लांट की हड़ताल को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) की ओर से ब्लास्ट फर्नेस कैन्टीन रेस्ट रूम में ठेका मजदूरों की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता ठेका मजदूर मोतीलाल मांझी ने किया. इस दौरान मजदूरों को सम्बोधित करते हुए युनियन के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद ने कहा कि समय रहते प्रबंधन मेडिकल जांच के नाम पर छंटनी करने की आदेश को वापस ले और ठेका मजदूरों की लम्बित मांगों पर 11 जुलाई के पहले निर्णय ले अन्यथा 11 जुलाई को शत प्रतिशत ठेका मजदूर हड़ताल में भाग लेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी.

ललमटिया विद्यालय में हुआ फलदार पौधरोपण

ललमटिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुक्रवार को ललमटिया स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में फलदार पौधरोपण किया गया. प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अहमद अंसारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक जे पी यादव ने बीस फलदार वृक्ष एवं छायादार वृक्ष का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया. इस दौरान प्रधानाचार्य जे पी यादव ने कहा कि पर्यावरण मानवीय गलतियों के कारण प्रदूषित होता है इसलिए मानव को पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है.

हेमंत की वापसी, राह कांटों भरी

हेमंत चूंकि चार साल से अधिक काल तक लगातार सरकार चलाते रहे, इसलिए ब्यूरोक्रेसी के स्तर पर उनको कोई समस्या नहीं आनेवाली. संगठन उन पर कुर्बान है ही. यहां तक कि गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, राजद को भी उनका ही भरोसा है. हेमंत का राज रहा हो कि चंपाई का, वोट बैंक का ध्यान रखकर नीतिगत फैसले लिए जाते रहे. इन्होंने क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाये रखा. असल परेशानी कांग्रेस के साथ पेश आनेवाली है.

• देश-काल

श्याम किशोर चौबे

तीन जुलाई की शाम मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के इस्तीफा और 4 जुलाई को हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण में कुछ भी अजूबा नहीं था. इसी साल होनेवाले विधानसभा चुनाव का यह गेमप्लान है और टूट-फूट से बचाव का रास्ता और जहां गिरफ्तारी हुई थी, वहीं फिर से मुख्यमंत्री का रुतबा हासिल करने की हेमंत की इच्छा. नये सिरे से पद संभालते ही हेमंत ने तीन बार मुख्यमंत्री रहने का अपने पिता शिबू सोरेन और अर्जुन मुंडा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. वे यह भी कह सकेंगे कि हम ही तीन में भी और तेरह में भी. पहली बार शिबू सोरेन दस दिनों के लिए ही सही, लेकिन झारखंड के तीसरे मुख्यमंत्री बने थे और अब हेमंत इस बार तेरहवें मुख्यमंत्री बन गये. लोकसभा चुनाव के पहले इनको जमीन घोटाला मामले में ईडी ने 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था. 28 जून को हाईकोर्ट से जमानत मिली. अब उनके सामने विधानसभा चुनाव की बड़ी चुनौती मुंह बाये खड़ी है. इसी साल अंतिम तिमाही में यह चुनाव होना है. यह चुनाव अधिक चुनौतीपूर्ण इसलिए होगा क्योंकि पिछली बार तत्कालीन एनडीए सरकार की, खासकर सीएनटी/एसपीटी एक्ट संबंधी नीतिगत खामियां, आत्ममुग्धता की हद तक का आत्मविश्वास, बड़बोलापन, संगठन और सत्ता में तालमेल की कमी, आजसू को अलग कर दिया जाना जैसी कार्रवाइयों ने महागठबंधन की राह आसान कर दी थी. तत्कालीन रघुवर सरकार का एंटीइंकबेन्सी फैक्टर अब इस सरकार पर लागू होगा. भाजपा हालिया लोकसभा चुनाव में तीन सीटें गंवाकर खार खाये बैठी है, इसलिए विधानसभा चुनाव में वह अधिक आक्रामक रहेगी, इसमें शक की कोई गुंजाइश नहीं है. उसको चुनाव संचालन के लिए शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा जैसे दो अनुभवी नेता मिल गये हैं और राज्य के स्तर पर नेताओं-कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज विद्यमान है. चुनावी रणनीति पर उसने काम शुरू कर दिया है. घोषणा पत्र बनाने से लेकर महागठबंधन सरकार की खामियां गिनाते हुए आरोप पत्र तैयार करने तक में जानकारों की टीम झोंक दी गई है.

चंपाई सोरेन पुराने नेता हैं. वे हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के जमाने में चलाये गये झारखंड आंदोलन की उपज हैं. उनको पांच महीने मुख्यमंत्री रहने का मौका मिला. यह मौका हेमंत की गिरफ्तारी के कारण ही मिला. निश्चय ही वे एक्सीडेंटल सीएम थे. वे हालांकि मंत्री पद संभालते रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री होना और बात होती है. दो सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली, 25 साल से अधिक की महिलाओं को भी पेंशन जैसे निर्णय लेकर वे रंग पकड़ ही रहे थे कि इस्तीफा देने की नौबत आ गई. यह ठीक है कि चुनाव के समय दो पॉवर सेंटर नहीं रहने चाहिए. ऐसा होने पर खेल बिगड़ता ही है. दूसरी बात यह कि 2019 का चुनाव हेमंत के नेतृत्व में लड़ा गया था, जिसमें महागठबंधन को अपार सफलता मिली थी. विगत लोकसभा चुनाव में झारखंड में हेमंत एक मुद्दा रहे और इंडिया ब्लॉक दो सीटों से उछाल मारकर पांच सीटों तक जा पहुंचा. इसी लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन घर-परिवार की देहरी लांघ कर सार्वजनिक जीवन में उतरीं और स्टार चेहरा बन गईं. उन्होंने खुद गांडेय विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव काफी मार्जिन से जीता. हेमंत की पार्टी झामुमो में अर्बन चेहरेवाले नेतृत्व की कमी वे पूरी कर सकेंगी.

हेमंत चूंकि चार साल से अधिक काल तक लगातार सरकार चलाते रहे, इसलिए ब्यूरोक्रेसी के स्तर पर उनको कोई समस्या नहीं आनेवाली. संगठन उन पर कुर्बान है ही. यहां तक कि गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, राजद को भी उनका ही भरोसा है. हेमंत का राज रहा हो कि चंपाई का, वोट बैंक का ध्यान रखकर नीतिगत फैसले लिए जाते रहे. इन्होंने क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाये रखा. असल परेशानी कांग्रेस के साथ पेश आनेवाली है. खूंटी और लोहरदगा संसदीय सीटें जीत लेने और कतिपय अन्य क्षेत्रों में खासा वोट मिल जाने का मतलब विधानसभा चुनाव की राह निष्कंटक हो जाना कतई नहीं है. देश के स्तर पर महिला केंद्रित राजनीति का दौर प्रारंभ हो गया है. झारखंड में कुछ अरसा पहले कांग्रेस की पांच महिला विधायक हुआ करती थीं, आज भी चार हैं. उनको कितना महत्व दिया गया, यह सवाल उठना लाजिमी है. कांग्रेस के लिए यही वह समय है, जब सरकार में वह ठोंक-बजाकर भागीदारी निभाये, ताकि चुनाव आते-आते जन मानस में सकारात्मक संदेश चला जाए. मंत्रियों और विधायकों में ही सही, वह तालमेल तो बैठा ले. चंपाई सीएम रहते तो हार का ठीकरा उन पर फूटता. अब हेमंत मैदान में कूद गये हैं तो सारी जवाबदेही इन पर आ जाएगी. उन्होंने गंभीर चुनौती ओढ़ ली है. लोकसभा चुनाव में कुछ खूंटे डगमगाए हैं. इस लिहाज से उनको झामुमो में भी ओवरहॉलिंग करनी पड़ेगी और गठबंधन के साथियों को भी ऊर्जा देनी पड़ेगी. अपना कार्यकाल पूरा करने जा रही महागठबंधन सरकार के पास गिनाने के लिए कई काम हैं और प्रतिपक्षी भाजपा के पास भी इस सरकार की नाकामियां गिनाने के लिए बहुत कुछ है. रोजगार, कानून-व्यवस्था आदि स्थायी मुद्दे हैं. असल बात होती है सरकार का इकबाल. वह किस हद तक प्रभावित किये हुए है, इस पर भी चुनाव निर्भर करता है. इस बार जनजातीय आबादी के साथ-साथ कुड़मी महतो भी एक फैक्टर होंगे. फैक्टर तो खुद हेमंत भी रहेंगे. इनका पक्ष भाजपा द्वारा भली-चंगी सरकार को तबाह करने की कोशिश पर खेलेगा, जबकि भाजपा भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाएगी. हेमंत की जमानत के साथ ही उसने कह दिया था, उनको जमानत मिली है, केस तो कायम है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

लेबर पार्टी की जीत के मायने

धुर दक्षिणपंथ के वैश्विक उभार के बीच ब्रिटेन का चुनाव परिणाम विश्व शांति और सामाजिक लोकतंत्र में यकीन करने वाले विश्व जनमत के लिए राहत भरी खबर है. आर्थिक तौर पर पीछे छूट गए समूहों के लिए भी यह चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं. यूरोपीयन यूनियन के चुनावों में जिस तरह धुर दक्षिणपंथियों को बढ़त हासिल हुई, उससे दुनिया भर में टकराव का खतरा बढ़ गया है. फ्रांस के संसदीय चुनावों के पहले दौर में जिस तरह धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने बढ़त बनायी, उससे दुनिया के गरीब देशों के उन नागरिकों के लिए, जो बड़ी आर्थिक शक्तियों वाले देशों में पनाह लेते हैं, खतरा बढ़ गया है. ब्रिटेन की लेबर पार्टी इस समय एक मध्यममार्गी दल है जिसका झुकाव मानवीय चेहरे वाले आर्थिक नीतियों की ओर है. जेर्मी कोर्बिन ने लेबर पार्टी को मजदूरों, युवाओं और सरकारी कर्मचारियों के हितों वाली पार्टी का रूप दिया था. लेकिन कीर स्टार्मर के नेता बनने के बाद से लेबर पार्टी एक उदार मध्य मार्गी दल की तरह उभरा है. भारत के लिए लेबर पार्टी की भारी जीत से कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ने जा रहा है. कश्मीर के मामले में स्टार्मर कह चुके हैं कि वह भारत का आंतरिक मामला है और उसका समाधान द्वीय पक्षीय वार्ता से निकाला जाना चाहिए. यानी कश्मीर के अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोर्बिन की नीतियों को स्टार्मर ने पीछे छोड़ दिया है. इसके साथ ही स्टार्मर ने यह भी कहा है कि वह भारत के साथ बेहतर रिश्ता रखेंगे. इसके साथ ही भारत के साथ खुले व्यापार समझौते की राह और आसान हो सकेगी. लेकिन ऋषि सुनक के टोरी दल के हाल सामान्य नहीं हैं. लेबर पार्टी ने 14 साल बाद सत्ता में वापसी की है और उसने 650 सीटों वाले सदन में 414 सीटों पर जीत दर्ज की है. सुनक की पार्टी को गहरा आघात लगा है. सुनक ने अपनी सीट तो बचा ली है, लेकिन पार्टी को नहीं बचा पाए हैं. ब्रिटेन के मेहनतकश और युवा तबके की भारी नाराजगी का सामना सुनक की पार्टी को करना पड़ा है. भारत की तरह ही ब्रिटेन के नागरिकों ने आर्थिक असमानता और आमजन की तकलीफों में इजाफा करने वाली आर्थिक नीतियों को नकार दिया है. भारत में नरेंद्र मोदी को नागरिकों की नाराजगी के कारण ही अल्पमत की सरकार बनाना पड़ा. उन्हें ध्रुवीकरण की राजनीति ने बचा लिया, लेकिन ब्रिटेन में प्रो-ब्रेक्जिट और नफरत पालने वाली पार्टियों को हार का सामना करना पड़ा है. ब्रिटेन के नतीजे मध्यमार्गी नीतियों को विमर्श के केंद्र में ला दिया है. 7 जुलाई को फ्रांस के संसदीय चुनाव का दूसरा चरण होगा. पहले चरण में धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी को 34 प्रतिशत मिले, जबकि वामपंथी गठबंधन को 29 प्रतिशत. मैक्रो की पार्टी 21 प्रतिशत पर सिमट गयी है. दूसरे चरण में देखना है कि मैक्रो के समर्थक धुर दक्षिणपंथ के साथ जाते हैं या वामपंथ के साथ. इतना तो तय है कि दुनिया के विकसित देशों का आर्थिक संकट धुर दक्षिणपंथियों के लिए मददगार साबित हो रहा है. इसका एक मतलब साफ है कि वोटर स्पष्टतः जनता समर्थक आर्थिक नीति चाहते हैं, जो मध्यमार्गी और वाम रूझान के दल देने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं. अमेरिका में ट्रंप के उभार को भी इसी संदर्भ में समझना चाहिए.

> भारत में नरेंद्र मोदी को नागरिकों की नाराजगी के कारण ही अल्पमत की सरकार बनाना पड़ा. उन्हें ध्रुवीकरण की राजनीति ने बचा लिया, लेकिन ब्रिटेने में प्रो-ब्रेक्जिट और नफरत पालने वाली पार्टियों को हार का सामना करना पड़ा है.

सुभाषित

**पिबन्ति नद्यः स्वयं एव न अम्भः स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः।
न अदन्ति सस्य खलु वारिवाहा परोपकाराय सतां विभूतयः॥**

नदी स्वयं के जल को नहीं पीती, वृक्ष स्वयं के फल को नहीं खाते और बादल अपने द्वारा पानी बरसा कर पैदा किए गए अन्न को नहीं खाते. सज्जन हमेशा परोपकार ही करते हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ

सत्य का भ्रम

एक सरल स्वभाव के ग्रामीण ने बाजार से एक बकरी खरीदी. खुशी-खुशी वह बकरी को कंधे पर लिये घर जा रहा था. रास्ते में उसे तीन ठग मिल गये. उन्होंने उसे मूर्ख बनाकर बकरी हड़पने की योजना बनायी और उसके गांव के रास्ते में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर खड़े हो गये. जब पहले ठग को वह ग्रामीण मिला, तो ठग बोला - ₹भैया, इस कुतिया को क्यों पीठ पर उठाये ले जा रहे हो ?₹ ग्रामीण ने उसकी ओर उपेक्षा से देखकर कहा - ₹अपनी आंखों का इलाज करा लो. यह कुतिया नहीं, बकरी है. इसे मैंने आज ही बाजार से खरीदा है.₹ ठग हंसा और बोला - ₹मेरी आंखें तो ठीक हैं, पर गड़बड़ तुम्हारी आंखों में लगती है. खैर, मुझे क्या फर्क पड़ता है. तुम जानो और तुम्हारी कुतिया.₹ ग्रामीण थोड़ी दूर और चला कि दूसरा ठग मिल गया. उसने भी यही बात कही - ₹क्यों भाई, कुतिया को कंधों पर लादकर क्यों अपनी हंसी करा रहे हो. इसे फेंक क्यों नहीं देते ?₹ अब ग्रामीण के मन में संदेह पैदा हो गया. उसने बकरी को कंधों से उतारा और उलट-पलटकर देखा. पर वह थी तो बकरी ही. इसलिए वह फिर अपने रास्ते पर चल पड़ा. थोड़ी दूरी पर तीसरा ठग भी मिल गया. उसने बड़ी नम्रता से कहा - ₹भाई, आप शक्ल-सूरत और कपड़ों से तो भले आदमी लगते हैं; फिर कंधों पर कुतिया क्यों लिये जा रहे हैं ?₹ ग्रामीण को गुस्सा आ गया. वह बोला - ₹तुम्हारा दिमाग तो ठीक है, जो इस बकरी को कुतिया बता रहे हो ?₹ ठग बोला - ₹तुम मुझे चाहे जो कहो; पर गांव में जाने पर लोग जब हंसेंगे और तुम्हारा दिमाग खराब बतायेंगे, तो मुझे दोष मत देना.₹ जब एक के बाद एक तीन लोगों ने लगातार एक जैसी ही बात कही, तो ग्रामीण को भरोसा हो गया कि उसे किसी ने मूर्ख बनाकर यह कुतिया दे दी है. उसने बकरी को वहीं फेंक दिया. ठग तो इसी प्रतीक्षा में थे. उन्होंने बकरी को उठाया और चलते बने. यह कथा बताती है कि गलत तथ्यों को बार-बार व बढ़ा चढ़ाकर सुनने में आने से भले-भले विद्वान भी भ्रम में पड़ जाते हैं. निसंदेह अपनी कमियों का अवलोकन करना और उन्हें दूर करने के प्रयास करना विकास में सहायक है. किन्तु बार बार उन्हीं कमियों की स्मृति में ही डूबे रहना, उन्हें विकराल स्वरूप में पेश करना, समझना और उसी में शोक संतप्त रहना, आशाविहीन अवसाद में जाना है. शोक कितना भी हृदय विदारक हो, आखिर उससे उबरने में ही जीवन की भलाई है. समस्याएं चिंताए कितनी भी दूभर हो, गांठ बांधने, बार बार याद करने से कुछ भी हासिल नहीं होना है. उलट कमियों का निरंतर चिंतन हमें नकारात्मकता के गर्त में गिराता है.

नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की चुनौती

• सामयिकी

प्रमोद जोशी

औपनिवेशिक व्यवस्था को बदलने की बातें अरसे से होती रही हैं, पर जब बदलाव का मौका आता है, तो सवाल भी खड़े होते हैं. ऐसा ही तीन नए आपराधिक कानूनों के मामले में हो रहा है, जो गत 1 जुलाई से देशभर में लागू हो गए हैं. स्वतंत्रता के बाद से न्याय-व्यवस्था में परिवर्तन की यह सबसे बड़ी कवायद है. ये कानून नए मामलों में लागू होंगे. जो मामले भारतीय दंड संहिता के तहत पहले से चल रहे हैं, उन पर पुराने नियम ही लागू होंगे. इसलिए दो व्यवस्थाओं का कुछ समय तक चलना चुनौती से भरा काम होगा. इस लिहाज से नए कानूनों को लागू करने से जुड़े तमाम तकनीकी-मसलों को चुस्त-दुरुस्त करने में भी चार-पांच साल लगेंगे. इसका अर्थ यह भी है कि देश में जब 2029 में लोकसभा चुनाव होंगे, तब इन कानूनों की उपादेयता और निरर्थकता भी एक मुद्दा बनेगी. इस लिहाज से इन कानूनों का लागू होना बहुत बड़ा काम है. चूंकि कानून-व्यवस्था संविधान की समवर्ती सूची में आते हैं, इसलिए राजनीतिक और प्रशासनिक सवाल भी खड़े होंगे. कर्नाटक उन राज्यों में से एक है, जिसने तीन नए कानूनों का अध्ययन करने के लिए औपचारिक रूप से एक विशेषज्ञों की समिति का गठन किया है. संभव है कि कुछ मसले अदालतों में भी जाएं. इन कानूनों की दो बातें ध्यान खींचती हैं. दावा किया गया है कि अब मुकदमों का फैसला तीन-चार साल में ही हो जाएगा. पुराने दकियानूसी कानूनों और उनके साथ जुड़ी प्रक्रियाओं की वजह से मुकदमे दसियों साल तक घिसटते रहते थे. दूसरे कुछ नए किस्म के अपराधों को इसमें शामिल किया गया है, जो समय के साथ जीवन और समाज में उभर कर आए हैं. इनमें काफी साइबर-अपराध हैं और कुछ नए सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल में उभरी प्रवृत्तियां हैं. जिस आईपीसी का स्थान भारतीय न्याय संहिता ने लिया है, वह अंग्रेज शासकों के हित में बनाई गई थी. उसका उद्देश्य न्याय से ज्यादा शासन करना था. सरकार का दावा है कि ये कानून औपनिवेशिक कानूनों की जगह पर राष्ट्रीय-दृष्टिकोण की स्थापना करेंगे, इसीलिए इनके नाम अंग्रेजी में नहीं, हिंदी में हैं. हालांकि स्वतंत्रता के बाद से पुराने कानूनों में कई बार संशोधन किए गए, पर जैसा कि गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि ये कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए बनाए गए हैं. इन नए कानूनों ने तीन पुराने कानूनों का स्थान लिया है. भारतीय दंड संहिता, 1860- आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 (आईई एक्ट) की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 लागू किए गए हैं. देश में इस बात को लेकर काफी हद तक आमराय रही है कि पुराने कानूनों में 'भारी बदलाव' की जरूरत है. नए कानून इस 'भारी बदलाव' को व्यक्त करते हैं या नहीं, यह इस वक्त चर्चा का विषय है. राजद्रोह कानून अब निरस्त हो जाएगा. वस्तुतः उच्चतम न्यायालय ने मई, 2022 में कहा था कि राजद्रोह का अपराध प्रथम दृष्ट्या अवैधानिक है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए. नए कानून के अनुसार सरकार के खिलाफ नफरत, अवमानना, असंतोष पर दंडात्मक प्रावधान नहीं होंगे, लेकिन इसमें देशद्रोह को नए अपराध के रूप में शामिल किया गया है. राष्ट्र के खिलाफ कोई भी गतिविधि दंडनीय होगी. महिलाओं और बच्चों को हिंसा से बचाने के लिए इसमें नए प्रावधान हैं. कानून में आतंकवाद को परिभाषित किया गया है. सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों, अलगाववादी गतिविधियों या भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधि के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं. गैंगरेप के लिए 20 साल की कैद या आजीवन जेल की सजा होगी. पीड़िता नाबालिग है तो आजीवन कैद/मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है. समय के साथ नई तकनीकों का इस्तेमाल भी बढ़ा है. इसके अनुरूप साक्ष्य अधिनियम में बदलाव हुए हैं. अब 'दस्तावेज' में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर में फाइलें, स्मार्टफोन/लैपटॉप संदेश, वेबसाइट, लोकेशन डाटा; डिजिटल उपकरणों पर मेल संदेश शामिल हो गए हैं. नए कानूनों को लागू करना आसान काम नहीं है, क्योंकि काफी समय तक पुलिस-प्रशासन और न्यायिक-प्रशासन को नए और पुराने कानूनों में अंतर करना होगा. पुराने मुकदमे चलते रहेंगे और नए आते जाएंगे. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> कर्नाटक उन राज्यों में से एक है, जिसने तीन नए कानूनों का अध्ययन करने के लिए औपचारिक रूप से एक विशेषज्ञों की समिति का गठन किया है. संभव है कि कुछ मसले अदालतों में भी जाएं. इन कानूनों की दो बातें ध्यान खींचती हैं. दावा किया गया है कि अब मुकदमों का फैसला तीन-चार साल में ही हो जाएगा. पुराने दकियानूसी कानूनों और उनके साथ जुड़ी प्रक्रियाओं की वजह से मुकदमे दसियों साल तक घिसटते रहते थे.

सवालों से घिरे एनटीए पर पुनर्विचार जरूरी

• विमर्श

अजीत दूबे

इसरो के पूर्व अध्यक्ष के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली सात सदस्यों की कमेटी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए में सुधारों पर विचार कर रही है. सात सदस्यों की यह उच्चस्तरीय समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हर जगह इसका हवाला दे रहे हैं कि सरकार परीक्षा सुधारों के लिए काम कर रही है. लेकिन सवाल है कि क्या काम हो रहा है? क्या एक कमेटी बना देने और उसकी सिफारिशों से परीक्षा की व्यवस्था में सुधार हो जाएगा? यह इतना आसान काम नहीं है.शिक्षा और परीक्षा दोनों का मामला बहुत जटिल है और व्यापक विचार विमर्श के जरिए ही इसमें सुधार किया जा सकता है. केंद्र सरकार की बनाई कमेटी पिछले करीब दो हफ्ते से एनटीए में सुधार के लिए काम कर रही है, लेकिन कहीं भी यह देखने को नहीं मिला है कि उसने संबंधित पक्षों से विचार विमर्श किया है. इस मामले में जितने स्टेकहोल्डर्स हैं, उनके साथ सलाह मशविरा करने की जरुरत है. छात्रों और अभिभावकों की राय लेने की भी जरूरत है और राज्य सरकारों के साथ भी विचार विमर्श किया जाना चाहिए. उसके बगैर किसी भी सुधार की सिफारिश का कोई मतलब नहीं रहेगा. आखिर इसी तरह की किसी कमेटी की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने छह साल पहले एनटीए का गठन किया था लेकिन उससे क्या हुआ? परीक्षा की एक केंद्रीकृत व्यवस्था बन गई, परंतु छात्रों का भला नहीं हुआ. उलटे उनकी मुसीबतें बढ़ गईं. पूरे देश के लिए होने वाली एक केंद्रीकृत परीक्षा में अगर किसी एक राज्य में कोई गड़बड़ी हुई तो पूरे देश के परीक्षार्थियों के लिए मुश्किल पैदा हो जाती है. पहले राज्यवार परीक्षाएं होती थीं तो उनकी समस्या भी स्थानीय स्तर की होती थी और दूसरे राज्यों पर उसका असर नहीं होता था. लेकिन एक देश, एक परीक्षा की सोच में केंद्रीकृत परीक्षाएं हो रही हैं. इसके लिए एक बड़ी एजेंसी बना दी गई, लेकिन न तो सरकार और न एनटीए जैसी एजेंसियां फुलप्रूफ परीक्षा की गारंटी दे पा रही हैं. सरकार को यह समझना होगा कि परीक्षा सिर्फ किसी संस्थान में दाखिला प्राप्त करने या कोई नौकरी हासिल कर लेने का माध्यम नहीं है. यह देश की शीर्ष शिक्षण संस्थानों और परीक्षा आयोजित करने वाले संस्थानों के प्रति आम नागरिक के भरोसे की परीक्षा है. देश का आम नागरिक अपने बच्चों को प्रतियोगिता और प्रवेश परीक्षाओं में इस भरोसे के साथ शामिल करता है कि वहां उसकी योग्यता और क्षमता का ईमानदारी से आकलन होगा. लगातार हो रही गड़बड़ियों से नागरिकों का यह भरोसा टूट रहा है. सोचें, मेडिकल में दाखिले के लिए हुई नीट यूजी की परीक्षा में 24 लाख छात्र शामिल हुए थे. यानी करीब 24 लाख परिवार इससे जुड़े थे. यानी कम से कम एक करोड़ 20 लाख लोग किसी न किसी रूप में इसमें शामिल थे. सरकार को समझना चाहिए कि किस तरह से परिवार अपने जरूरी खर्चों में कटौती करके बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराते हैं. किस तरह से किशोर उम्र के छात्र अपने शौक और अपनी भावनाओं को दबा कर रात दिन एक करके परीक्षा की तैयारी करते हैं. कितनी मुश्किलों से परीक्षा केंद्र तक जाकर लाखों बच्चे परीक्षा में शामिल होते हैं. यह सिर्फ बच्चों की नहीं, उनके पूरे परिवार की परीक्षा होती है. और उसमें इस तरह की घटनाएं हों तो वह सिर्फ कानून के प्रति नहीं, बल्कि मानवता के प्रति अपराध होता है, जिसमें सरकार भी शामिल होती है. सरकार को शिक्षा और परीक्षा की बुनियादी चुनौतियों को समझना चाहिए. इसकी बुनियादी समस्या यह है कि आबादी के अनुपात में न तो शिक्षण संस्थान हैं और न नौकरियां हैं. अच्छे शिक्षण संस्थानों की कमी से पढ़ाई महंगी होती जा रही है और अच्छी नौकरी हासिल करने की चुनौती भी बड़ी होती जा रही है. नौजवानों की आकांक्षा और उपलब्ध अवसर के बीच इतनी बड़ी खाई है, जिसे पाटना असंभव दिख रहा है. इसलिए जब सरकार परीक्षा में सुधार पर चर्चा कर रही है तो उसे इस बुनियादी समस्या को भी समझना होगा कि कैसे अच्छे शिक्षण संस्थाओं की संख्या बढ़ाई जाए और कैसे पढ़ाई को सस्ता बना कर आम लोगों के लिए उसे सुलभ बनाया जाए. ऐसा होगा तभी परीक्षा में पेपर लीक और कदाचार रोकने में आसानी होगी. अब समय आ गया है कि इसे समवर्ती सूची से निकाल कर राज्य सूची में डाला जाए. अभी शिक्षा पर देश में हर साल औसतन छह लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जिसका 85 फीसदी राज्य सरकारें ही करती हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> आखिर इसी तरह की किसी कमेटी की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने छह साल पहले एनटीए का गठन किया था लेकिन उससे क्या हुआ? परीक्षा की एक केंद्रीकृत व्यवस्था बन गई, परंतु छात्रों का भला नहीं हुआ. उलटे उनकी मुसीबतें बढ़ गईं. पूरे देश के लिए होने वाली एक केंद्रीकृत परीक्षा में अगर किसी एक राज्य में कोई गड़बड़ी हुई तो पूरे देश के परीक्षार्थियों के लिए मुश्किल पैदा हो जाती है.

मीडिया में अन्यत्र

सतत विकास के लक्ष्य और भारत की प्रगति

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के 2030 के एजेंडे के एक हिस्से, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में छह वर्ष से भी कम समय शेष रह गया है. ऐसे में इसके 17 लक्ष्यों और 169 संबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत को अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है. इन वैश्विक लक्ष्यों को 2015 में अपनाया गया था और ये गरीबी उन्मूलन, लैंगिक न्याय हासिल करने, पृथ्वी को सुरक्षित रखने तथा सभी के वास्ते शांति और समृद्धि हासिल करने की दिशा में कदम उठाने के लिए एक सार्वजनिक आह्वान हैं. इस संदर्भ में हाल में जारी भारत में एसडीजी की प्रगति रिपोर्ट डेटा आधारित प्रमाण पेश करती है. यह बताती है कि एसडीजी और उससे जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया में भारत की प्रगति मिलीजुली रही है. एसडीजी1 के तहत भारत ने हाल के वर्षों में गरीबी उन्मूलन के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है. रिपोर्ट के अनुसार बहुआयामी गरीबी में 9.89 फीसदी की कमी आई और यह 2015-16 से 2019-21 के बीच घटकर 14.96 फीसदी रह गई. नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि 2022-23 में यह और गिरकर 11.28 फीसदी रह जाएगी. भविष्य में गरीबी के स्तर में और कमी लाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी तथा लोगों की खर्च योग्य आय बढ़ानी होगी. अन्य क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने के लिए सरकार के निरंतर हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी. उदाहरण के लिए रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि एक ओर जहां मांओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है तथा कुपोषण, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है, वहीं 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में खून की कमी के मामलों में इजाफा हुआ है. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामलों में उच्चतर माध्यमिक शिक्षा में नामांकन, व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण में भागीदारी दर, दिव्यांग बच्चों के नामांकन, शिक्षक-छात्र अनुपात और स्कूल बुनियादी ढांचे के मामले में 2015-16 से अब तक काफी सुधार हुआ है. बहरहाल, कक्षा पांचवीं और आठवीं की पढ़ाई पूरी करने वाले बच्चों की तादाद महामारी के पहले के स्तर से नीचे आ गई है. यह बताता है कि महामारी ने अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित किया है. इसके अलावा महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ने के साथ ही वेतन की असमानता, दहेज के मामले और अपराधों की तादाद भी बढ़ी है. इनमें महिलाओं पर यौन अपराध शामिल हैं. ये कारक बताते हैं कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक संरक्षण के क्षेत्र में सरकारी व्यय बढ़ाने की आवश्यकता है. बहरहाल, रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि कुल सरकारी व्यय में अनिवार्य सेवाओं पर होने वाला व्यय महामारी के पहले के स्तरों से कम हुआ है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

सूरत/सीरत

तेरी प्यारी प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे. यह 1960 में बनी फिल्म ससुराल के एक गीत का प्यारा-सा मुखड़ा. हसरत जयपुरी के शब्दों की सूरत को मोहम्मद रफी ने खूबसूरती के चरम पर पहुंचा दिया था. यही कारण है कि लगभग ढाई दशक के बाद भी इस गाने की सूरत में कोई अंतर नहीं आया है. इस गीत में केवल महसूस की जानेवाली प्यारी-सी सूरत ही नहीं है, बल्कि दिल के तारों को झंकृत कर देनेवाली सीरत भी है. सूरत और सीरत दोनों ही अरबी भाषा मूल के संज्ञा स्त्री लिंग शब्द हैं. दोनों के बीच समानता तो नहीं है, लेकिन एक दूसरे के लिए ये आवश्यक अवश्य ही हैं. सूरत हो, लेकिन सीरत नहीं हो तो अच्छी-भली सूरत भी अप्रिय लगने लगती है. सांप और बाघ, दोनों की सूरत बहुत लुभावनी होती है, लेकिन सीरत से हिंसक और घातक होने के कारण इनकी सुंदरता किसी को मोहित नहीं कर पाती. मैंने अपने एक मित्र से पूछा कि सूरत और सीरत में क्या अंतर है. उसने तपाक से जवाब दिया-सूरत गुजरात का एक सुप्रसिद्ध नगर है और सीरत हिमाचल प्रदेश का एक गांव. यह भी सही है, लेकिन जिस सूरत और सीरत की बात हम कर रहे हैं, वह नहीं है. अरबी भाषा मूल के सूरत का मतलब है रूप, आकृति, चेहरा शक्ल, जीव-जंतु, पदार्थ, व्यक्ति आदि की आकृति या रूप जिससे उसकी पहचान होती है, मामला, रास्ता, किसी व्यक्ति या वस्तु का बाह्य रूप, देशा, हालत, चित्र, तस्वीर, उपाय, तदबीर, रूपरेखा. भेष, कुरान शरीफ का एक अध्याय. सीरत उस गुण को कहा जाता है, जो चरित्र, आदत, गुण, कौशल, विशेषता, स्वभाव, प्रकृति, जीवन-चरित, प्रकृति आदि के रूप में महसूस किया जा सकता है. अच्छी सूरतवाले लोग भले ही सुंदर और मासूम हों, पर जबतक सीरत अच्छी नहीं हो तो वह बेकार ही है. सूरत आकृति है तो सीरत गुण. सूरत बाहरी सुंदरता है तो सीरत आंतरिक सौंदर्य.

चुनाव और चिम्मनलाल की चालाकी

• तीर-तुक्का

डॉ. एस. के. पाण्डेय

चिम्मनलालजी की अपनी पार्टी-'एसकेएपी' यानी 'सबकुछ अपना पार्टी' की चुनाव पूर्व बैठक चल रही थी. बैठक में मौजूद दर्जनों कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए चिम्मनलालजी उन्हें जोरदार ढंग से संबोधित कर रहे थे-हां तो मित्रो, चुनाव से पहले हमें जनता की भलाई के लिए बहुत करना है. कुछ आवश्यक चीजों के दाम जो हम अब तक बढ़ाते आयें हैं, अब थोड़ा कम करना चाहते हैं. बेचारी जनता महंगाई के बोझ से दबी जा रही है. थोड़ी सी राहत पाकर उसके जान में जान आएगी और वह अनजान होकर एसकेएपी के लिए मतदान करेगी. जिन गावों में आठ घंटे भी बिजली नहीं रहती. उनमें अठारह घंटे सप्लाई होगी और जिन शहरों में चार घंटे की कटौती होती हैं. वहां चौबीस घंटे बिजली दी जायेगी. जो सड़कें वर्षों से टूटी हैं, उन पर जल्द ही काम चालू कर दिया जायेगा. कुछ नई सड़कों का भी नक्शा पास करवा रहे हैं. इन्हें बनवाएंगे नहीं. बस दो-दो महीने पर जांच-पड़ताल होती रहेगी और चुनाव बीत जायेगा. किसी ने कहा कि नेता जी जो काम पिछले चार साल में नहीं हुआ, उसे आप केवल एक साल में कैसे पूरा कर देंगे? नेता जी बोले पूरा कौन कर रहा है? हम शुरुआत कर रहे हैं. चिरौंजीलाल जी समझाते हुए बोले जो काम हमें चार साल पहले शुरू करना चाहिए था. उसे हम आज शुरू करने जा रहे हैं. बस इतना ही है. आप लोग परेशान मत हों. यह समझ कर कुछ कर दिखाओ कि चुनाव एक साल बाद नहीं, बल्कि एक महीने बाद ही है. अभी तक जो प्रमुख काम हमने किया है, वह है वस्तुओं की मूल्य वृद्धि और आज पहली बार घटाने का निर्णय ले रहे हैं. किसी ने कहा इससे हमारे बजट में असंतुलन की स्थिति आ जायेगी. उससे कैसे निपटा जायेगा. चिरौंजीलालजी बोले कि वस्तुओं का मूल्य हम मजबूरी में घटा रहे हैं. वैसे हम इस स्थिति में हैं नहीं. वस्तुतः हमें कम से कम दो रूपये हर जरूरत वाली चीजों के मूल्यों में इसी वक्त बढ़ा देना चाहिए. परन्तु अब ऐसा न करके चुनाव के बाद दो के जगह चार बढ़ा देंगे तो सूद और ब्याज सब वापस हो जायेगा. चिम्मनलालजी एसकेएपी के बरिष्ठ नेता तिवारी जी से बोले हमने एजेंडा बनाने के लिए एक समिति बनाई है. जिसका दारोमदार आपके ऊपर ही होगा. आपलोग 'न भूतो न भविष्यति' के तर्ज पर एक ऐसा एजेंडा तैयार करवाइए कि जिसे देखकर विरोधियों के दांत खट्टे हो जाएं और जनता चार साल के सारे गम भुलाकर एसकेएपी को सिर पर बिठा ले. चिम्मनलालजी बोले- चुनाव प्रचार में भी हमें दिल खोलकर खर्च करना है. मकसद सिर्फ चुनाव जीतना है. इसके लिए कुछ भी करेंगे. एड़ी से चोटी तक का जोर लगा देंगे. यह सब सुनकर किसी कार्यकर्ता ने प्रश्न किया. इन खर्चों की भरपाई कहाँ से होगी? नेता जी बोले. यह सोचने का समय अभी नहीं है. और चुनाव जीतने के बाद इसके अलावा और कुछ सोचने का समय ही कहां रहता है?

वर्ल्ड किस डे आज

किस्सा किस का

'फिल्म में किसिंग सीन हों तो बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग मिल जाती है. बॉलीवुड आज इतना आगे निकल गया है कि प्यार के दृश्यों में अब आप कभी दो फूल, दो भंवरे या दो पक्षी एक-दूसरे की तरफ झुकते हुए नहीं देख सकेंगे. हीरो-हीरोइनों को चुंबन दृश्य में कोई परहेज नहीं है.' करन जौहर ने कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही थी और शायद यही आज बॉलीवुड की फिल्मों की सच्चाई है. आज (6 जुलाई को) वर्ल्ड किस डे है. आइए, इस मौके पर बॉलीवुड के बहाने जाने किस्सा किस का...

पहला किसिंग सीन

बॉलीवुड का पहला और करीब 4 मिनट से अधिक समय का किसिंग सीन 1933 में फिल्म कर्मा में नजर आया. सीन ऐसा था कि एक्टर हिमांशु राय बेहोशी की हालत में था. एक्ट्रेस देविका रानी को उन्हें किस करके जगाना था. इस किसिंग सीन की वजह से बहुत बवाल हुआ, देविका रानी और हिमांशु राय की फजीहत हुई. बाद में इस कपल से शादी कर ली थी और आलोचकों का मुंह बंद कर दिया था.

बहू जब पर्दे पर करे किस

बहू तो बहू होती है, भले विश्वसुंदरी हो, एक्ट्रेस हो. जब 'धूम-2' में ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय का किसिंग सीन आया तो ससुर जी यानी अमिताभ बच्चन फिल्म का स्पेशल शो छोड़ कर चले गए. बहू को गैर मर्द के साथ पर्दे पर किस करता देखना उन्हें गवारा नहीं था.

"किस" के लिए नो-नो

सलमान खान किसिंग सीन से दूर रहते हैं. उनका तर्क है कि उनकी फिल्म परिवार के सारे सदस्य मिलकर देखते हैं, इसलिए वे अपनी फिल्म में एक भी असहज करने वाला सीन नहीं डाल सकते हैं. निर्माता और निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म 'किक' में सलमान के लिए एक किसिंग सीन डाल दिया था. सलमान खान को जब सीन के बारे में पता चला, तो वे भड़क उठे. उन्होंने फौरन साजिद के नाम फरमान जारी कर दिया कि वे अपनी स्क्रिप्ट पर दोबारा काम शुरू कर दें. उन्हें किसिंग सीन कतई नहीं चाहिए.

शिल्पा के ये तीन किस

किस्सा किस का हो तो शिल्पा शेट्टी को कैसे भूला जा सकता है. शिल्पा खुद भी शायद अपने जीवन में इन तीन चुंबनों को कभी नहीं भूल पाएंगी. प्रयाग में 2012 में हुए महाकुंभ के दौरान शिल्पा जब एक साधू के करीब पहुंची तो उसने शिल्पा का चेहरा पकड़कर चूमना शुरू कर दिया. यह किस तो बहुत विवादों में रहा. हॉलीवुड निर्देशक रिचर्ड गेरे भारत में आए थे तब एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान रिचर्ड सार्वजनिक जगह पर शिल्पा को बुरी तरह से चूम बैठे.

इस किस पर भी खूब हो-हल्ला हुआ. धड़कन फिल्म में अक्षय कुमार के साथ उनके किस सीन की चर्चा खूब हुई. उस दौरान वह अक्षय की प्रेमिका भी रहीं और यह किस सीन खूब चर्चित हुआ है.

"किस" की गिनती

शाहिद-कियारा की फिल्म 'कबीर सिंह' के बारे में कहा जाता है कि इसमें जितने चुंबन हैं शायद उतने बॉलीवुड की किसी फिल्म में आज तक नहीं नजर आए. लेकिन इस फिल्म में कितने चुंबन दृश्य हैं, इसकी गिनती भी शायद आज तक किसी ने नहीं की. वहीं एक ऐसी फिल्म की बात भी करें जिसमें एक्टर ने दो एक्ट्रेस के साथ करीब दो दर्जन किस कर डाले. जी हां, बात हो रही है फिल्म शुद्ध देसी रोमांस की जिसमें सुशांत सिंह ने परिणीति चोपड़ा और वानी कपूर के साथ 23 चुंबन सीन फिल्माए. नील नितिन मुकेश और सोनल सिंह की मुख्य भूमिका वाली फिल्म '3 जी' 30 किस सीन के कारण चर्चा में रही. एक्ट्रेस सोनल चौहान को यह सीन उसके साथ ही करना था जो रियल लाइफ में उनके बॉयफ्रेंड थे. लिहाजा कोई असहजता नहीं हुई. मल्लिका शेरावत की 'ख्वाहिश' में 20 से अधिक चुंबन दृश्य थे, और यही फिल्म की सफलता की वजह बना.

"किस" की चालाकी

फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान और भाग्यश्री के बीच एक किस सीन था जिसके लिए दोनों इंकार कर दिया. डायरेक्टर सूरज बड़जात्या तब एक उपाय निकाला कि दोनों के बीच एक शीशा रख दिया. दोनों ने उस शीशे को किस किया और दर्शकों को इस किस के इस चालाकी का पता भी नहीं चला. कुछ ऐसा ही हुआ 2012 में आई तमिल/तेलुगु फिल्म 'मात्तारान' में. एक हॉल में काजल और सूर्या के बीच फिल्माया गया एक किसिंग सीन है, लेकिन हकीकत में काजल ने एक कुशन को किस किया था जबकि सूर्या ने एक प्लास्टिक शीट को किस किया था. बाद में विजुअल इफेक्ट्स की मदद से ऐसे दिखाया गया कि जैसे दोनों ने एक दूसरे को किस किया हो.

'ये साली जिंदगी' के किस

सुधीर मिश्रा की फिल्म 'ये साली जिंदगी' भी किस की वजह से ही चर्चा में रही. इसमें अदिति राव का अरूणोदय के साथ करीब एक मिनट लंबा किस सीन एक ऑटो में फिल्माया गया. कुछ और किस सीन चित्रांगदा सिंह पर भी फिल्माए गए.

बरसो रे बरसो मेघा, मेघा बरसो, मीठा है, कोसा है, बारिश का बोसा है

हस्ताक्षर

विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

बारिश और हमारा रिश्ता अजीब है, हर साल बारिश के साथ हम डूबते उतराते हैं, फिर भी यदि किसी मौसम की हम सबसे अधिक प्रतीक्षा करते हैं तो वह बारिश ही होती है. कोई तो विज्ञान है कि बारिश हमें उदास नहीं रहने देती. बारिश के लिए हमारे पास संगीत में मेघ मल्हार है, तो कजरी भी. साहित्य में तो मेघदूत ही है. बचपन में पहली पेंटिंग हमसे कोई बनती है तो वह बादलों की ही होती.

जीवन का पर्याय

बारिश के प्रति हमारी इस कमजोरी का अहसास सिनेमा को भी रहा है. सच तो यही है कि सिनेमा की लोकप्रियता का आधार ही हमारी कमजोरियां हैं. शायद इसीलिए श्वेत श्याम के दिनों से ही सिनेमा के परदे को बारिश की बूंदें भिंगोती रही हैं. 'बरसात' से लेकर 'चमेली' तक बदरवा दर्शकों के मन धड़काए रहे हैं. 'गाईड' और 'लगान' जैसी फिल्म में बारिश की बूंदें जीवन का पर्याय बन कर आती हैं.

प्रेम की अभिव्यक्ति

यहां 'तुम मिले' को भी नहीं भूल सकते जिसमें बारिश से मुंबई को त्राहिमाम करते भी हमने देखा था. लेकिन सिनेमा के लिए बारिश का एक ही पक्ष महत्वपूर्ण रहा है, प्रेम. आर के स्टूडियो का प्रतीक चिन्ह बन चुका 'बरसात' का 'हमसे मिले तुम' हो या 'श्री 420' का 'प्यार हुआ इकरार हुआ'. बारिश की बूंदों के साथ प्रेम के उत्साह को अद्भुत अभिव्यक्ति मिली है. 'कश्मीर की कली' में नायक कहता है, "दिवाना हुआ बादल, सावन की घटा छायी'.

बारिश के बहाने

बदलते समय के साथ हमारे स्वभाव भी बदले हैं और प्रेम के तरीके भी. अब यह सिर्फ 'रिम झिम के तराने लेकर' नहीं आती, सीमाएं तोड़ने के बहाने लेकर आती है. 'नमकहलाल' में अमिताभ बच्चन स्मिता पाटिल बारिस में भींगते बीच सड़क पर लिपटते चिपकते उदघोष करते फिरते हैं, 'आज रपट जायें तो हमें ना बचैयो'. बारिश हिन्दी फिल्मकारों को दोहरा अवसर देते रही है, एक ओर मिथकों में चित्रित बारिश की पृष्ठभूमि नायिका की इच्छाओं की मुखर अभिव्यक्ति के लिए आधार देती है, दूसरी ओर इसकी बूंदे नायिका के शरीर को पूरी मादकता से उजागर करने का भी अवसर देती हैं. 'मेरा नाम जोकर' के 'मोरे अंग लग जा बालमा' से 'मि. इण्डिया' के 'काटे नहीं कटती दिन ये रात' तक बारिश की बूंदें बहाने बन कर ही आती दिखती है.

मिलन का प्रतीक

बारिश मिलन का प्रतीक है. प्रेमचंद की कहानी पर बने 'गबन' में भी साजन की याद को बारिश के साथ मधुरता से जोड़ने की कोशिश की गई है, 'तुम बिन सजन बरसे नयन, जब जब बादल बरसे. मजबूर हम, मजबूर तुम, दिल मिलने को तरसे'. जबकि एक अल्प चर्चित फिल्म 'देवता' में गुलजार ने विरह को कुछ इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है, 'मैं तो कारे बदरवा से हारी, गरजे तो रात जगाये, बरसे तो आग लगाये'. 'गुरु' में बारिश की बूंदे बोसे में बदलती सुनाई पड़ती है, : "बरसो रे बरसो मेघा मेघा बरसो, बारिश का बोसा है..'

बारिश, एक उम्मीद

हमें उम्मीद है कालीदास के 'मेघदूत' की तरह गीतों में अभिव्यक्त बारिश के रिमझिम की मधुरता आने वाले दिनों में भी याद की जाती रहेगी. 'कागज की कश्ती, बारिश का पानी' की जब चर्चा होगी, हमारे सुखद अहसास पुनर्जीवित का अर्थ हो उठेंगे. बारिश की बूंदों से इतनी तो उम्मीद हम रख ही सकते हैं कि तमाम विडम्बनाओं के बीच भी यह हमें 'पहेली' के इस गीत की तरह अपने नास्टेलजिया में तो ले ही जाएगी, ..काग़ज़ की छोटी सी नैय्या, जल की ये लहरें बन के खेवैय्या, होके इसी नैय्या पे सवार, चल दें चल नदिया के पार, जामुन जहां मधुर मधुर, बोली मधुर मधुर, वृष्टि पड़े टापुर टुपुर, टापुर टुपुर.

रश्मिका के हाथ लगा "कुबेर" का खजाना!

रश्मिका मंदाना जल्द ही धनुष के साथ कुबेर में नजर आएंगी. मेकर्स लगातार इसके कई अपडेट जारी कर रहे हैं. अब रश्मिका ने खुद एक वीडियो अपने सोशल एकाउंट पर शेयर किया है जिसमें उनके किरदार के बारे में खुलासा हो रहा है. वीडियो के साथ रश्मिका ने कैप्शन लिखा है-कुबेर.

वीडियो में रश्मिका आधी रात को हथियार लेकर घर से निकल कर एक सुनसान जगह पर जाती दिखती है. यहां वह मिट्टी खोदती है और उससे एक सूटकेस निकालती दिखती है. सूटकेस पैसों से भरा है. इसे लेकर वह आगे बढ़ती नजर आती है. सस्पेंस से भरपूर यह टीजर जारी होते ही प्रतिक्रिया की भरमार आ गई. दर्शक उत्साहित नजर आने लगे. बता दें कि रश्मिका मंदाना का नाम साउथ दिग्गज एक्ट्रेस में शुमार है. अल्लू अर्जुन के साथ वे पुष्पा में दिखी थीं और इसी फिल्म से उनके फिल्मी करियर को उड़ान मिली. बीते साल रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल में गीतांजली की भूमिका अदा कर रश्मिका मंदाना ने फैंस को दिलों को आसानी से जीत लिया. यही कमाल वह कुबेर फिल्म के जरिए भी करती दिख सकती हैं.

इंटरव्यू : निखिल नागेश भट

"सिनेमा हॉल में फिल्म देख कर गुस्सा उतर जाए तो बेहतर है"

निर्देशक निखिल नागेश भट की चर्चित फिल्म 'किल' रिलीज हो चुकी है. पिछले दिनों उन्होंने एक मीडिया हाउस को इंटरव्यू दिया जिसमें बिहार से अपने नाते की भी चर्चा की. पेश है इंटरव्यू का संपादित अंश...

Q. आपकी पिछली फिल्म 'अपूर्वा' एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में सीमित थी, किल भी ज्यादातर एक ट्रेन की कहानी है.

A. कह सकते हैं कि फिल्म 'किल' की कहानी एक चलती ट्रेन पर घटती कहानी है तो 'अपूर्वा' की कहानी भागती जिंदगी के बीच हुए एक हादसे की कहानी है. इन दोनों फिल्मों के बीच बस यही समानता है. वैसे दोनों फिल्मों का इतिहास, भूगोल, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र सब अलग है.

Q. 'अपूर्वा' देखकर क्या आपने कभी अनुभव किया कि यह फिल्म और बेहतर हो सकती थी?

A. देखिए कोई फिल्म बनाएं या कोई किताब लिखे या फिर कोई पेंटिंग आदि तैयार करें, कभी कोई सृजन करने के बाद यह नहीं कह सकता कि यह सौ प्रतिशत मुक्कमल है, सम्पूर्ण है. मेरी फिल्म में भी एक दो खामियां हैं, जो मैंने महसूस की, कुछ लोगों ने भी मेरी कमियों की ओर संकेत किया. इन कमियों को मैंने समझा, गुना है. अब मेरी कोशिश रहेगी कि इन कमियों को मैं अपनी अगली फिल्म में दूर करूं और दर्शकों की अपेक्षाओं पर अधिक खरा उतर सकूं.

Q. फिल्म 'किल' में हिंसा की भरमार है, फिर भी दर्शकों का शुरुआती रुझान इस फिल्म को लेकर बहुत बेहतर है. क्या भारतीय दर्शकों को भी हिंसक एक्शन फिल्में पसंद आने लगी हैं?

A. हिंसा, क्रोध कोई नया चलन तो है नहीं. बच्चे

वीडियो गेम खेलकर अपने दिल की भड़ास निकालते हैं. बड़े यही काम सिनेमाहॉल में दूसरे तमाम दर्शकों के साथ करते हैं. हमारी भावनाएं यदि फिल्म देख कर निकल रही, तो इससे अच्छा और क्या है. अगर 'किल' या 'एनिमल' जैसी फिल्में इंसान के गुस्से को सिनेमाहॉल में निकाल देने में मदद कर रही हैं तो ऐसे लोग बाहर आकर बहुत सरलता से अपनी आगे की जिंदगी में बढ़ सकते हैं.

Q. फिल्म रांची से शुरू होती है, आप कहां के हैं?

A. मैं कुल से कोंकणस्थ ब्राह्मण हूं, हालांकि मेरा पालन पोषण बिहार में हुआ. सिंधिया राजघराने की मदद के लिए मराठों का जाना तो आपको याद ही होगा. वहां महाराष्ट्र से लड़ने गए तमाम मराठा परिवार फिर वहीं उत्तर भारत में ही बस गए. हमारा परिवार बिहारशरीफ में बसा. दादा मेरे वहां के नामी वकील रहे. पिताजी ने भी वकालत की. एक चाचा हमारे जज बने.

Q. बड़ा भाई भी शायद वकील है, फिर वकीलों के परिवार में ये फिल्ममेकर कैसे..?

A. कोशिश तो मैंने भी की थी वकील बनने की. उससे पहले घरवालों के दबाव में डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल प्रवेश परीक्षाएं भी दी. नहीं सफल हुआ तो कॉमर्स से बीकॉम किया. एलएलबी भी दो साल पढ़ा. लेकिन फिल्म में दिल लगा ही नहीं. तब मॉस कॉम में दाखिला ले लिया. नोएडा में जी न्यूज की इंटर्नशिप की. लेकिन जब मैं मुंबई आया और एमटीवी से जुड़ा तो मुझे समझ आया कि मुझे जाना कहां है.

Q. करियर की शुरुआत अनुराग कश्यप की फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' से हुई है?

A. जी नहीं. उन दिनों मैं मिडडे में काम करता था और वहीं मुझे अंडरवर्ल्ड पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाने का मौका मिला. उसमें एक हिस्सा बबलू श्रीवास्तव के ऊपर भी था. हिंदी मेरी अच्छी थी तो मैंने इसकी पटकथा लिखी थी. फिर निर्देशन का आग्रह मिला. जहां तक फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' की बात है तो इसके निर्माता ही मेरे मिडडे में बॉस थे. जब तक मैं इस फिल्म से जुड़ा, तब तक ये फिल्म बन चुकी थी. मैंने और मेरे मित्र देबोलय ने तो बस इस फिल्म के ट्रेलर काटे थे और इसकी पैकेजिंग में थोड़ी-बहुत मदद की थी.

फिल्म समीक्षा : किल

जिंदगी से छूटती है जब रांची की प्रेमिका तो सफर में... दिखती है बस मार-काट

कमजोर दिल वाले इस फिल्म को नहीं देखें, अब तक की सबसे अधिक हिंसा वाली फिल्म... प्रमोशन के दौरान जिस फिल्म के बारे में कुछ ऐसे ही प्रचार प्रसार किए गए, वह फिल्म अब दर्शकों के सामने है और उसके दावे भी सच नजर आ रहे. फिल्म का अधिकांश हिस्सा मार-काट दिखाता है. कहानी पर अधिक और स्टार पर कम फोकस्ड है. फिल्म के पहले दस मिनट, जहां हीरो अपनी गर्लफ्रेंड की सगाई में पहुंच जाता है, उसके बाद आने वाले खूनी सीनों से इतने अलग हैं कि यह विश्वास करना मुश्किल होगा कि वे उसी फिल्म का हिस्सा हैं. फिल्म में केवल एक गाना है, जो अंत में दिखाई देता है. हिंसा की भरमार है और ज्यादातर ऐसी कि आप नजर फेर लें. 1 घंटे 55 मिनट की इस फिल्म में दर्शकों को नाम के अनुसार सिर्फ किल और किल ही परोसा जाता है. एक दृश्य में डकैतों के सरगना का बेटा फणी अमृत से पूछ बैठता है कि ऐसे कोई मारता है क्या बे? एक्शन फिल्म के शौकीन हैं तो आपके लिए इसे देखना रोमांचक हो सकता है.

मूवी रिव्यू

नाम : किल
रेटिंग : 3
कलाकार : लक्ष्य लालवानी, राघव जुयाल, तान्या मानिकताला, अभिषेक चौहान, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया , अद्रिजा सिन्हा
निर्देशक : निखिल नागेश भट्ट
निर्माता : करण जौहर, गुनीत मोंगा
लेखक : निखिल नागेश भट्ट
कहां देखें : सिनेमाहॉल

▪ **रांची से खुलने वाली ट्रेन से शुरू होती कहानी**

एनएसजी कमांडो अमृत (लक्ष्य) को रांची में रहने वाली अपनी प्रेमिका तूलिका (तान्या मानिकतला) की सगाई की सूचना मिलती है और पता चलता है कि सगाई के बाद तूलिका दिल्ली पहुंचेगी. वह अमृत को दिल्ली बुलाती है, लेकिन तूलिका को भगाने के इरादे से अमृत अपने दोस्त विरेश (अभिषेक चौहान) के साथ रांची पहुंच जाता है. लेकिन तूलिका उसके साथ भागने से इंकार कर देती है. अगले दिन तूलिका अपने पिता बलदेव सिंह ठाकुर (हर्ष छाया), बहन आहना (अद्रिजा सिन्हा) और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली के लिए ट्रेन से यात्रा पर निकलती है. इसी ट्रेन के दूसरे कोच में अमृत और उसका दोस्त होता है. अगले स्टेशन पर करीब चार दर्जन बदमाश ट्रेन में डकैती के इरादे से चढ़ जाते हैं. वे जैमर से मोबाइल नेटवर्क बंद कर देते हैं. देखते ही देखते ट्रेन में हर तरफ खून और मासूम लोगों की लाशें नजर आती हैं. इसके विरोध में उतरते हैं अमृत और वीरेश. वे डकैतों को मारते हैं, लेकिन जान से नहीं. मारकाट के ये दृश्य भरपूर हैं लेकिन आश्चर्य होगा कि वे कहीं से भी ओवर नहीं लगते.

▪ **एक्टिंग और परफॉर्मेंस**

कमांडो अमृत के किरदार में लक्ष्य बेहद फिट नजर आते हैं. इमोशंस से एक्शन तक हर दृश्य में गहरे तक उतर कर किरदार से न्याय करते दिखते हैं. फानी के रूप में राघव जुयाल दर्शकों को बांधे रखते हैं. तान्या मानिकतला, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया, अभिषेक चौहान, और अन्य एक्टर्स अपनी अदाकारी से कहानी को बढ़ाते हैं. फिल्म की रफ्तार, इसके एक्शन और इसका प्रेजंटेशन, सब दर्शकों को बांधे रखता है. एक्शन कोरियोग्राफी क्रूर और बैलेस्टिक है, जिसमें जॉन विक से लेकर द रेड: रिडेम्पशन तक का प्रभाव है. अमृत ट्रेन के तंग डिब्बों और संकरे स्पेस में जो एक्शन दृश्य करते हैं, वह देख कुछ पल को सांसे थमी रह सकती है. स्टंट का काम प्रभावशाली है, जिसमें एक्टर कुछ ऐसे सीन करते दिखाई दे रहे हैं, जिसे देखकर लगता है कि शरीर से हड्डियां बाहर आ जाएंगी. बेशक कुछ दृश्य ऐसे हैं जो कमजोर दिल वालों के देखना मुश्किल है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों से ऑनलाइन-ऑफलाइन बात की

टीम ओलंपिक को पीएम मोदी ने दिया विजय मंत्र

पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से की अपील

भाषा। नयी दिल्ली

पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोये बगैर अपना फोकस बनाये रखना है. प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा, मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नयी चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं. सरकार के नाते व्यवस्था में कुछ बदलाव लाने हैं तो काम करता रहूं. मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है. उन्होंने कहा कि ओलंपिक की चकाचौंध में खोना नहीं है क्योंकि इससे फोकस हटता है और ना ही विरोधी को देखकर विचलित होना है. यह कद काठी का खेल नहीं है बल्कि कौशल का खेल है. विरोधी खिलाड़ी की कद काठी से विचलित हुए बिना अपनी प्रतिभा पर फोकस रखें और वही परिणाम दिलायेगा. बहुत से लोग सब कुछ जानते हुए भी परीक्षा में गड़बड़ कर देते हैं और उसका मूल कारण है कि परीक्षा पर ध्यान कम होता है और वह अच्छे अंक लाने के दबाव में रहते है. आप जीत हार की चिंता मत कीजिए, पदक आते हैं और नहीं भी आते. इसका दबाव मत लीजिए लेकिन अपना शत प्रतिशत दीजिए. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारतीय खिलाड़ी पेरिस में पुराने तमाम रिकॉर्ड तोड़कर देश के लिए गौरव लेकर आयेंगे. आप अपनी तपस्या से इस स्थान तक पहुंचे हैं. अब देश को खेल के मैदान पर कुछ देने का मौका है. खेल के मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाला देश के लिए गौरव लेकर आता है. मुझे विश्वास है कि इस बार पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर हमारे खिलाड़ी आयेंगे. उन्होंने कहा कि वह ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों के स्वागत का इंतजार करेंगे. मैं आपका फिर से इंतजार करूंगा, जब आप 11 अगस्त को ओलंपिक खत्म होने के बाद लौटेंगे. मैं कोशिश करूंगा कि 15 अगस्त को लालकिले पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में आप मौजूद रहें ताकि देश आपको देख सके क्योंकि जीत हार तो अलग लेकिन ओलंपिक खेलने जाना ही बहुत बड़ी बात है. उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी नींद का पूरा ध्यान रखने के लिए भी कहा. प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पी आर श्रीजेश , तीरंदाज दीपिका कुमारी, पहलवान अंतिम पंघाल, निशानेबाज मनु भाकर, रमिता जिंदल, चौदह वर्ष की तैराक धिनिधि देसिंघु के अलावा आनलाइन जुड़ने वालों में ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और मुक्केबाज निकहत जरीन समेत लगभग 90 खिलाड़ी शामिल थे. पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएं. भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है.

- चकाचौंध में खोना नहीं, दबाव लिये बिना खेलना है
- यह कद काठी का खेल नहीं है,बल्कि कौशल का खेल है
- जीत- हार की चिंता मत कीजिए, अपना शत-प्रतिशत दीजिए

प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज चोपड़ा से कहा

तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है...

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं. इस पर ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया. प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिये जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और ऑनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नहीं. ऑनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, चूरमा आया नहीं तेरा अभी तक. इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा, सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार. पिछली बार दिल्ली में चीनी वाला चूरमा था लेकिन आपको हरियाणा का देसी घी और गुड़ का चूरमा खिलाएंगे. प्रधानमंत्री ने इस पर कहा, मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है. पिछली बार टोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी. रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने कहा कि यह उनका तीसरा ओलंपिक है और रजत व कांस्य जीतने के बाद अब मकसद पदक का रंग बदलना है. स्विटजरलैंड में अभ्यास कर रही पैदलचाल खिलाड़ी प्रियंका गोस्वामी से प्रधानमंत्री ने पूछा कि इस बार भी बालकृष्ण को लेकर जा रही हो ना. इस पर गोस्वामी ने कहा, जी हां । यह उनका भी दूसरा ओलंपिक है. गोस्वामी ने राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीतने के बाद पदक लेते समय हाथ में लड्डू गोपाल की मूर्ति ले रखी थी और अपना पदक भी उन्हें समर्पित किया था. चौथी बार जा ओलंपिक जा रही तीरंदाज दीपिका कुमारी से उन्होंने पूछा कि पहली बार ओलंपिक खेलने वालों को क्या संदेश देंगी.

2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

नयी दिल्ली। ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिये पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया. प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और ऑनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी. प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें. इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं. बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं. मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा. आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें. खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा. आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी. प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया. बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी मौजूद थे. भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार-बार जताई है जिसे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है. भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं. ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा.

एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय सिंह

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की. अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2 . 0 से हराया. वहीं अभय और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल में फिलीपीन के वोन्ने डालिडा व बेगोर्निया को हराया.

प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोक दिया

बुकारेस्ट (रोमानिया)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की. चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही. कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है.

महाराष्ट्र सरकार ने टीम इंडिया को किया सम्मानित

भाषा। मुंबई

भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुआई में टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद शुक्रवार को कप्तान रोहित शर्मा को महाराष्ट्र सरकार ने सम्मानित किया. महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल को मिलने के लिए बुलाया और उन्हें सम्मानित किया। सीएम शिंदे न रोहित शर्मा को शॉल और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की. रोहित शर्मा ने महाराष्ट्र विधान सभा में नेता पक्ष और विपक्ष को संबोधित किया और सीएम शिंदे का आभार व्यक्त किया. रोहित शर्मा ने इस दौरान कहा कि सूर्यकुमार यादव ने बताया कि गेंद उसके हाथ में फंस गई थी, भगवान का शुक्र है कि ऐसा हुआ, वरना मैं उसे पकड़ लेता. वहीं महाराष्ट्र सरकार ने टीम इंडिया की जीत के लिए 11 करोड़ रुपये इनाम के रूप में देने का ऐलान किया.

महाराष्ट्र पुलिस को धन्यवाद दिया : भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के भव्य स्वागत और खेल प्रशंसकों को संभालने के लिए इतनी अधिक संख्या में पुलिस की मौजूदगी से अभिभूत होकर शुक्रवार को यहां टी 20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की विक्ट्री परेड के दौरान अभूतपूर्व काम करने के लिए मुंबई पुलिस को धन्यवाद दिया. मुंबई पुलिस ने खिलाड़ियों के स्वागत के लिए उमड़े जनसैलाब को व्यवस्थित ढंग से संभाला.

राजावत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में

कैलगरी (कनाडा)। भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया. अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा. महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई.उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया. अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा. अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई. पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के साई प्रतीक को भी पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विका गाड्डे की जोड़ी हार गई.

आज से विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना पांच मैचों की टी20 शृंखला खेलेगी टीम इंडिया

जिंबाब्वे में नई शुरुआत करेगी भारत की युवा टीम

भाषा। हरारे

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिंबाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 शृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नये दौर का सूत्रपात भी होगा. भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी. आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस शृंखला के जरिये पदार्पण करेंगे. पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय शृंखलाओं से बाहर रहे हैं. अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी. इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है. जिंबाब्वे मजबूत टीम नहीं है, लेकिन टी20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है. आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं. शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे. भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है. अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी. कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं. अभिषेक पारी की शुरुआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं. पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं. लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है. टी20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं.

टीमें इस प्रकार हैं

भारत (पहले दो मैचों के लिए) : शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा.

जिंबाब्वे : सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा.

मैच का समय : शाम 4. 30 से.

कोपा कप — अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराया

अर्जेंटीना की टीम लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में

एजेंसी। न्यू जर्सी

कोपा अमेरिका कप में अर्जेंटीना की टीम ने लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है. क्वार्टर फाइनल मैच में अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराया. अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेजुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा, जो नौ जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा.

एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था. अर्जेंटीना के लिए पहला अच्छा मौका एंज़ो फर्नांडीज के माध्यम से आया. एक हेडर और एक पलटवार के बाद एक कॉर्नर मिला. मेसी के कार्नर से, मैक एलिस्टर के बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज का दूसरा हेडर, अलेक्जेंडर डोमिंगुएज़ ने बचा लिया लेकिन गेंद पहले ही गोल रेखा पार कर चुकी थी.पहले हाफ के अंतिम मिनटों में, निकोलस गोंजालेज के एक प्रयास ने एल्बीसेलेस्टे को दूसरे गोल का मौका दिया, लेकिन इक्वाडोर की रक्षा फिर से संगठित होने और खतरे को बेअसर करने में कामयाब रही. स्कालोनी की टीम मध्यांतर के बाद 1-0 की बढ़त के साथ उतरी. दूसरे हाफ की शुरुआत धीमी गति से हुई लेकिन मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा. 55वें मिनट में डिबू मार्टिनेज की लंबी गेंद के बाद लुटारो मार्टिनेज ने मौका बनाया. टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर ने इसे अपनी छाती से नियंत्रित किया, मुड़े और डोमिंगुएज़ के गोल के ठीक सामने बाएं पैर से शॉट लगाने से चूक गया.

इक्वाडोर ने अपने खेल से अर्जेंटीना को परेशान कर दिया और रोड्रिगो डी पॉल के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी अर्जित की, लेकिन एनर वालेंसिया का शॉट पोस्ट से टकरा गया, जिससे अर्जेंटीना ने जश्न मनाया. फेलिक्स सांचेज़ की टीम आगे बढ़ी लेकिन स्टॉपेज टाइम तक स्पष्ट मौके बनाने में विफल रही जब येबोआ के क्रॉस पर केविन रोड्रिग्ज के हेडर ने मैच 1-1 से बराबर कर दिया, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका में इस तरह अपना पहला गोल खाया. पेनल्टी शूटआउट में, मेसी ने क्रॉसबार को हिट किया, लेकिन डिबू मार्टिनेज ने मेना और मिंडा के शॉट बचा लिए. जूलियन अल्वारेज़ ने गोल करके अर्जेंटीना का आगे बढ़ना सुनिश्चित किया.

क्रिकेट की जीत पर गर्व

अब हमारी बारी : हरमनप्रीत

भाषा। बेंगलुरू

टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता. चैंपियन टीम का स्वदेश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया.

इस महीने के आखिर में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा, एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है. पूरा देश आपके साथ झूम रहा है. इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है. बतौर कप्तान पहला लेकिन करियर का तीसरा ओलंपिक खेलने जा रहे 28 वर्ष के इस ड्रैग फ्लिकर ने कहा, हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें. देश के साथ इन पलों को हम भी जियें. मेरे लिये इससे बड़ी गर्व की बात नहीं होगी.

उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप जीता जो बहुत बड़ी बात है. रोहित का भी काफी लंबा सफर रहा है और उन्होंने कई उतार चढ़ाव देखे हैं. पूरे देश को और हमें भी उन पर गर्व है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष चंद्रमा अस्त है, ज्यादा मेहनत और लाभ कम होगा, पर मेहनत तो करनी ही होगी. धन का आगमन सामान्य होगा. साथ ही यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद-विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें.

वृषभ राहु चंद्रमा का योग शैय्या सुख बाधित करता है. साथ ही खर्च में वृद्धि होगी. विरोधी हार मानेंगे. पर बहुत जल्दी आय के द्वार भी खुल रहे हैं. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. निवेशादि लाभ देंगे.

मिथुन आय के लिए दिन ठीक है, पर जल्द बाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे. सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. धन लाभ होगा. कुछ धर्म और सत्कर्म भी किया विवाद से बचें.

कर्क समय बहुत ही उत्तम है. अधिक धन भी उन्माद का कारण बनता है. इस बात का ध्यान रखें. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. पराक्रम से वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

सिंह अभी कर्म और भाग्य में भाग्य प्रबल है. तो इसका लाभ लेने से नहीं चुकें. क्योंकि भाग्य के बल से कार्य होगा. कोशिश करने से कार्य बनेंगे. परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

कन्या समय को बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है. थोड़ी दिक्क्त है, पर थोड़े समय के लिए. कोई कार्य करने या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम में वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार की प्राप्ति हो सकती है. की गयी छोटी यात्रा शुभ रहेगी.

तुला व्यापार में खुलकर सामने आने का समय है. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार का सुख सहयोग मिलेगा. निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार की प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. कार्य होगा, पर दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

वृश्चिक समय सामान्य है. नेत्र रोग से बचें. खान पान पर विशेष ध्यान रखें. रोग शत्रु से बचें. अचानक कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. यदि कोई छोटी यात्रा हो तो यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा.

धनु क्रोध से बचें. खास कर बच्चों से विशेष प्रेम करें. शिक्षा में सुधार होगा, पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है. इसका लाभ आगे मिलेगा.

मकर रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा. पर इसके लिए विशेष प्रयास करना होगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा.कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. पराक्रम सिद्ध करने का समय है.

कुंभ आसपास के लोगों से विवाद भी होगा. कार्य करें, पर सजग रहें. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. आपके कार्य और प्रभाव से रुके हुए काम बन सकते है.

मीन भाई का सहयोग मिलेगा. धर्म मे ब्यय होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देंगे. कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें. कुछ हानि हो सकती है. मंदिर में दूध का दान करें.

विमुक्त हुए सभी सांसद प्रतिनिधि

रांची। 17वीं लोकसभा के दौरान सांसद संजय सेठ ने रांची जिला के रांची, हटिया, कांके, सिल्ली, ईचागढ़ व खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए वर्ष 2019- 24 के लिए मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस मनोनय को शुक्रवार को भंग कर दिया गया है. इसलिए आज से सभी मनोनीत सांसद प्रतिनिधि पद से विमुक्त माना जाएगा. इसकी सूचना रांची और सरायकेला के उपायुक्त को पत्र के माध्यम से दे दी गई है. मंत्री संजय सेठ ने सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि 5 साल सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में मेरे प्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया. इन सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद.

एक इंजीनियर का तबादला, एक को प्रमोशन

रांची। ऊर्जा विभाग में एक इंजीनियर का तबादला और एक इंजीनियर को प्रमोशन दिया गया है. इसको लेकर ऊर्जा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. विद्युत कार्यपालक अभियंता, (मूल कोटी कार्यपालक अभियंता) वर्तमान में पदास्थापन सहायक विद्युत अभियंता विद्युत कार्य अवर प्रमंडल धुर्वा और अतिरिक्त प्रभार विद्युत निरीक्षक रांची को कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल रांची में पदस्थापित किया गया है. जबकि प्रफुल्ल कुमार गुप्ता सहायक विद्युत अभियंता विद्युत कार्य अवर प्रमंडल धनबाद को कार्यपालक अभियंता के पद पर प्रमोशन करते हुए विद्युत निरीक्षक, रांची निरीक्षणालय में पदास्थापित किया गया है.

डीसी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को आत्मा शासकीय निकाय और जिला स्तरीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में आत्मा और खाद्य और पोषण सुरक्षा योजना के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा की गई. इस दौरान आत्मा द्वारा कराये गये कार्यों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया. इस दौरान उपायुक्त ने केवीके के वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसानों से खेती में उत्पादन एवं रबी फसलों के अच्छादन संबंधी सलाह मांगी.

12 राज्यों में प्रभारी और सह प्रभारियों की हुई नियुक्ति

लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए झारखंड भाजपा के प्रभारी

विशेष संवाददाता। रांची

लक्ष्मीकांत वाजपेयी को फिर से भाजपा का झारखंड प्रभारी बनाया गया है. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड सहित विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी है.

झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रभारी और सह प्रभारी हो चुके हैं नियुक्त :

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा जुट गयी है. लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड प्रभारी नियुक्त करने से पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया, वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है. वे लगातार झारखंड का दौरा भी कर रहे हैं. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को रामगढ दौरे पर हैं. रामगढ़ में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिया.

लक्ष्मीकांत वाजपेयी : संक्षिप्त परिचय

20 जुलाई 1951 को मेरठ में जन्मे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को भाजपा ने एक बार फिर से झारखंड का प्रभारी बनाया है. 1977 में भाजपा के युवा मोर्चा के युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया था. 1980 से 1987 तक वे मेरठ जिला भाजपा के महासचिव पद पर रहे. 1984 से 1986 तक यूपी में भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर रहे. वे मेरठ से चार बार विधायक रह चुके हैं. 2012 से 2014 तक वे यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं.

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश बिहार भाजपा के सह प्रभारी बने

पार्टी ने बिहार में विनोद तावड़े को प्रदेश प्रभारी बनाया है. वहीं दीपक प्रकाश को सह प्रभारी बनाया गया है. पंजाब में पार्टी ने विजयभाई रूपानी को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है. जबकि डॉ. नरिंदर सिंह को सह प्रभारी बनाया है. डॉ. सतीश पुनिया को हरियाणा का प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह नागर को बनाया है. वहीं पार्टी ने प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी नियुक्त किया है जबकि अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी नियुक्त किया है.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे रामगढ़

झारखंड को लूटने के लिए सत्ता का भूखा है शिबू सोरेन परिवार: चौहान

संवाददाता। रामगढ़

केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे. इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी कार्यलाय परिसर में पौधरोपण भी किया. केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर भाजपाइयों में खासा उत्साह नजर आया. इसके बाद रामगढ़ जिला कार्यालय में बैठक कर विधानसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा की. बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह आपने संबोधन में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि झारखंड की इस पवित्र धरा पर आने का अवसर मिला. आज मैं रामगढ़ में हूं, मां छिन्नमस्तिका के चरणों में प्रणाम करता हूं. जो हालात मैंने यहां देखें हैं, जो कार्यकर्ताओं ने मुझे बताया है, पूरा झारखंड बेहाल है. ऐसी लूट, बालू की लूट, खनिज की लूट, संसाधनों की लूट, सरकारी योजनाओं में लूट, जिसे देखकर मन तकलीफ से भर जाता है. ये गठबंधन की सरकार झारखंड को तबाह और बर्बाद कर रही है.

सिंह ने कहा ये ऐसी सरकार है जिसने एक भी वादा नहीं निभाया. बेरोजगारों को नौकरी का आता-पता नहीं, पेपर लीक में उनका भविष्य तबाह कर दिया है. बेरोजगारी भत्ता दिया नहीं, लोगों को 6 महीने से पेंशन नहीं मिली. योजनाओं की घोषणा होती है लेकिन लाभ नहीं. किसान परेशान है, उसे बिजली नहीं मिल रही, मुश्किल से 6- 7 घंटे बिजली आती है और जैसी घुसपैठ झारखंड की पवित्र धरती पर हो रही है उसके कारण झारखंड का भविष्य इस सरकार ने अंधकारमय कर दिया है. इसलिए भारतीय जनता पार्टी इस कुशासन का अंत करेगी और सुशासन फिर से झारखंड में स्थापित करेगी. इसके लिए कार्यकर्ता ही मेहनत करता है. यह भारतीय जनता पार्टी नेताओं की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है.

पौधरोपण कर पानी डालते चौहान.

- रामगढ़ जिला भाजपा की विशेष बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह हुए शामिल
- बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव तैयारी की समीक्षा
- कार्यकर्ता ही पार्टी के प्राण हैं और मैं इनकी हर हाल में रक्षा करूंगा : शिवराज सिंह चौहान

चंपाई सोरेन का आखिर क्या दोष

कृषि मंत्री ने कहा कि चंपाई सोरेन जी का दोष क्या था, कोई यह तो बता दे. उनको पहले सीएम बनाया गया, फिर ऐसे हटा दिया गया उस आदिवासी नेता को. अरे जिसको आपने बनाया उसे कुछ दिन सहन कर लेते, लेकिन सत्ता की भूख ऐसी है कि एक परिवार के अलावा कोई दूसरा ना आ जाए. यह चंपाई जी का अपमान है.

2024 का विधानसभा चुनाव नहीं जीते तो झारखंड भी बंगाल बन जाएगा : मनीष जायसवाल

रामगढ़ जिला कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता व स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत शामिल हुए. कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री रंजन फौजी व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री खिरोधर साहू ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल ने अपनी जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया और बताया की देश के चुनिंदे नेताओं में शुमार शिवराज सिंह चौहान का चुनाव प्रभारी बनकर हमारे बीच आना ही हमारी उपलब्धि है. साथ ही लोकसभा चुनाव की तरह हीं विधानसभा चुनाव को भी हमें एक चैलेंज के रूप के लेना है और मामा के अनुभवों से हम प्रेरणा लेते हुए झारखंड विधानसभा में भी जीत का परचम लहराएंगे. उन्होंने बंगाल में उत्पन्न परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा की अगर आगामी विधानसभा में झारखंड में भाजपा की सरकार नही बनती है तो झारखंड को भी बंगाल बनने से कोई रोक नहीं सकता .बैठक में मुख्य रूप से जिला के नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रामगढ़ विधानसभा में पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अमरेंद्र गुप्ता, चंदशेखर चौधरी, डॉ. संजय कुमार सिंह, इलारानी पाठक, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, सरिता ठाकुर, आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, अखिलेश प्रसाद, राजू कुशवाहा सहित मंडलों के महामंत्री व प्रमुख कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की उपस्थिति रही.

चालक को बाहर निकालते स्थानीय लोग.

ट्रेलर के धक्के से ऑटो चालक की हुई मौत, ट्रेलर चालक घायल हुआ

संवाददाता। रामगढ़

रांची-पटना मुख्यमार्ग पर चुटूपालू घाटी में शुक्रवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ऑटो को ठोकते हुए खाई में जा गिरा. इस हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रहे स्पंज लदा ट्रेलर का अचानक चुटूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया. ट्रेलर चालक बचते बचाते आगे जा रहे ऑटो को टक्कर मारते हुए मायाटुंगरी के पास खाई में जा गिरा. घटना के बाद ऑटो सड़क के बीचों बीच पलट गया. मृतक की पहचान रांची के कुम्हार टोला चुना भट्ठा निवासी 44 वर्षीय राजेश कुमार वर्णवाल पिता गिन्निलाल वर्णवाल के रूप में कई गई.

घटना के बाद ट्रेलर चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया. घटना की सूचना पाकर करीब एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और क्रेन की सहायता से घंटों मशक्कत के बाद उसे निकाला. घायल ड्राइवर का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति ठीक बताई जा रही है.

भाजपा छह जुलाई को चलाएगी स्वच्छता अभियान

तालाबों की करेगी सफाई

संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून से छह जुलाई जयंती तक एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं जल स्रोत सफाई अभियान चलाया जा रहा है. अब तक प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों की संख्या में फलदार एवं उपयोगी छायादार वृक्ष लगाए गए हैं. इसी क्रम में पार्टी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. अरगोड़ा तालाब के सफाई कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, राकेश भास्कर, सूरज चौरसिया, अरुण झा, शोभा यादव, उमेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे. बड़ा तालाब रांची के सफाई कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह, महामंत्री मनोज सिंह, शिवपूजन पाठक शामिल होंगे. टाटी सिल्वे स्थित बड़ा तालाब की सफाई में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद प्रदीप वर्मा सुरेंद्र महतो, खिजरी में आरती कुजूर, नगड़ी में शशांक राज शामिल होंगे.

शिवराज सिंह चौहान से मिले जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो

संवाददाता। रांची

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने भारत सरकार के कृषि मंत्री और प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को मुलाकात की. उनके साथ पार्टी के प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, उपेंद्र सिंह और प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने भी उनसे मुलाकात की. खीरू महतो और शिवराज सिंह के बीच आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में एनडीए घटक दलों के साथ बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई. महतो ने शिवराज सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया.

पेज एक का शेष

शायद हेमंत मुजरिम नहीं...

और जो केस हेमंत सोरेन के खिलाफ बनाया गया, उसमें जज ने साफ तौर पर कह दिया है कि जो ब्रॉड पॉसिबिलिटी है, वह यह कि शायद हेमंत सोरेन इस केस में गिल्टी (दोषी) नहीं हैं. इसका जो पॉलिटकल मीनिंग होगा, वो मुझे नहीं मालूम. देश की राजनीति और राज्य की राजनीति पर क्या असर होगा, वह मुझे नहीं मालूम. लेकिन कई महीनों से एक मुख्यमंत्री, जिसने गिरफ्तारी से पहले त्यागपत्र दे दिया, वह जेल में रहा. उसको तो चुनावों में प्रचार करने की भी अनुमति नहीं मिली. इस तरह हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को एक बहुत बड़ा सर्टिफिकेट दिया है कि वह इस केस में शायद मुजरिम नहीं है. और बेल के दौरान वह इस तरह का कोई अपराध नहीं करेगा.

(नोटः यह लेख फैजान मुस्तफा की लीगल एवयरनेस वेब सीरिज की मदद से तैयार किया गया है. फैजान मुस्तफा, एक कानूनी विद्वान हैं और वह नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद के पूर्व कुलपति हैं.)

दीवार तोड़ कर 260 पेटी शराब की चोरी

लातेहार। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र मे संचालित अंग्रेजी शराब दुकान मे बीती रात अज्ञात चोरो ने दुकान के पीछे हिस्से वाले शटर और दिवाल तोड कर 260 पेटी शराब की चोरी कर ली. जिसमे अंग्रेजी शराब के अलावा बीयर भी शामिल है. उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने बताया कि बीती रात दुकान का प्रभारी कन्हाई प्रसाद निर्धारित समय कू बाद दुकान बंद कर घर चला गया. शुक्रवार की सुबह दस बजे जब वह दुकान खोला. सामने मे लगा शटर सही सलामत थी. दुकान मे प्रवेश किया तो देखा की दुकान के पिछले हिस्से का दिवाल टूटा हुआ था. अंग्रेजी शराब के दुकान के पीछे देशी शराब की दुकान चलती है. उन्होंने आगे बताया कि चोरो ने पहले देशी शराब के दुकान का शटर तोड़ा उसके बाद उससे सटे अंग्रेजी शराब दुकान के दिवाल को तोड कर शराब की पेटी की चोरी कर ली. उन्होने बताया कि चोरो ने शराब की पेटी को वाहनो मे लाद कर ले गये.

इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल का प्रस्ताव दोबारा नहीं लाने की मांग

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

विशेष संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन (एआईपीइएफ) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिला. इन्होंने एक ज्ञापन ऊर्जा मंत्री को सौंपा. फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल संजय सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मांग की कि बिजली उपभोक्ताओं के हित को देखते हुए अब इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल का प्रस्ताव दोबारा नहीं लाया जाए. साथ ही कोयले के लगातार बढ़ रहे उत्पादन को हुए राज्यों के बिजली उत्पादन घरों को अनिवार्य रूप से कोयला आयात करने का निर्देश वापस लिया जाए. सिंह ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से कहा गया है कि विगत कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के जरिये इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में संशोधन करने का प्रयास किया गया. इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल का मुख्य उद्देश्य यह था कि विद्युत वितरण के क्षेत्र में निजी घरानों को लाइसेंस दिया जाये और उन्हें सरकारी क्षेत्र की विद्युत वितरण कंपनियों के नेटवर्क के इस्तेमाल की इजाजत दी जाए. ज्ञापन में कहा गया है कि अर्बन वितरण फ्रेंचाइजी का प्रयोग महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और कुछ राज्यों में किया गया लेकिन यह प्रयोग विफल रहा. साथ ही अधिकतर अर्बन वितरण फ्रेंचाइजी के करार निरस्त किए जा चुके हैं. फेडरेशन ने कहा कि उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिले, इसके राज्यों की जेनरेशन कंपनियों को और सशक्त करना होगा. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दूबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, मुख्य संरक्षक पदमजीत सिंह, अजयपाल सिंह, प्रशांत चतुर्वेदी और एके जैन शामिल थे.

एआईपीइएफ के प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर.

अव्यवस्था के कारण बैठक का बहिष्कार

पलामू। मोहर्रम को लेकर मेदिनीनगर शहर थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई. व्यवस्थित तरीके से बैठक का आयोजन नहीं होने और मौके पर बड़े अधिकारियों और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी की गैर मौजूदगी रहने के कारण बैठक का बहिष्कार किया गया. शुक्रवार की शाम पांच बजे से शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई थी. बैठक के लिए थाना परिसर में पंडाल लगाया गया था, लेकिन दोपहर के समय बारिश होने के कारण पंडाल की व्यवस्था गड़बड़ा गई थी. टेबल क्लॉथ भींग गए थे. कोई साउंड सिस्टम नहीं लगा हुआ था. पंखा की भी व्यवस्था नहीं थी. निर्धारित समय पर हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे,

प्रतियोगिता

मुरहू में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

हॉकी का हब बनेगा खूंटी, खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा

संवाददाता। खूंटी

मुरहू प्रखंड की रूमुतकेल पंचायत के सोकोय खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया. समापन समारोह में स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. सांसद के सोकोय पहुंचते ही उनका पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया गया. खेल के पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल के प्रति उनका उत्साहवर्धन किया. प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि खेल हमें जीने के तरीके सिखाता है. इसके नियमों को अपने जीवन मे भी उतारना चाहिए. जिस तरह खिलाड़ी मैदान में अंतिम क्षण तक हार नहीं मानते, जीतने के लिए संघर्ष करते हैं, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में भी जीत के लिए अंतिम समय तक संघर्ष करते रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है. प्रतियोगिता की भावन जागृत होती है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे भी खेल संसाधनों की कमी के बावजूद खिलाड़ी जिस तरह खेल दिखाते है काबिले तारीफ है. शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य के लिए तन और मन को सौंदर्यता का बोध कराने की एक मजबूत कड़ी हैं. खेल को खेल भावना और अनुशासित होकर खेलना चाहिए. उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल को हमेशा अनुशासन में रहकर खेलें. खेल में जीत या हार महत्वपूर्ण नही होता, खेल को खेल के भावना से खेलना महत्वपूर्ण होता है. सांसद ने कहा कि खूंटी के खिलाड़ियों में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है. युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए में हर संभव प्रयास किया जाएगा. उन्होंने कहा, खेल को बढ़ावा देने के लिये सांसद निधि से कार्य करूंगा और खिलाड़ियों को मजबूत करूंगा.

विजयी टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा.

ब्रीफ खबरें

पॉप गायक जस्टिन बीबर भारत पहुंचे

मुंबई। 'बेबी', 'सॉरी', 'लव योरसेल्फ' जैसे गानों के लिए मशहूर अंतरराष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे. बीबर यहां अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के विवाह समारोहों के तहत होने वाले संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे. बीबर इससे पहले 2017 में अपने पहले संगीत कार्यक्रम के लिए भारत आए थे. उन्हें शुक्रवार को स्थानीय पुलिस अधिकारियों और अपनी टीम के साथ मुंबई के कलीना हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया. बीबर ने गुलाबी टी-शर्ट, स्वेटपैंट और लाल टोपी पहनी हुई थी.

अमृतपाल व इंजीनियर रशीद ने ली शपथ

नयी दिल्ली। पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को संसद भवन के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली. इंजीनियर रशीद के नाम से जाने जाने वाले रशीद गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं,जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं.

संजय सिंह संसदीय दल के अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पार्टी के संसदीय दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही उन्हें राज्यसभा में पार्टी का नेता भी चुना गया है. सिंह ने 'एक्स' पर कहा, ''दिल्ली के मुख्यमंत्री आदरणीय अरविंद केजरीवाल ने हमेशा (मुझे) सड़क से सदन तक आवाज़ बुलंद करने का अवसर दिया. पार्टी संसदीय दल के अध्यक्ष की जो ज़िम्मेदारी दी गई है उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा. इसके लिये अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का अत्यंत आभार.'

केजरीवाल की जमानत याचिका पर जवाब तलब

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से शुक्रवार को जवाब मांगा. न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की. केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता के भागने का खतरा नहीं है और न ही वह आतंकवादी हैं.

मोदी व पुतिन के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होगी

नयी दिल्ली। आगामी शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा से पहले विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के एजेंडे में क्षेत्रीय और वैश्विक हित के मुद्दे शामिल होंगे. उन्होंने यह भी कहा कि वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन तीन वर्षों के बाद हो रहा है और "हम इसे बहुत महत्व देते हैं." प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आठ और नौ जुलाई को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे.

आम चुनाव : कीर स्टार्मर को ऐतिहासिक जनादेश, कंजर्वेटिव पार्टी की 250 सीटों पर इतिहास की सबसे बुरी पराजय

ब्रिटेन में 14 साल बाद लेबर पार्टी की सरकार

परिवर्तन अब शुरू हुआ है और यह अच्छा लग रहा है. इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है. हमारा काम इस देश को एक साथ रखने वाले विचारों को नवीनीकृत करने से कम नहीं है यानी राष्ट्रीय नवीनीकरण. आप जो भी हों, जीवन में जहां भी शुरुआत करें, अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, अगर आप नियमों का पालन करते हैं, तो इस देश को आपको आगे बढ़ने का उचित मौका देना चाहिए.' - **नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर**

आज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सत्ता परिवर्तन होगा और यह ऐसी चीज है जिससे हमें अपने देश की स्थिरता और भविष्य के प्रति विश्वास होना चाहिए. इन परिणामों से सीखने और विचार करने के लिए बहुत कुछ है. मुझे माफ कर दीजिए. वह आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की हार की 'जिम्मेदारी' लेते हुए पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे.' - **निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक**

प्रचंड जीत के बाद नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अपनी पत्नी के साथ. **प्रेट्र**

एजेंसी। लंदन

ब्रिटेन में चार जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी की प्रचंड जीत के साथ 14 साल बाद सत्ता में वापसी हुई है. इस पर लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का भी अहसास दिलाता है. निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए स्टार्मर को बधाई दी. सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं. सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा देने के लिए महाराजा चार्ल्स तृतीय से मिलने बकिंघम पैलेस पहुंचे. शुक्रवार को सुबह तक लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 326 सीटों पर जीत हासिल कर ली. स्टार्मर ने जीत के बाद यहां अपने संबोधन में कहा, 'परिवर्तन अब शुरू हुआ है और यह अच्छा लग रहा है. इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है. हमारा काम इस देश को एक साथ रखने वाले विचारों को नवीनीकृत करने से कम नहीं है यानी राष्ट्रीय नवीनीकरण. आप जो भी हों, जीवन में जहां भी शुरुआत करें, अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, अगर आप नियमों का पालन करते हैं, तो इस देश को आपको आगे बढ़ने का उचित मौका देना चाहिए.'

पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस और कई कैबिनेट मंत्री पराजित, ऋषि सुनक ने हार स्वीकार की

किंग चार्ल्स तृतीय से मिलने पहुंचे लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर. **प्रेट्र**

10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर पत्नी के साथ निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक.

लेबर सरकार में एफटीए में कुछ संशोधन संभव

नयी दिल्ली। ब्रिटेन में लेबर पार्टी के सत्ता में आने के साथ ही उसके और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, हालांकि इसमें मामूली बदलाव हो सकते हैं. आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह कहा. चुनाव नतीजों के बाद आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन जाएंगे. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि लेबर पार्टी एफटीए के फायदों को पहचानेगी, क्योंकि इससे उच्च टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए तेजी से बढ़ते और बड़े भारतीय बाजार तक पहुंच मिलती है. जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि लेबर पार्टी इस बात पर गौर करेगी कि भारत के साथ एफटीए ब्रिटेन के निर्यातकों को महत्वपूर्ण बढ़त देता है, जिससे भारत को उनका निर्यात बढ़ेगा. कहा, 'इसके प्रमाण के लिए, ऐतिहासिक उदाहरणों को देखा जा सकता है, जैसे भारत के साथ अपने-अपने एफटीए के बाद आसियान, जापान और दक्षिण कोरिया के निर्यात में लगातार सुधार हुआ.' लेबर पार्टी के सत्ता में आने पर, वह मामूली बदलाव के साथ एफटीए को मंजूरी दे सकती है.

मोदी ने लेबर पार्टी की जीत पर स्टार्मर को बधाई दी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में जीत के लिए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी तथा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास व समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक व रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई. मोदी ने इसके साथ ही निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके 'सक्रिय योगदान' के प्रति आभार जताया. ब्रिटेन में चार जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया है. आधिकारिक परिणामों से स्पष्ट है कि लेबर पार्टी अगली सरकार बनाएगी और स्टार्मर नए प्रधानमंत्री होंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ब्रिटेन के आम चुनावों में उल्लेखनीय जीत पर कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं.

आम चुनाव में कई ब्रिटिश भारतीयों ने छोड़ी छाप

लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर ने होलबोर्न एवं सेंट पैनक्रास सीट से जीत दर्ज की है. सुनक के मंत्रिमंडल में शामिल पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस और कई कैबिनेट मंत्री पराजित हो गए. वहीं, भारतीय मूल की कंजर्वेटिव पार्टी उम्मीदवार शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त की. अपनी सीट फिर से जीतने वाले अन्य प्रमुख ब्रिटिश भारतीय टोरी नेताओं में पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन और प्रीति पटेल शामिल हैं. दूसरी तरफ, लेबर पार्टी की प्रीत कौर गिल और टी. ढेसी सहित कई भारतीय मूल के सांसद फिर से चुने गए, जिनमें से जस अठवाल और कनिष्क नारायण जैसे कुछ नए लोगों ने भी अपनी छाप छोड़ी.

इस बीच, ब्रिटेन में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की, लेकिन वह देश में 14 साल की सरकार के बाद अपनी पार्टी को दोबारा से जीत हासिल कराने में असफल रहे. उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को बृहस्पतिवार के आम चुनाव में 250 सीटों पर इतिहास की सबसे बुरी चुनावी हार का सामना करना पड़ा. सुनक ने कहा, 'लेबर पार्टी ने यह आम चुनाव जीत लिया है और मैंने सर कीर स्टार्मर को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया.' इस दौरान सुनक के साथ उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति भी मौजूद थीं.

उड़ीसा उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यवस्था दी

किराये की कोख के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश का हक

एजेंसी। भुवनेश्वर

उड़ीसा उच्च न्यायालय ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराये की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है. न्यायमूर्ति एस के पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी. याचिकाकर्ता ने 2020 में यह याचिका दायर की थी. जेना किराये की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया. इसलिए उन्होंने सरकार के विरुद्ध उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया. उच्च न्यायालय ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, उसी तरह एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी उसकी (बच्चे की) देखभाल के लिए 180 दिन की छुट्टी मिलती है. उच्च न्यायालय ने कहा कि लेकिन किराये की कोख के माध्यम से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है.

उच्च न्यायालय ने कहा, 'यदि सरकार गोद लेकर मां बनने वाली महिला को मातृत्व अवकाश दे सकती है तो उस माता को मातृत्व अवकाश से वंचित करना सर्वथा अनपयुक्त होगा, जिसे किराये की कोख देने वाली महिला के गर्भ में संतान पाने को इच्छुक दंपति के अंडाणु या शुक्राणु से तैयार भ्रूण के अधिरोपण के बाद इस प्रक्रिया से बच्चा मिला हो.' उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि सभी नयी माताओं के प्रति समान बर्ताव एवं सहायता सुनिश्चित करने के लिए उन (महिला) कर्मियों को भी मातृत्व अवकाश दिया जाए, भले ही वह किसी भी तरह मां क्यों न बनी हों. उच्च न्यायालय ने कहा कि इन माताओं को मातृत्व अवकाश देने से यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास अपने बच्चे के लिए स्थिर एवं प्यार भरा माहौल तैयार करने के लिए जरूरी वक्त होता है तथा जच्चा एवं बच्चा के कल्याण को बढ़ावा मिलता है. उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को इस आदेश की सूचना मिलने के तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्देश दिया.

समलैंगिक विवाह को मान्यता से इनकार के फैसले की समीक्षा पर विचार करेगा न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 10 जुलाई को अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया गया था. न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 10 जुलाई की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी. परंपरा के अनुसार, पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा अपने कक्ष में विचार किया जाता है. प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा होंगे. समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है. इसके साथ ही न्यायालय ने कहा था कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है.

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट से मिले राहुल गांधी

- **सुनीं समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन**

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन चालकों (लोको पायलट) से मुलाकात की. इस दौरान वह करीब 50 लोको पायलट से मिले. राहुल गांधी ने चालकों की समस्याएं सुनी और उन्हें मदद का आश्वासन दिया. चालकों ने राहुल गांधी से पर्याप्त आराम न मिलने की शिकायत की. कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से चालकों की कमी है, जिसकी वजह से रेल हादसे हो रहे हैं. चालकों की बातों को सुन राहुल गांधी ने उनकी बातों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया. इससे पहले गुरुवार को राहुल गांधी दिल्ली के जीटीबी नगर गए थे. उन्होंने वहां पर मजदूरों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी थी. राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे. यहां पर उन्होंने पूरे भारत से आए लगभग 50 लोको पायलटों से मुलाकात की. ट्रेन चालकों ने राहुल गांधी को अपनी समस्याएं बताईं.

भर्ती नहीं होने से लोको पायलट की भारी कमी

चालकों ने राहुल गांधी को बताया कि सरकार द्वारा लोको पायलट की सभी भर्तियों पर रोक लगाने के कारण कर्मचारियों की कमी है. ऐसे में उन्हें आराम नहीं मिल पाता है. बीते 4 साल में रेलवे भर्ती बोर्ड ने हजारों पद खाली होने के बावजूद एक भी लोको पायलट की भर्ती नहीं की. चालकों ने कहा कि यह जानबूझकर किया गया.

कुएं से कथित तौर पर जहरीली गैस रिसने से चार लोगों की हुई मौत

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शुक्रवार को कुएं से कथित तौर पर जहरीली गैस रिसने से पिता और पुत्री समेत चार लोगों की मौत हो गई है. पुलिस ने यह जानकारी दी. इसी तरह की एक अन्य घटना में राज्य के जांजगीर-चांपा जिले में आज पांच लोगों की मौत हो गई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोरबा जिले में कटघोरा थाना क्षेत्र के जुराली गांव में एक कुएं से कथित तौर पर जहरीली गैस का रिसाव होने के कारण जहरू पटेल (60), उनकी पुत्री सपीना पटेल (16), शिवचरण उर्फ कलीराम पटेल (45) और मनबोध पटेल (57) की मौत हो गई है. उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों के मुताबिक आज दोपहर काम करने के दौरान जहरू पटेल अचानक कुएं में गिर गये और यह पता चलने सपीना उन्हें बचाने के लिए कुएं में उतरी लेकिन दोनों ऊपर नहीं आ सके. अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद परिवार के दो अन्य सदस्य शिवचरण और मनबोध पिता-पुत्री को निकालने कुएं में उतरे लेकिन वे भी बाहर नहीं निकल पाये. उन्होंने बताया कि बाद में परिवार के सदस्यों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी तब पुलिस दल मौके पर पहुंचा और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दल को भी वहां भेजा गया.

उपलब्धि रक्षा मंत्री ने कहा-वर्ष 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि

रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा

- वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था : राजनाथ

एजेंसी। नयी दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया तथा यह 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है. वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था. सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार अधिक अनुकूल व्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध है. रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, 'रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन के आधार पर, 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है.'

2023-24 में रक्षा निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़ा

रक्षा मंत्रालय ने कहा, '2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से करीब 79.2 प्रतिशत योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8 प्रतिशत का योगदान निजी क्षेत्र का रहा.' मंत्रालय ने कहा यह उपलब्धि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है. कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया. यह गत वित्त वर्ष में 15,920 करोड़ रुपये था. बयान के अनुसार, (2019-20 से) पिछले पांच वर्षों में रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ रहा है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है.

बयान में कहा गया, 'सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. यह गत वित्त वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है.' सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों तथा रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित भारतीय उद्योग व निजी उद्योग को बधाई दी.

भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में वृद्धि पर शुक्रवार को कहा कि भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार एक सहायक वातावरण तैयार करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इससे सुरक्षा तंत्र को तो मजबूती मिलेगी ही, यह देश को आत्मनिर्भर भी बनाएगा. प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट की उस जानकारी पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही. प्रधानमंत्री ने कहा, 'बहुत उत्साहजनक घटनाक्रम. उन सभी को बधाई जिन्होंने इस उपलब्धि में योगदान दिया है.

मेधा पाटकर को सजा का लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान ने किया विरोध

शुभम संदेश नेटवर्क। दिल्ली

लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान के राष्ट्रीय संयोजक आनंद कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को साकेत कोर्ट के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा दोषी करार देकर 5 महीने के कारावास तथा 10 लाख रुपए की मुआवजा राशि- जुर्माना भरने की सजा का लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान तीव्र विरोध करता है. इस संदर्भ में कई संगठनों और समूहों के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति से सजा रद्द करने हेतु दी गयी सामूहिक अपील के साथ एकजुटता व्यक्त करता है. मेधा पाटकर को यह सजा बीके सक्सेना द्वारा 2001 में दर्ज मानहानि मामले में दी गई है. सक्सेना ने एक फर्जी मेल के आधार पर मेधा पाटकर के खिलाफ यह मामला दर्ज कराया था. वीके सक्सेना आज दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर हैं, लेकिन वे 1990 के दिनों में जेके सीमेंट और अडानी की संयुक्त परियोजना 'धोलेरा प्रोजेक्ट' के अधिकारी थे. उन्हीं दिनों से सक्सेना ने मेधा पाटकर के खिलाफ षडयंत्रपूर्ण मोर्चा बांध रखा है. 'मेधा पाटकर को फांसी दो', 'होलिका में मेधा पाटकर का दहन करो' जैसे वक्तव्य मीडिया में छपवाये. नर्मदा बचाओ आंदोलन को विदेशी पैसों से चलने वाली संस्था बता कर पीआईएल भी दाखिल की थी, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने जुलाई 2007 में प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन घोषित करते हुए खारिज कर दिया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)